CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



बिलासपुर, मंगलवार, 28 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –209 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है भाजपा : ललन सिंह — पृष्ठ 3

■ संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व
■ असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची — पृष्ठ 4

■ बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन
■ ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के लिबरल डेव शर्मा — पृष्ठ 9

हम जू. महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजे के साथ पदक जीतने को बेताब : सुनीलिता टोप्पो — पृष्ठ 10

**सिलक्यारा सुरंग मामला : खराब मौसम के बीच 16वें दिन बचाव अभियान जारी**

# सुरंग के ऊपर की जा रही वर्टिकल ड्रिलिंग

- खराब ऑगर मशीन के हिस्सों को बाहर निकाला जा रहा
- अब तक की जा चुकी है 30 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग



**पांच मोर्चों पर हो रहा काम**

**प्लान 01**-सिलक्यारा की तरफ से आठ सौ एमएम के पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद आगे की खुदाई

**प्लान 02**- बड़कोट छोर की ओर से टीएचडीसी ने चार ब्लॉस्ट कर 10.7 मीटर अंदर तक राह बना ली है। यहां दो मीटर चैड़ाई का पाइप 483 मीटर तक बिछाया जाना है।

**प्लान 03**-एसजीवीएनएल ने सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर एक मीटर चैड़ा पाइप 19.2 मीटर तक पहुंचा दिया है। यहां कुल 86 मीटर पाइप ड्रिल किया जाना है।

**प्लान 04**-आरवीएनएल भी सुरंग के ऊपर एक अन्य स्थान पर वर्टिकल ड्रिलिंग कर रास्ता बनाएगी। इसके लिए मशीनें पहुंच गई हैं व उनके लिए प्लेटफार्म बनाया जा रहा है।

**प्लान 05**-बड़कोट की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग को ओएनजीसी ने फील्ड सर्वे कर लिया है। बीआरओ ने मशीनों को पहुंचाने के लिए 975 मीटर सड़क तैयार की है।

**सिलक्यारा**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अब वर्टिकल ड्रिलिंग और हाथों से खुदाई का काम सोमवार शाम से शुरू कर दिया गया। सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में वहां बनाए गए अस्थाई मीडिया सेंटर में आज हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के सचिव एवं एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। आगे का कार्य भी पूरी तेज़ी एवं सावधानी से किया जा रहा है। उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पाइप में फंसे ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने का कार्य पूरा कर लिया गया है और ऑगर मशीन के हेड को निकालने का कार्य जारी है। जिसके लिए एक मीटर पाइप भी काटा का चुका है। आगे का कार्य मैन्युअली किया जाएगा। इस दौरान, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, एसडीआरएफ कमांडेंट मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

**ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों का हौसला बढ़ाया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने आज उत्तराखंड के सिलक्यारा (उत्तरकाशी) में सुरंग बचाव ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा। डॉ. पी के मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू कार्य की बारीकियों को समझा। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिको, इंजीनियरों से भी जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने की प्रक्रिया में जुटे श्रमिकों टिंकू दुबे, अमित, शशिकांत, झारू राम, राधे रमण दुबे, ओम प्रकाश, एन.डी अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जानते हुए उनके काम की सराहना की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

# बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने राज्य सरकार अलर्ट


## मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था के दिए निर्देश

**रायपुर**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अभी कुछ दिनों से चीन में अज्ञात बीमारी से बच्चों में श्वसन संबंधी रोग फैलने की रिपोर्टों के मद्देनजर राज्य के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कालेजों एवं निजी चिकित्सालयों में उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की गई एडवायजरी के अनुरूप जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा है। भारत सरकार की एडवायजरी के अनुसार उक्त श्वसन संबंधी रोग के भारत में फैलने के संभावना नहीं है, किंतु आपात स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत मानव संसाधन, बेड, जांच सुविधा एवं इन्फेक्शन कन्ट्रोल प्रेक्टिस इन हेल्थ फैसिलिटी का सुदृढीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने राज्य के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय, चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय एवं निजी चिकित्सालयों से इन्फ्लूएन्जा [ के प्रकरणों को रिपोर्टिंग पोर्टल में कराते हुए स्थिति की नियमित समीक्षा करने को कहा है।

मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम चलते श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में, जन स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी गई है। मानव संसाधन, अस्पताल में फ्लू के लिए दवाएं और टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक औषधियों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में संक्रमण की रोकथाम के पर्याप्त उपाय इनमें शामिल हैं।

## धान को बारिश से बचाने केन्द्रों में सभी इंतजाम किए जाएं : भूपेश



प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी केंद्रों में बेहतर रख-रखाव की व्यवस्था को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से अनुरोध किया है। उन्होंने अपने अकाउंट पर पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है कि, प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टरों को खरीदी केंद्रों में धान का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। प्रदेश में इस समय समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। धान को बारिश से बचाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में कैप कवर, ड्रेनेज सहित सभी जरूरी इंतजाम किए जाएं। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए, धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर बारिश से धान को सुरक्षित रखने की सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के बाद अक्टूबर महीने से ही प्रदेश में हल्की ठंड की शुरुआत हो चुकी है।

वहीं आज मौसम ने करवट बदली है। सोमवार सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैंइस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

# भारतीय राजदूत के साथ खालिस्तानी समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया।

यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई।

**सार संक्षेप**

### नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का आज अनावरण

**नई दिल्ली।** नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का मंगलवार को यहां अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 219 में इसके शुभांरभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 2 अक्टूबर 223 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

### आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने जीता बुकर पुरस्कार

**डबलिन।** आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए 223 बुकर पुरस्कार जीता है। साहित्यिक पुरस्कार के आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा, सुश्री पॉल लिंच का पांचवां उपन्यास बुकर पुरस्कार 223 का विजेता है। प्रॉफेट सॉन्ग को 26 नवंबर को लंदन में एक समारोह में बुकर पुरस्कार 223 का विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सुश्री लिंच यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं आयरिश लेखिका भी बनीं।

### भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है : ललन सिंह

**पटना।** यह तो जाना हुआ मामला है न। भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है। उसको आरक्षण पसंद नहीं हैं। बिहार में जो जातीय गणना करवाया गया उसके आधार पर जो रिपोर्ट आया तो उसी के अनुसार आरक्षण तय किया गया। सबसे पहले तो उन्होंने ही कानून तोड़ा जब 5 फीसदी से अधिक 1 फीसदी सवर्ण का आरक्षण देकर इस नियम को तोड़ डाला। तो हम लोगों जाति आधारित करना करवाए इस गणना के आधार पर यह काम कर रहे हैं। न्यायालय में जाना तो भाजपा का पुराना काम है। लेकिन जितना न्यायालय गए हैं उतना बार हमारा काम हुआ या नहीं हुआ। हर बार उनको मूंह की खानी पड़ी है।

# बारिश से अचानक बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु के कई शहरों में रविवार देर रात बारिश हुई है। कुछ राज्यों में बारिश अभी भी जारी है। इसके चलते इन राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ गई है। राजस्थान में दिन का पारा 8 डिग्री और दिल्ली में 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। दिल्ली में कई जगहों पर बारिश भी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बर्फीली हवाओं से पारा और गिर सकता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले यहां पारा शून्य से एक डिग्री नीचे था।



- राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के आसार
- जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तापमान शून्य डिग्री दर्ज

गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। यहां बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 दाहोद, 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की आशंका जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश उत्तराखंड और देश के दक्षिणी राज्यों में अगले दो-तीन दिन बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने इस हफ्ते के अंत तक देश भर में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

# मैं तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहा हूं : मोदी



**करीमनगर**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहे हैं और अगले पांच साल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्री मोदी ने कहा, पहली बार तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी और पिछड़ा वर्ग (बीसी) नेता मुख्यमंत्री होगा। करीमनगर के लोगों ने हुजूराबाद उपचुनाव में मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव को हार का ट्रेलर दिखाया। अब विधानसभा चुनाव में आप उन्हें घर भेजने जा रहे हैं। तेलंगाना में भाजपा सरकार बनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि 2024 में भाजपा फिर से केंद्र की सत्ता में आएगी और डबल इंजन सरकार बनने से राज्य में विकास और प्रगति काम में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा, हम दिखाएंगे कि तेलंगाना देश में नंबर वन कैसे बनेगा। आप तेलंगाना के भविष्य को भाग्य पर नहीं छोड़ सकते। हमें ध्यान रखना होगा। हमारे लिए हर राज्य सहित देश का विकास महत्वपूर्ण है। जब भी आप लोगों को बताएंगे आपने विकास के लिए, देश के गौरव के लिए, जन समर्थन के लिए और गरीबों के कल्याण के लिए वोट किया है, जनता के मन में एक ही नाम आता है वह है भाजपा।

# बीआरएस सरकार ने तेलंगाना में बढ़ाई गरीबी : प्रियंका

## केवल चुनाव प्रबंधन करती है बीआरएस



**हैदराबाद**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं।

उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं।

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी. बीआरएस तेलंगाना की सबसे अमीर पार्टी बन गई। इसके भ्रष्ट नेता अपने महलों में रहते हैं। वे लोगों से नहीं मिलते।'

# आपराधिक मामलों पर स्थाई समिति को उपराज्यपाल ने किया भंग

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राज निवास के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। सोमवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक नोट में उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित मौजूदा स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और केंद्र के बाद के दिशा निर्देशों का घोर उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थाई वकील फौजदारी की अध्यक्षता और अतिरिक्त स्थाई वकील की सदस्यता वाली मौजूदा स्थाई समिति को भंग करते हुए सक्सेना ने इसके पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें एक अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रधान सचिव गृह अध्यक्ष और प्रधान सचिव विधि, निदेशक अभियोजन और विशेष पुलिस आयुक्त, सदस्य होंगे।

# मणिपुर में कुकी समूह ने राष्ट्रीय राजमार्ग खोले

## 12 दिन से ब्लॉक कर रखे थे राष्ट्रीय राजमार्ग, कानून व्यवस्था पर प्रशासन को घेर रहे थे

**इंफाल**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में एक प्रभावशाली कुकी समूह ने सोमवार को दो नेशनल हाईवे को खोल दिया, जिन्हें 12 दिन से बंद कर रखा था। कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने 15 नवबंर को इन हाईवे को बंद किया था। उनका कहना था कि कुकी-जो बहुल इलाकों में कानून व्यवस्था बहाल करने में प्रशासन का रैवया ढुलमुल रहा है। इस कम्युनिटी ने प्रशासन के रवैये के प्रति विरोध जताते हुए इस नगालैंड के शहर दीमापुर और असम के शहर सिलचर से इंफाल को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के कुछ हिस्सों को ब्लॉक कर रखा था, ताकि इंफाल और मणिपुर के बाकी शहरों तक सामान की सप्लाई न हो सके। लेकिन, बाद में कमेटी ने इन इलाकों में ट्राइबल्स की



परेशानियों को समझते हुए अस्थायी तौर पर ये इकोनॉमिक ब्लॉकेज हटा दिया। हालांकि कमेटी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे बंद हटाने के फैसले का रिव्यू करेंगे और इसे दोबारा लागू करेंगे।

**'मणिपुर की समस्या राजनीतिक'**

भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड चीफ राणा प्रताप कलीता ने कहा है कि मणिपुर की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी राजनीतिक होना चाहिए। कलीता ने ये बात 21 नवंबर को गुवाहाटी के प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हिंसा रुके। राजनीतिक समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा, इसके लिए दोनों पक्षों को प्रेरित किया जाना चाहिए। हिंसा काबू करने में हमें बड़े पैमाने पर कामयाबी भी मिली है। लेकिन कुकी और मैतेई का ध्रवीकरण हुआ है, इसलिए कुछ छिटपुट घटनाएं हो जाती हैं।

# कर्नाटक सरकार के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवम्बर को मतदान कराए जाएंगे। इस बीच कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लेकर भाजपा चुनाव आयोग पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि कर्नाटक की सरकार तेंलंगाना के आसपास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। सोमवार को भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भाजपा नेता ने कहाकि पिछले दो दिनों से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार सरकारी खर्चे पर आध्र प्रदेश, तेलंगाना और आस-पास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा रही है। ऐसा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग अपने अधिकार का इस्तेमाल कर इसे रोके।

**खुलासा** | एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने किया विश्लेषण, 103 विधायकों की औसत संपत्ति 9 करोड़ रुपए बढ़ी

# तेलंगाना में दोबारा चुनाव लड़ रहे विधायकों की संपत्ति बढ़ी

**नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है, जो 2018 के 14.44 करोड़ रुपए से लगभग 9 करोड़ रुपए अधिक है, और 90 विधायकों की संपत्ति सोमवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है। 13 विधायकों की संपत्ति एक फीसदी से 79 फीसदी तक घट गई है।**

*रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच द्वारा तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद तैयार की गई है। फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों में से 90 विधायकों की संपत्ति तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है और 13 विधायकों की संपत्ति माइनस एक फीसदी से माइनस 79 फीसदी तक घट गई है। 2018 में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 14.44 करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट में कहा गया है, '2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 और 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों के बीच इन 103 फिर से चुनाव लड़ने वाले विधायकों की औसत संपत्ति वृद्धि 9.43 करोड़ रुपये है, जो प्रतिशत वृद्धि 65 प्रतिशत है।*

***पैला शेखर रेड्डी की संपत्ति 136.47 करोड़ बढ़ी***

*भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। 2018 में उनकी संपत्ति 91.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023 में बढ़कर 227.51 करोड़ रुपए हो गई। देवरकादरा निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के अल्ला वेंकटेश्वर रेड्डी की संपत्ति 59.02 करोड़ रुपए बढ़ गई है, जो 2018 में 20.15 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023 में 79.17 करोड़ रुपए हो गई है। इसी तरह, इब्राहिमपटनम निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के मंचिरेड्डी किशन रेड्डी की संपत्ति 2018 में 7.99 करोड़ रुपए से 52.59 करोड़ रुपए बढ़कर 2023 में 60.58 करोड़ रुपए हो गई है।*

# भांसी में नक्सलियों का तांडव, सड़क निर्माण में लगे 14 वाहनों को फूंका

- रेल लाईन दोहरीकरण में लगे एक पोकलेन में भी आगजनी
- सड़क ठेकेदार के कैंप में बीती रात आ धमके सैकड़ों नक्सली
- दो किलोमीटर दायरे में तीन सुरक्षा कैंप, फिर भी नहीं मिली आहट
- कुछ वर्ष पूर्व नक्सल मुक्त घोषित हुआ था भांसी



**दंतेवाड़ा/बचेली,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने लंबी खामोशी के बाद एक बार फिर उपद्रव मचाया है। बीती रात 1 बजे लगभग डेढ़ सौ की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने भांसी थाने के ठीक करीब सड़क निर्माण कंपनी के कैंप पर धावा बोल दिया और डामर प्लांट सहित वहां खड़ी 14 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। रेल लाईन दोहरीकरण में लगी एक पोकलेन को भी आग के हवाले किया गया है। जहां पर यह वारदात हुई उसके दो किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा बलों के तीन कैंप हैं। इसके बावजूद फोर्स का सूचना तंत्र इतना कमजोर रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के आने की उन्हें आहट भी नहीं मिली। भांसी इलाके में ये नक्सल वारदात हुई, जिसे पुलिस ने तीन वर्ष पहले नक्सल मुक्त पंचायत घोषित किया था। इस घटना के बाद पुलिस के दावों पर सवाल उठने लगे हैं।

नाहर कंपनी, दंतेवाड़ा से बैलाडीला तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रही है। यह काम पिछले साल भर से जारी है। कार्य की धीमी रफ्तार और खेतों में डायवर्सन को लेकर ग्रामीणों की नाराजगी भी रही है। यह मुख्य कंपनी है और इससे पेटी में एक अन्य कंपनी ने काम लिया है। भांसी के आगे बंगाली कैंप में इस कंपनी का अस्थायी कैंप बनाया गया है, जहां चौकीदार और सुपरवाइजर रहते हैं। रात को एक बजे सौ से डेढ़ सौ की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने पहले चौकीदार, सुपरवाइजर को अपने कब्जे में लिया, फिर उनके मोबाइल छिने और उसके बाद वहां खड़ी सभी गाड़ियों में आग लगानी शुरू कर दी। 14 गाड़ियां पूरी तरह जल कर क्षतिग्रस्त हुई है। इससे करोड़ो के नुकसान की आशंका जतायी गई है।

आरसी नाहर कंपनी के कामकाज को लेकर भी काफी असंतोष देखने को मिल रहा था। नक्सलियों ने यहां पर्चे भी फेंके हैं, जिसमें काम बंद करने की चेतावनी भी दी गई है। आग जनी के दौरान एक नक्सली को मिर्गी का दौरा भी पड़ा था, जिसे दूसरे नक्सली अपने साथ लाद कर ले गए।

प्रत्यक्षदर्शी बुधराम मरकाम ने बताया कि रात करीब एक बजे काफी संख्या में नक्सली वहां पहुंचे, जिनमें से 50 से 60 हथियारबंद नक्सली डामर प्लांट पहुंचे। वहां बंदूक की नोंक पर मोबाइल छीन लिया। डामर प्लांट के किनारे सभी को खड़ा कर गाड़ियों से डीजल निकाला और डामर प्लांट सहित सभी गाड़ियों में आग लगा दी। इसके बाद सभी नक्सली फरार हो गए। चौकीदारों को धमकी दी, पोस्टर भी फेंके। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने नक्सली घटना की पुष्टि की है। नक्सलियों ने भांसी डामर प्लांट में आग लगाने के साथ ही 4 हाइवा, 2 शिफ्टर, 2 पानी टंकी, 1 मिक्सर मशीन, 1 एजाक्स, 1 पिकअप, 3 हाइड्रा और एक डीजल गाड़ी को जला कर बर्बाद कर दिया। रेलवे दोहरीकरण काम में लगे एक पोकलेन वाहन को भी नक्सलियों ने नहीं छोड़ा। घटना की सूचना जैसे ही भांसी थाने को मिली, फोर्स रवाना की गई। इसके साथ ही डीआरजी के जवान भी रवाना किये गए, तब तक नक्सली घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। विधानसभा चुनाव के दौरान शांत रहने वाले नक्सली अचानक उग्र कैसे हो गए ? यह महत्वपूर्ण सवाल है। सुरक्षा बलों की चिंता भी अब बढ़ गयी है।

# मौसम में आया परिवर्तन, दिन भर छाया रहा बादल, हवा में ठंडक




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 27 नवंबर (देशबन्धु)। उत्तर भारत मे मौसम में आए बदलाव का असर पूर्वी मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में भी देखने को मिल रहा है इलाके में कल जहा दिनभर आसमान में बदलो का डेरा रहा और ठंडी हवाओं चलती रही तो आज सुबह से आसपास में बादलों का डेरा रहा और तापमान में गिरावट भी देखने को मिला, वाले दिनों में मौसम विभाग के अनुसार हल्की बारिश के भी आसार बने हुए है।

दरअसल पिछले दो दिनों से गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में मौसम में बदलाव देखने को मिला है मौसम में बदलाव का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ जो अभी वर्तमान में उत्तर भारत मे है राजस्थान और पूर्वी मध्यप्रदेश में खासा असर देखने को मिल रहा है जिसके चलते इन इलाकों में बारिश और ओले की संभावना बनी हुई है, और कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है उसी वजह से नार्थ छत्तीसगढ़ में इसका असर देखने को मिल रहा है और तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है वही मौसम विभाग के वैज्ञानिक विशाल मौर्य ने बताया कि-

आने वाले दो दिनों में इस इलाके में असर दिखेगा जिसके चलते जो इस इलाके का मिनिमम तापमान से और नीचे जा सकता है साथ ही मौसम विभाग के अनुसार कुछ जगहों में हल्की बारिश के भी आसार बने हुए है साथ ही मौसम विभाग की माने तो सुबह 4 बजे से 6 बजे के बीच कोहरे और धुंध भी रहेंगे जिस वजह से विजबिल्टी भी कम रहेगी।

# सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी प्रकाश पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया



**तखतपुर** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी प्रकाश पर्व को गुरुद्वारा में बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. प्रात: विशेष दीवान सजाया गया जहां स्थानीय रागी जत्था ने अपने शबद कीर्तन से साध संगत को निहाल किया. दोपहर में निशान साहेब चोला परिवर्तन किया गया। रात्रि में पुन: दीवान सजाया गया जहां स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए समूह गाने साथ संगत का मन मोह लिया. रात्रि में गुरु का अटूट लंगर चला। गुरुद्वारा को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया तथा आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ज्ञानी मंगत सिंह प्रधान कुलवंत सिंह हूरा, दयाल सिंह बग्गा, जगजीत सिंह मक्कड़, भगवंत सिंह मल्होत्रा, सुरेंद्र सिंह इच्छपुरानी, मनजीत सिंह खनूजा, त्रिलोक सिंह बग्गा, डॉ. मदन सिंह हूरा, पृथ्वीपाल सिंह हूरा, गुलजीत खुराना, डाजी हूरा, गुरुदयाल सिंह हूरा, आतमजीत सिंह मक्कड़, सुरजीत सिंह हूरा, कल्याण सिंह हूरा, गुरुचरण सिंह बग्गा, शरण पाल सिंह हूरा, रविंद्र सिंह खुराना, सुरेंद्र पाल खुराना, हरविंदर सिंह हूरा, उपेंद्र सिंह खुराना, जसपाल सिंह खुराना, हरपाल सिंह खुराना, हरचरण सिंह हूरा, बृजपाल सिंह हूरा, मनजीत चंचल, जसबीर चंचल, रमन हूरा, दलबीर सिंह मक्कड़, रोहित मक्कड़, डॉ रमन सिंह मक्कड़, राजवीर हूरा, इंद्रपाल सिंह हूरा, रजवंत खुराना, चिंटू खुराना, शेर सिंह हूरा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संविधान की ताकत ने मुझे बनाया सरपंच - मान कुंवर करसायल

## बैगा बाहुल्य ग्राम चुकपानी में मनाया गया संविधान दिवस



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 27 नवंबर (देशबन्धु)। संविधान की ताकत ने ही मुझे ग्राम पंचायत का सरपंच बनाया है। संविधान में आदिवासियों के उत्थान में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई है ऐसे में कर्तव्य है कि हम सभी संविधान की न सिर्फ रक्षा करें बल्कि उसमें लिखी गई बातों पर अमल करें। उक्त बातें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत - चुकतीपानी में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गांव की सरपंच मान कुंवर कर सायल ने व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति मान कुंवर करसायल, उप सरपंच जगत राम बैगा उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान विशेषज्ञ डॉ बाबा साहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया।उसके बाद भारत के संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग का वाचन किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति मान कुंवर के द्वारा संविधान में मिले समानता के अधिकार, शिक्षा के अधिकार के बारे में जानकारी दिया और बताई कि संविधान में मिले अधिकारों से ही आज सरपंच पद आसीन हुई है। ग्राम के उप सरपंच जगत राम बैगा ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में दिए अधिकारों से ही हम लोगों को जल जंगल जमीन का अधिकार मिला हुआ और हमारे अधिकार सुनिश्चित हुआ है, ग्राम के ही जयपाल बैगा ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए अपने गांव के बच्चों को बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के जैसे पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद नव निर्माण चेतना मंच संस्था के सचिव रीना रामटेके ने संविधान दिवस के इतिहास और देश के आजादी के बाद बनाने की आवश्यकता पड़ी इसके बारे में जानकारी दिया गया और बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के जीवन संघर्ष के बारे में जानकारी दिया गया, पढ़ाई के संघर्ष के बारे में बताई और संविधान सभा में शामिल के सदस्यों के बारे में जानकारी दिया एवं भारत के संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार के बारे जानकारी दी जिसमें शिक्षा के अधिकार, समानता के अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार और समानता के अधिकार के तहत सभी को बराबर पढ़ने और एक व्यक्ति का एक वोट का मूल्य के अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया, समाज में बंधुत्व के भावना साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्रेम बैगा ने गांव के ही लोगों आपसी भाईचारा और समन्वय स्थापित कर एक साथ रहने और गांव समाज को संविधान में दिए नियम के अनुसार चलने के लिए प्रेरित किया, अपने गांव में भी संविधान की तरह नियम बनाने के लिए समुदाय को संबोधित किया ।

कार्यक्रम का संचालन सविता मार्को, आभार व्यक्त संगीता मार्को ने किया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चुकतीपानी के बबली यादव, पूर्व सरपंच पूनम जगत, प्रेम बैगा, चन्द्र प्रताप सिंह, तारा बाई, छोटी बाई, फुल बाई बैगा, भानमति वाकरे, शैलेंद्र नेताम आदि शामिल थे।

# रावत नाच महोत्सव 1 दिसम्बर को आयोजित की गई

**तखतपुर** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय रावत नाच महोत्सव का आयोजन 1 दिसम्बर को शाम 5 बजे बालक हाई स्कूल तखतपुर में आयोजित की गई है। यह जानकारी अजय यादव ने दी।

# अंडर 16 क्रिकेट में बड़ी सफलता

## कोरिया को 1 पारी और 152 रन से हराया

**रायगढ़** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बीसीसीआई द्वारा आदेशित एवं सीएससीएस द्वारा निर्देशित अंडर 16 प्लेट ग्रुप के टूर्नामेंट में जिला रायगढ़ ने जिला कोरिया की टीम को 1 पारी और 152 रन के भारी अंतर से पराजित किया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंबिकापुर के स्टेडियम मे प्लेट ग्रुप का अंडर 16 टूर्नामेंट जारी है। इसमें सरगुजा, कोरिया और रायगढ़ की टीम शामिल हो रही है। पहले मैच मे रायगढ़ की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अंकित बंजारे के 51 रन, नमन वलेचा के 24, दैविक महामिया के 28, विवेक दुबे के सहारे 248 रन बनाए। इसके जवाब मे कोरिया टीम ने खेलते हुए मात्र 64 रन मे पूरे विकेट खो दिए। फॉलो ऑन खेलते हुए कोरिया को दूबारा बैटिंग करनी पड़ी। दूबारा बल्लेबाजी करते हुए कोरिया की टीम मात्र 30 रन पर दूबारा ऑलआउट हो गई।

रायगढ़ की शानदार गेंदबाजी के पीछे अंशुल सिंह के 8 विकेट, अंकित मिश्रा के 4, निखिल पटेल के 4 और विवेक वरदान दुबे के 4 विकेट शामिल है। रायगढ़ का अगला मैच दो दिवसीय आधार पर सरगुजा जिले की टीम से खेला जाएगा। जिले की जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, जिला स्तरीय अम्पायर महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, मलय आईच, आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

# धान उपार्जन के लिए नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## धान खरीदी के संबंध में नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त पटवारियों को दी गई विस्तृत जानकारी



**रायगढ़,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान उपार्जन खरीफ वर्ष-2023 हेतु नोडल अधिकारियों के रूप नियुक्त पटवारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय शामिल हुए। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि शासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू धान खरीदी के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही प्रति सप्ताह उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे। जिसमें धान उपार्जन से संबंधित विभाग से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण में डीएमओ मार्कफेड श्री प्रवीण पैकरा ने धान खरीदी के संबंध में धान की ग्रेड, किस्म, नमी मापन कर धान की गुणवत्ता की जांच के संबंध में जानकारी दी। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्रों की तैयारी, औसत गुणवत्ता, टोकन जारी करने की व्यवस्था, सुरक्षित भंडारण, धान खरीदी में प्रयुक्त एवं खाली बारदानों का भौतिक सत्यापन, धान खरीदी से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों की जानकारी एवं कंट्रोल रूम नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर डीआरसीएस श्री शेखर जयसवाल, खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, अपेक्स बैंक से श्री आजाद, एएफओ राबिया खान एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

### बारदानों की भी व्यवस्था बनाए

अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने प्रशिक्षण में खरीदी के दौरान प्रयुक्त उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि कांटा, बाट, मशीन नापतौल विभाग से सत्यापित होना चाहिए। इसके साथ ही नमी मापक यंत्र उत्तम गुणवत्ता तथा पुराने नमी मापक यंत्रों का केलीब्रेशन पूर्ण होना चाहिए। साथ ही सभी उपार्जन केन्द्रों में सुतली, रंग, स्टैंसिल, डनेज हेतु प्लास्टिक के बोरे, धान भूसे की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बरदानों की व्यवस्था व रख-रखाव की भी जानकारी दी। डीएमओ श्री पैकरा ने नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन प्रक्रिया की जानकारी देते बताया कि पंजीकृत किसानों से जारी टोकन अनुसार धान उपार्जन किया जाना हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्रों से जीपीएस लगे वाहनों से ही धान परिवहन किया जाएगा एवं मिलर द्वारा मिल माड्यूल से उसी ट्रक को उपार्जन केन्द्रों में भेजा जाएगा, जिसमें जीपीएस लगा तथा शासन के सर्वर में रजिस्टर हैं। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारियों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

# संस्कार स्कूल में प्री. प्राइमरी के स्टूडेंट्स ने किए 100 डेज सेलिब्रेट

## बच्चों के माता-पिता भी हुए शामिल

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में प्री. प्राइमरी के बच्चों ने अलग व निराले अंदाज में स्कूल में 100 डेज को सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर बच्चों व उनके माता-पिता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चे खुशी से शामिल हुए।

स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जाता है। छोटे बच्चों को भी मनोरंजक ढंग से समझाया जाता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। समय-समय पर उनका टेस्ट भी लिया जाता है, जिसके आधार पर आगे योजना बनाई जाती है। इसी कड़ी में प्री प्राइमरी स्कूल के बच्चों के स्कूल में 100 दिन पूरे होने की खुशी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उनके माता-पिता को भी बुलाया गया। सभी के सामने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। माता-पिता के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने उत्साह से हिस्सा लिया और स्कूल की इस पहल की भरपूर सराहना की। उन्होंने 100 दिन में बच्चों के अंदर हुए विकास के लिए स्कूल परिवार का आभार भी जताया।

### बच्चों को मिले इनाम, खिल उठे चेहरे

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनोरंजक ढंग से स्कूल में अपने 100 दिन की गतिविधियों को प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे वेशभूषा में बच्चे काफी मनमोहक लग रहे थे। इस दौरान शैक्षणिक के साथ खेलकूद में भी अपने प्रदर्शन को बेहतरीन ढंग से बच्चों ने सबके सामने रखा। इसमें बच्चों के अभिभावकों ने भी भागीदारी निभाई। सभी ने खुशनुमा माहौल में इस कार्यक्रम को सेलिब्रेट किया। प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व इनाम भी दिए गए। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर अलग ही चमक देखी गई। पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराने में स्कूल के एक्टिंग डायरेक्टर सीपी देवांगन सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै **रोमेश कुमार जाजोदिया पिता सत्यनारायण जाजोदिया** निवासी लेन-3 गायत्री मंदिर मार्ग, विद्यानगर बिलासपुर (छ.ग.) 495001 अपना पुराना नाम **रोमेश जाजोदिया पिता सत्यनारायण जाजोदिया** को त्यागकर नया नाम **रोमेश कुमार जाजोदिया पिता सत्यनारायण जाजोदिया** रख लिया है अत: आजसे मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **रोमेश कुमार जाजोदिया पिता सत्यनारायण जाजोदिया** के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**रोमेश कुमार जाजोदिया**
लेन-3 गायत्री मंदिर मार्ग
विद्यानगर बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै **हीरालाल चंदवानी पिता हेमनदास** निवासी 621, कश्यप कॉलोनी बिलासपुर (छ.ग.) 495001 अपना पुराना नाम **हीरालाल पिता हेमनदास** को त्यागकर नया नाम **हीरालाल चंदवानी पिता हेमनदास** रख लिया है अत: आजसे मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **हीरालाल चंदवानी पिता हेमनदास** के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**हीरालाल चंदवानी**
621, कश्यप कॉलोनी
बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम ओमप्रकश बोहजवानी (OMPRAKSH BOHJWANI) पिता मोहन लाल भोजवानी (MOHAN LAL BHOJWANI) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम ओमप्रकाश भोजवानी (OMPRAKASH BHOJWANI) पिता मोहन लाल भोजवानी (MOHAN LAL BHOJWANI) निवासी 36/200, संतोषी मंदिर के पास, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम ओमप्रकाश भोजवानी (OMPRAKASH BHOJWANI) पिता मोहन लाल भोजवानी (MOHAN LAL BHOJWANI) से जाना एवं पहचाना जाय।

**ओमप्रकाश भोजवानी**
(OMPRAKASH BHOJWANI)
36/200 संतोषी मंदिर के पास,
तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)
495001

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.)-495001 शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि /सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुशीला अग्रहरि (कर्जदार), संदीप अग्रहरि (सह-कर्जदार), सतीश अग्रहरि (सह-कर्जदार), 7 वार्ड क्रमांक 6, लोर्मी रोड, जय स्तम्भ चौक वार्ड नंबर 6, कोटा कार्गी रोड, कार्गीरोड, छत्तीसगढ़-495113/ एलएचबीएसआर00001316641 | खसरा नंबर 382, 383 तथा 382/2, 383/2, पीएच नंबर 14, नगर पंचायत कोटा, वार्ड नंबर 6, जवाहरलाल नेहरू वार्ड, निकट जय स्तम्भ चौक, कोटा लोर्मी रोड, मौजा कोटा पिनकोड-495113, खसरा नंबर 382, 383 तथा 382/2, 383/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495115, चौहद्दी - उत्तर : यादव का फार्म, दक्षिण : कोटा लोर्मी रोड, पूरब : नारायण गुप्ता की भूमि, पश्चिम : राम जीवन की भूमि | 14-11-2023 रू. 28,52,045/- | 03-11-2023 |
| 2. | रोहित कुमार साहू (कर्जदार), पद्मा बाई साहू (सह-कर्जदार), एच. नंबर 110, वार्ड नंबर 09, पर्री कलां राजनांदगांव, राजनांदगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 / एलएचडीआरजी00001514152 | एन सम्पत्ति स्थित ग्राम पर्रीकलार, एनएम राजनांदगांव-02, तहसील और जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, खसरा नंबर 138/6, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441, चौहद्दी - उत्तर : अन्य खुली भूमि, दक्षिण : विक्रेता की बाकी भूमि, पूरब : श्री राकेश का मकान, पश्चिम : विक्रेता की बाकी भूमि | 14-11-2023 रू. 20,89,961/- | 03-11-2023 |
| 3. | रोहित कुमार साहू (कर्जदार), पद्मा बाई साहू (सह-कर्जदार), एच. नंबर 110, वार्ड नंबर 09, पर्री कलां राजनांदगांव, राजनांदगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 / एलएचडीआरजी00001514153 | एन सम्पत्ति स्थित ग्राम पर्रीकलार, एनएम राजनांदगांव-02, तहसील और जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, खसरा नंबर 138/6, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441, चौहद्दी - उत्तर : अन्य खुली भूमि, दक्षिण : विक्रेता की बाकी भूमि, पूरब : श्री राकेश का मकान, पश्चिम : विक्रेता की बाकी भूमि | 14-11-2023 रू. 1,03,337/- | 03-11-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 28-11-2023
स्थान : बिलासपुर, राजनांदगांव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

**उवाच**

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया। बीस साल के मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया। दूसरे नंबर पर मुख्यमंत्री बनने में नरेंद्र सिंह तोमर का नाम था। अब वह मुख्यमंत्री नहीं बने इसकी सबसे ज्यादा चेष्टा कौन कर सकता हैं।

-जीतू पटवारी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21° | 13° |
| मुंबई | 31° | 25° |
| कोलकाता | 27° | 19° |
| चेन्नई | 29° | 26° |

# नलगोंडा विधानसभा में अपना किला वापस पाने की जद्दोजहद में कांग्रेस

**हैदराबाद,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अन्य बड़े जिलों की तरह ही नलगोंडा की 12 सीटों को भी नए जिलों नलगोंडा, सूर्यापेट और यदाद्रि भुवनगीर में बांट दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम्युनिस्टों का प्रभाव रहा है। इस बार कांग्रेस-सीपीआई का गठजोड़ भी है। वहीं, बीआरएस के कार्यकर्ता जगह-जगह बने चुनावी कैंपों में अपनी योजनाओं को गिना रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि हर वर्ग, खासतौर पर गांवों में इसी के नाम पर वोट बरसेंगे।

पिछले चुनाव में यहां की 12 सीटों में से कांग्रेस तीन ही सीटों पर जीत पाई थी। उसमें से भी दो विधायक बीआरएस में चले गए थे और एक के भाजपा में जाने के कारण उपचुनाव हुआ था। संयुक्त आंध्र प्रदेश में यह क्षेत्र कांग्रेस का ही गढ़ हुआ करता था। इस बार भी कांग्रेस को मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। नलगोंडा विधानसभा क्षेत्र में बीआरएस विधायक भूपाल रेड्डी के सामने कांग्रेस ने चार बार के विधायक वेंकट रेड्डी को मैदान में उतारा है। भाजपा से कई शिक्षण संस्थान चलाने वाले निवास गौड़ मैदान में हैं। यहां पर पिछड़ी जातियों की संख्या अच्छी खासी है। इसी कारण फारवर्ड ब्लॉक से पी राजू यादव मैदान में हैं। यहां 30 प्रतिशत तक मुस्लिम हैं। जानकारों का कहना है कि वेंकट रेड्डी की पकड़ यहां काफी मजबूत है। जिस तरह से कर्नाटक में रेड्डी बंधुओं की ताकत रहती थी, वैसी ही इस क्षेत्र में कांग्रेस के इन कोमठ रेड्डी बंधुओं की है। कहा जाता है कि वह खुद तो लड़ते ही हैं, अधिकांश टिकट भी उनकी ही पसंद के दिलाए जाते हैं।



- पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 12 सीटों में से तीन ही सीटों पर पाई थी जीत
- कांग्रेस ने चार बार के विधायक वेंकट रेड्डी व भाजपा ने निवास गौड पर लगाया दांव
- बीआरएस ने भूपाल रेड्डी को चुनावी मैदान में उतारा

## कांग्रेस व बीआरएस में मुख्य टक्कर

नागार्जुन सागर बांध सीट पर बीआरएस और कांग्रेस के बीच कई सालों से प्रतिद्वंद्विता है। यहां कांग्रेस के जयवीर रेड्डी और बीआरएस विधायक एन भगत आमने-सामने हैं। नकरेकल में भी कांग्रेस से जीतकर बीआरएस में जाने वाले सी लिंगैया के सामने कांग्रेस से वीवी रेशम हैं। हुजूरनगर में कांग्रेस एमपी कैप्टन उत्तम रेड्डी के सामने एमएलए बी सईदी रेड्डी हैं। कोदार, आलेर, देवारकोंडा, तुगातुर्की में भी कांग्रेस और बीआरएस के बीच ही मुख्य मुकाबला दिखाई देता है। अहम सीट सूर्यापेट से बीआरएस के दिग्गज नेता और मंत्री जगदीश रेड्डी के सामने कांग्रेस ने चार बार के विधायक दामोदर रेड्डी को मैदान में उतारा है। जगदीश रेड्डी के खास रहे बी जनैया यादव ने अब बसपा से ताल ठोक दी है। भाजपा ने टीडीपी से विधायक रहे सी वेंकटेश्वर राव को मैदान में उतारा है।

### वारंगल ईस्ट की सीट पर भाजपा को भी उम्मीद

वारंगल ईस्ट की सीट पर सबसे ज्यादा घमासान है। यहां पर बीआरएस के विधायक नरेंद्र के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री के सुरेगा हैं तो भाजपा के पी राव भी मजबूती से चुनावी मैदान में हैं। लगभग ढाई लाख वोटरों में 45 हजार मुसलमानों के साथ 20 से 25 हजार क्रिश्चियन वोटरों की भी अहम भूमिका रहेगी। नरसमपेट, मुलुग, पालाकुर्ती, महबूबाबाद, डेरनाकल, जनगांव, गणपुर और भूपालपल्ली में भी बीआरएस और कांग्रेस के बीच की प्रमुख लड़ाई दिखाई दे रही है। भाजपा को वेस्ट के साथ प्रकल से भी काफी उम्मीदें हैं। दक्षिण के अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी से गठबंधन का भी भाजपा को यहां लाभ मिल रहा है। वारंगल में लगभग 12 सौ साल पहले काकरितया साम्राज्य रहा है। एक हजार पिलर का उसी दौर का मंदिर भी है। यह जिला काफी बड़ा है और नए जिले के बनने के दौरान वारंगल जिले में से वारंगल ईस्ट और वेस्ट सहित छह जिले बनाए गए। पिछली बार यहां की अधिकांश सीटों पर बीआरएस ने बाजी मारी थी।

## मतदान में रुकावट डालने पर प्रधान सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरतपुर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के डीग जिले में कामा विधानसभा क्षेत्र के सांवलेर में शनिवार को मतदान में रुकावट डालने के मामले को लेकर राज्यमंत्री जाहिदा खान के प्रधान पुत्र साजिद सहित 30 लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवलेर में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दौरान बूथ संख्या 98 पर पथराव एवं वोटिंग में हुए बबाल के बाद करीब 20 मिनट तक वोटिंग को रोकना पड़ा था। इस बबाल के बाद हेड कॉन्स्टेबल लेखराज की तरफ से दर्ज कराये गए मामले में बताया गया है कि शांतिपूर्ण मतदान के दौरान अपराह्न साजिद खान ने अपने समर्थकों के साथ बूथ संख्या 98, 99, 100 में बार-बार घुसकर मतदान में व्यवधान पैदा किया और टोकने पर पुलिसकर्मियों से उलझते हुए हेड कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट शुरू कर दी। मोबाइल पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच साजिद खान और उसके समर्थकों को बूथ से बाहर निकाला। इसके बाद साजिद खान ने बूथ के बाहर खड़े लोगों को उकसा कर बूथ के अंदर पथराव कराया और कार में बैठकर भाग गया।

# मप्र के बाद छग में मतगणना की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस पार्टी ने मतगणना के दिन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एमपी की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से मतगणना एजेंट्स की विशेष ट्रेनिंग शुरू होने जा रही है। 30 नवम्बर तक सभी जिला मुख्यालय संगठन में विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना एजेंट्स की ट्रेनिंग होगी। इसके लिए सभी एजेंट्स को जानकारी दे दी गई है। सभी 90 विधानसभा के एजेंट्स को ये ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में मतगणना के दौरान कैसे निगरानी रखनी है, कैसे मशीनवार वोटिंग के नंबर लिखने हैं, कैसे मशीन और गिने गए मतों का मिलान करना है, यह सब सिखाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को कोंडागांव, जगदलपुर, बेमेतरा, दुर्ग शहर, सारंगढ़, रायगढ़ और मनेंद्रगढ़ में ट्रेनिंग दी गई। 28 नवम्बर को दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, मरवाही और कुनकुरी में यह कार्यक्रम रखा गया है। 29 नवम्बर को कांकेर और अंबिकापुर जिले के अभिकर्ताओं की ट्रेनिंग होनी है। 30 नवम्बर को बालोद, राजिम, महासमुंद, भिलाई 3, रायपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, कवर्धा, कोरबा और प्रतापपुर में ट्रेनिंग होगी। केवल धमतरी ऐसा जिला है, जहां 2 दिसम्बर को ट्रेनिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने राज्य में हर विधानसभा में 2 एआरओ और 14



**मतगणना से पहले एजेंट्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

काउंटिंग एजेंट बनाया है। इनमें एक बैलेट पेपर एजेंट रहेगा, जो बैलेट पेपर की गिनती खत्म होने के बाद एआरओ की भूमिका में आ जाएगा। राजधानी रायपुर के सभी एआरओ और मतगणना एजेंटों को 30 नवम्बर को ट्रेनिंग की जाएगी। कांग्रेस भवन में होने वाली इस ट्रेनिंग में पीसीसी के पदाधिकारियों के अलावा जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। दरअसल, दोनों पार्टियों के ओर से एजेंट्स काउंटिंग के दौरान मौजूद रहते हैं।

उन्हें पहले से ही उनकी मशीनें और टेबल का नंबर बता दिया जाता है, वो मतगणना की पूरी प्रक्रिया के दौरान वहां तैनात रहते हैं। सभी दलों की तरफ से ये एजेंट्स मतगणना वाले दिन के लिए खास नियुक्त किए जाते हैं।

## सार संक्षेप

### आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार ज्ञानचंद सारस्वत ने आज गंज थाने में अज्ञात के खिलाफ गोली मारने की धमकी तथा फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। अजमेर नगर निगम के पार्षद तथा भाजपा से बागी होकर विस चुनाव में अंत तक मैदान में डटे रहने वाले ज्ञानचंद सारस्वत ने बताया कि 25 तारीख को फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट डालने की घटना हुई, साथ ही अज्ञात द्वारा गोली मारने की धमकी गम्भीर विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चुनाव के दौरान राजनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते है जो अनदेखी करने योग्य होते है और मैंने किए भी हैं। लेकिन फेसबुक आईडी का इस्तेमाल एवं धमकी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। मुझे कानून और पुलिस पर पूरा भरोसा है। वे जल्दी ही दोषी आरोपी को ढूंढ़ निकाल कर सजा दिलाएंगे।

### कमलनाथ ने गुरुनानक देव जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने श्री गुरुनानक देव जयंती के अवसर पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की सभी को लख लख बधाई। गुरु नानक देव जी के मानवता, परोपकार, भलाई, समाज सुधार के लिए किए गए कार्य अविस्मरणीय होकर आज भी हमारे लिए प्रेरणादायी हैं। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर सिख धर्मावलंबियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### राजस्थान चुनाव के बाद भाजपा ने की समीक्षा बैठक

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के बाद सोमवार को यहां समीक्षा बैठक आयोजित की की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रबंधन के अनुभव से जुड़े सुझाव भी लिए गए, जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यानुभव से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। संह ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रबंधन मजबूत और सुदृढ़ रहा। जोशी के नेतृत्व में पूरी टीम ने सकारात्मक रुख रखते हुए निरंतर काम किया है। सीपी जोशी का सरल व्यवहार और टीम मैनेजमेंट सहित संवाद और समन्वय बेहतर रहा।

## ओडिशा के पूर्व नौकरशाह कार्तिकेयन बीजद में शामिल

**भुवनेश्वर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के 12 साल तक निजी सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुके पूर्व नौकरशाह वी. कार्तिकेयन पांडियन अपनी राजनीतिक पारी शुरू करते हुए सोमवार को औपचारिक रूप से बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए। पांडियन आज नवीन निवास पहुंचे, जहां उन्होंने पटनायक से आशीर्वाद लिया और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। पटनायक ने पांडियन के बीजद में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा कि पार्टी को पांडियन के लंबे प्रशासनिक अनुभवों से लाभ मिलेगा। पांडियन ने बीजद में शामिल होने से पहले 5टी के सचिव और मुख्यमंत्री के निजी सचिव के तौर पर काम किया है। उन्होंने 23 अक्टूबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त ले लिया था। बाद में मुख्यमंत्री ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद पर 5टी और नबीन ओडिशा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वर्ष 2000 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पांडियन ने अपना करियर ओडिशा में कालाहांडी जिले के धरमगढ़ में उप-जिलाधीश के रूप में शुरू किया और बाद में मयूरभंज तथा गंजम जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया। वह 2011 में मुख्यमंत्री के निजी सचिव के रूप में शामिल हुए और वीआरएस का विकल्प चुनने तक इस पद पर कार्यरत रहे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने राज्य में कई सार्वजनिक बैठकों और समारोहों में भाग लेने को लेकर पांडियन की आलोचना की थी और कहा था कि यदि वह राजनीति में शामिल होने के इच्छुक हैं, तो उन्हें आईएएस की नौकरी छोड़ देनी चाहिए।

# तेलंगाना में पिछले दशक में हुए बदलाव पर करें विचार : केसीआर

**हैदराबाद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो के चंद्रशेखर राव ने मतदाताओं से वोट डालने से पहले पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना की प्रगति का आकलन करने के महत्व पर जोर दिया। राव ने शादनगर में आयोजित 'प्रजा आशीर्वाद सभा' नामक चुनाव अभियान बैठक के दौरान, मतदाताओं से वोट डालने से पहले विवेकपूर्ण ढंग से सोचने का आग्रह किया और उनसे समर्थन मांगने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने का आग्रह किया क्योंकि यह सीधे राज्य के भविष्य को प्रभावित करता है।

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए वर्ष 2004 की घटनाओं को याद किया जब कांग्रेस ने बीआरएस (जिसे पहले टीआरएस के नाम से जाना जाता था) के साथ गठबंधन किया और केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सत्ता हासिल की। हालांकि, उन्होंने बताया कि 2005 में अपने आश्वासनों के बावजूद, कांग्रेस तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा देने के वादे को पूरा करने में विफल रही, जब तक कि राव के आंदोलन ने कार्रवाई के लिए मजबूर नहीं किया। वर्ष 1956 में कांग्रेस द्वारा तेलंगाना के आंध्र में विलय की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए केसीआर ने तेलंगाना के मुद्दे पर कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। उन्होंने 'इंदिरम्मा राज्यम' लाने के कांग्रेस के दावे की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और इस बात पर जोर दिया कि पार्टी ने अपने शासन के दौरान केवल लोगों की भूख से प्रेरित आवाज सुनी थी। गौरतलब है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने रविवार को खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में दावा किया था कि बीआरएस अच्छे बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है। पूर्व में 1956 तक यह राज्य हैदराबाद के नाम से हमारा ही था। कांग्रेस सरकार के दौरान हैदराबाद में सिटी कॉलेज के पास सात छात्रों को गोली मार दी गई और इस राज्य को जबर्दस्ती आंध्र में विलय कर दिया गया।



- तेलंगाना के मुद्दे पर कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर उठाया सवाल

कांग्रेस के नेताओं ने इस पर चुप्पी साध ली। वे इस विषय पर कुछ नहीं बोले। कांग्रेस की गलती के कारण तेलंगाना के सभी लोग 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रहे। पिछली सरकारों के दौरान राज्य में न बिजली थी, न ताजा पानी, न सिंचाई का पानी। हमें अपना तेलंगाना दोबारा पाने में 58 साल लग गए। ये कोई सामान्य बात नहीं है। केसीआर ने कहा कि कांग्रेस नेता कहते हैं कि तीन घंटे बिजली काफी है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार 24 घंटे बिजली देने वाले तेलंगाना में आकर कहते हैं कि हम कर्नाटक में किसानों को पांच घंटे बिजली दे रहे हैं। अगर तीन घंटे बिजली मिलेगी तो किसानों का नुकसान होगा। आप 24 घंटे बिजली चाहते हैं तो जॉनसन नाइक को खानापुर में जीतना चाहिए। कांग्रेस की सरकार आई तो धरणी को हटाकर बंगाल की खाड़ी में डाल दिया जाएगा। धरणी लागू होने से चोर, लुटेरे, रिश्वतखोरों की जेब खाली हो गई है। यदि आप अपनी जमीन बदलना चाहते हैं तो अंगूठे के अलावा मुख्यमंत्री को भी शक्तिहीन बना दिया गया है। यदि धरणी हटा दी गई तो किसान बंधु, किसान बीमा और फसल खरीद के पैसे कैसे मिलेंगे।

### दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल योजना का किया जिक्र

केसीआर ने उस अवधि के दौरान एन टी रामा राव द्वारा शुरू की गई दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल योजना का हवाला देकर कांग्रेस के शासन की कहानी को चुनौती दी। उन्होंने मतदाताओं को पिछले दशक में तेलंगाना के परिवर्तन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया और 30 नवम्बर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में बीआरएस का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है भाजपा : ललन सिंह



- भाजपा नेताओं पर लगाया गलत बयानबाजी का आरोप

**पटना,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने आरक्षण का दायरा बढ़ने के बाद कोर्ट में शिकायत दर्ज करने को लेकर कहा कि यह तो जाना हुआ मामला है न। भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है। उसको आरक्षण पसंद नहीं हैं। बिहार में जो जातीय गणना करवाई गई उसके आधार पर जो रिपोर्ट आई तो उसी के अनुसार आरक्षण तय किया गया। सबसे पहले तो उन्होंने ही कानून तोड़ा जब 50 प्रतिशत से अधिक 10 प्रतिशत सवर्ण का आरक्षण देकर इस नियम को तोड़ डाला। तो हम लोगों ने जाति आधारित गणना करवाई। इस गणना के आधार पर यह काम कर रहे हैं। न्यायालय में जाना तो भाजपा का पुराना काम है। लेकिन जितना न्यायालय गए हैं उतना बार हमारा काम हुआ या नहीं हुआ। हर बार उनको मूंह की खानी पड़ी है। वहीं, भाजपा ने जो बापू सभागार में मीटिंग बुलाई थी उसमें अनर्गल बयान बाजी नहीं करते तो कहीं उनकी खबर छपती।

मंच और नीचे मिलकर

## सुशील मोदी पर कसा तंज

वहीं, सुशील मोदी से जुड़े सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि उनसे हमारी सहानुभूति है। सुशील बेचारे दो बात पहले बोल चुके हैं। जिसकी सजा वह आज तक भुगत रहे हैं। एक बात उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। दूसरी बात उन्होंने कहा कि बिहार में एक मोदी है ही तो दूसरे मोदी की क्या जरूरत है। इन्हीं दोनों बातों का खामयाजा उन्हें आज तक भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जब तक कुछ बोलेंगे नहीं तब तक राज्यसभा में चुनाव करवाना है तो कैसे होगा। उनके साथ हमारी सहानुभूति है वह कुछ भी बोलते रहें हमें उनकी बातों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है।

## कमलनाथ व कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो पर केस दर्ज

**इंदौर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो सामने आए हैं, डीपफेक के इन मामलों पर प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें लाडली बहना योजना बंद करने की बात कही गई है। इस वीडियो को लेकर कांग्रेस नेता राकेश यादव ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय का भी एक फर्जी वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार डीप फेक मामले में चार प्रकरण दर्ज किया जा चुके हैं, इन मामलों की पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि कनाड़िया थाने की पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फर्जी वीडियो जारी करने पर प्रकरण दर्ज किया है।

# परिवार के शासन को कायम रखेगा कांग्रेस-बीआरएस के लिए वोट : शाह

**हुजूराबाद/पेद्दापल्ली (तेलंगाना),** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महत्वपूर्ण जनादेश देने की अपील की और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को जोरदार संदेश दिया कि लोग भाजपा के साथ खड़े हैं। शाह ने हुजूराबाद में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए और पेद्दापल्ली में एक रैली में भाग लेते हुए, मतदाताओं से भाजपा उम्मीदवार एटाला राजेंदर के लिए भारी बहुमत से जीताने का आग्रह किया। साथ ही राव को स्पष्ट संदेश देने के महत्व पर जोर दिया कि अगले चुनाव में बीआरएस के किसी उम्मीदवार की जमानत सुरक्षित नहीं रहना चाहिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के लिए कोई भी वोट अनिवार्य रूप से बीआरएस को फायदा पहुंचाएगा। यदि आप सरकार में बदलाव चाहते हैं, तो अपना वोट भाजपा को दें। कांग्रेस या बीआरएस के लिए वोट केवल परिवार के शासन को कायम रखेगा। मैंने पूरे तेलंगाना का दौरा किया है, और वहां भाजपा के पक्ष में जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पार्टी के सत्ता में आने के बाद पिछड़ा वर्ग समुदाय से एक मुख्यमंत्री नियुक्त करने का वादा करते हुए शाह ने मुसलमानों को दिए गए चार प्रतिशत आरक्षण को वापस लेने और इसे एससी, एसटी तथा बीसी के लिए आरक्षण पुनर्निर्देशित करने का वादा किया। उन्होंने राव पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुद्दीन ओवैसी के डर से मुक्ति दिवस के आयोजन से बचने का आरोप लगाया। शाह ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा तेलंगाना को दी गई वित्तीय सहायता पर प्रकाश डाला।



**तेलंगाना में मतदाताओं से भाजपा को मजबूत जनादेश देने का किया आग्रह**

**उम्मीद** *राजस्थान विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतदान से राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ी*

# मतदान के बाद कांग्रेस व भाजपा दोनों कर रहे जीत का दावा

**जयपुर, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-223 के मतदान के बाद अब प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ही दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा करते हुए मीडिया से कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत के साथ फिर सत्ता में आ रही हैं।**

इसी तरह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने भी दावा किया है कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को जनता का विश्वास एवं जोरदार समर्थन मिला है। जोशी ने कहा कि अब जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के साथ चल पड़ी है और उसने मोदी और कमल पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि कमल पर यही विश्वास वर्ष 2019 में देखने को मिला था जब लोग घर से चलकर मतदान केंद्र पर अपना वोट देने पहुंचे और वैसा ही विश्वास इस चुनाव में भी दिखा है। उन्होंने कहा कि इस बार ऐतिहासिक मतदान कई वर्षों बाद हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने कई तरीके एवं हथकंडे के प्रयास किए और अंतिम समय तक कई फर्जी आईडी भी बनाई गई लेकिन इस बार जनता ने भाजपा के पक्ष में और कांग्रेस की विदाई का मन बना लिया था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने कमल के निशान और भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है और किसान कर्ज माफ नहीं करने, पेपरलीक लीक और महिलाओं की सुरक्षा नहीं करने के प्रति लोगों ने गुस्सा भी जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने जो कहा कि वह करके दिखाया हैं जबकि वादाखिलाफी करने वालों को राजस्थान की जनता कभी माफ नहीं करेगी।



- राजस्थान में इस बार कई वर्षों बाद हुआ ऐतिहासिक मतदान

इसी तरह भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि इस बार इतना प्रतिशत में मतदान हुआ। इससे भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही हैं। इस चुनाव प्रचार में मोदी की सभाओं के बाद भाजपा के पक्ष में माहौल बना और जनता भाजपा के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने को उत्सक थे और कांग्रेस के पक्ष में निराशा थी, इसलिए यह ऐतहासिक मतदान हुआ। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ चुनाव जीत रही है। बता दें कि राजस्थान विस चुनाव की प्रदेशभर में वोटिंग के बाद कई जगह मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाए तो इस बार मतदान प्रतिशत आगे ही रहा है। इस बार 74 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखाई है।

बिलासपुर, मंगलवार 28 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी को बेनकाब करता सोनिया गांधी का लेख

आधारहीन होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पार्टी, उनके नेताओं एवं सरकारों की जिस अशोभनीय तरीके से आलोचना करते हैं, उसकी कलई अब धीरे-धीरे खुलने लगी है। चाहे भ्रष्टाचार हो या वंशवाद का सन्दर्भ अथवा सरकार के कामकाज से सम्बन्धित कोई तथ्य हो- अब मोदी, उनकी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनाये जाने वाले दोहरे मानदंडों वाले व्यवहार का भी पर्दाफाश हो गया है। सच तो यह है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होते न होते उनके झूठ व प्रपंच पूरी तरह से जगजाहिर हो गये हैं। विकास के मुद्दों पर तो मोदी यही रटी-रटायी बात करते थे कि पिछले 70 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है, वहीं वे यह बताते थे कि उनकी पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (दो कार्यकाल) पूरी तरह से कठपुतली सरकार थी जो सोनिया गांधी के इशारे पर काम करती थी। वे हाल के चुनाव प्रचार तक यही कहते रहे हैं कि मनमोहन सिंह का रिमोट मैडम (आशय- सोनिया गांधी) के हाथ में रहता था। मोदी का यह भी कहना रहा है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (नेशनल एडवाइज़री काउंसिल- एनएसी) दूसरा पॉवर सेंटर बन गया था जिसका संचालन सोनिया गांधी करती थीं।

इस मुद्दे पर सोनिया गांधी ने अब जो जवाब दिया है वह लोगों के लिये आंखें खोल देने वाला तो है ही, मोदी एवं उनके जैसों को निरूत्तर करने के लिये भी काफी होना चाहिये, बशर्ते उनमें सच्चाई का सामना करने का साहस तथा नैतिकता का तकाज़ा हो। अपनी आने वाली एक किताब में सोनिया गांधी ने इस पर स्पष्टीकरण तो दिया ही है, मोदी सरकार पर गम्भीर आरोप जड़ दिये हैं। उन्होंने कहा है कि उन पर मनमोहन सिंह सरकार को नियंत्रित करने का आरोप लगाने वाले मोदी की अपनी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेशों के अनुसार काम करती है जो न विश्वसनीय है न निर्वाचित। उन्होंने इससे इंकार किया कि एनएसी कोई दूसरा शक्ति केन्द्र था। उनके अनुसार यह लोगों के अधिकारों व उनके सशक्तिकरण सम्बन्धी सुझाव देती है। किताब में 'एन्हैंसिंग पीपल्स राइट एंड फ्रीडम- एनएसी रिविजिटेड' शीर्षक वाले अध्याय में उन्होंने कहा है कि यह विडम्बना है कि एनएसी को अपमानित किया गया है जबकि मौजूदा एनडीए सरकार अपनी नीतियों को लेकर आरएसएस से निर्देश लेती है। उन्होंने आगे बताया है कि 2015 में केन्द्रीय मंत्रियों ने अपनी नीति का पूरा खाका उनके सामने प्रस्तुत किया था जिसे स्वयं मोदी ने 'सरकार को मार्गदर्शन' का नाम दिया था पर ये लागू नहीं किये गये।

सोनिया गांधी ने साफ किया है कि एनएसी का काम केवल सुझाव देना था। अमल करना या न करना प्रधानमंत्री व सरकार के विवेक पर निर्भर था। उन्होंने याद दिलाया कि जब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से बजट बनाने और गैर संगठित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये भी सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया गया था तो वे फैसले नहीं माने गये। यूपीए की अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का संकेत प्रधानमंत्री के विवेकाधिकार की ओर ध्यान दिलाना था जो शक्ति केन्द्र नहीं है। वह केवल पीएम के सलाहकार निकाय के रूप में कार्यरत थी। सोनिया का यह कहना भी बिलकुल सही है कि एनएसी की आलोचना इसलिये की जा रही है क्योंकि उसकी अध्यक्ष व कांग्रेस की अध्यक्ष वे ही थीं। उन्होंने लेख बताया कि केवल बाजार ही लोगों के विकास को सुनिश्चित नहीं कर सकता। इसके लिये लोगों के अधिकारों को अक्षुण्ण बनाये रखना एवं उनमें इज़ाफ़ा करना भी आवश्यक होता है जो करने की कोशिश उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी।

सोनिया का लेख बतलाता है कि मोदी की समझ न केवल संकीर्ण व पूर्वाग्रह से ग्रस्त है वरना वह दोषपूर्ण भी है। मनमोहन निश्चित रूप से सोनिया की ही पसंद के व्यक्ति थे क्योंकि उन्होंने पीएम बनने से इंकार कर दिया था, लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने पूरी आज़ादी से काम किया था। तत्कालीन एनएसी ने भी बेहतरीन सुझाव देते हुए भारत की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया था। मनमोहन सिंह के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर पहले उनकी सलाहकार परिषद में भी विचार-विमर्श हुआ और उसे मनमोहन सिंह जैसे कुशाग्र व्यक्ति द्वारा परिमार्जित कर लागू किया गया था। इसके बेहतरीन नतीजे भी प्राप्त हुए थे। एनएसी की सलाह पर सरकार ने सूचना का अधिकार लागू किया जिससे लोगों की पहुंच आवश्यक जानकारियों तक हो सकी है। इससे सरकार की जवाबदेही बढ़ी तथा लोक सेवा की प्रणाली अधिक सक्रिय हुई है। भोजन के अधिकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कुपोषण की समस्या से भी एक बड़ी आबादी को छुटकारा मिल सका था। शिक्षा के अधिकार ने साधनविहीन परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले परन्तु महंगे स्कूलों में प्रवेश दिलाया ताकि सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) को नहीं भुलाया जा सकता, जिसने रोजगार को अधिकार के साथ जोड़ा है। जब ग्रामीणों के पास जीविकोपार्जन के साधन नहीं रहते, उनके द्वारा मांग करने पर रोजगार देने के लिये शासन को बाध्य करने वाला कानून इसी एनएसी के जरिये आया था। इसने देश की एक बड़ी आबादी को कोरोना काल में भूखे मरने से बचाया था। इसका महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि संसद में इसे कांग्रेस सरकार की 'विफलता का स्मारक' बतलाने वाले मोदी की पार्टी इसके तहत हुए कामों का बखान अपने चुनावी घोषणापत्र में करती दिखाई दी। सोनिया का लेख मोदी को बेनकाब करता है।

# संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई देने के जरिए, प्रकारांतर से संविधान में अपनी निष्ठा की बात भी दोहराई। यह दूसरी बात है कि इस बार किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री ने, 26 नवंबर की अपनी ''मन की बात'' में संविधान दिवस की महत्ता का बखान करने पर ही संतोष कर लिया। पिछले वर्षों के विपरीत इस बार उन्होंने संविधान दिवस के मौके पर, अपने हिसाब से संविधान को ही देखने की कोई नयी दृष्टि देना जरूरी नहीं समझा, जैसे कि मिसाल के तौर पर 2019 से वह संविधान के संदर्भ में मौलिक अधिकारों के मुकाबले में, मौलिक कर्तव्यों को ज्यादा महत्व दिए जाने का आग्रह संविधान के संदर्भ में उनके संबोधनों की मुख्य थीम बना रहा है। इसे पिछले साल इसी मौके पर, सर्वोच्च न्यायालय के आयोजन में अपने संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने दोहराया था।

हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था। लेकिन, मोदी राज के सरकारी कैलेंडर में, गणतंत्र दिवस से अलग, संविधान दिवस के पालन को जुड़वाने के पीछे, संविधान के साथ ठीक वैसा ही सलूक छुपा हुआ है, जैसा सलूक अंबेडकर, सरदार पटेल आदि से लेकर सुभाषचंद्र बोस आदि तक के मौजूदा राज के ''सम्मान'' के साथ लगा रहता है। और यह है सम्मान या नामस्मरण के नाम पर प्रतिमा पर माला चढ़ाने से लेकर स्मारक बनाने तक के पाखंड और इस पाखंड की ओट में, ठीक उल्टे रास्ते पर चलना। इसी सलूक का एक और उदाहरण, भारत के ''मदर ऑफ डैमोक्रेसी'' होने का ढोल पीटना और वास्तविक अमल से यह सुनिश्चित करना है कि शेष दुनिया भारत को ''आंशिक जनतंत्र'' से लेकर ''चुनावी तानाशाही'' या ''चुनावी निरंकुश शासन'' तक कहे और प्रेस की स्वतंत्रता के सूचकांक पर भारत, कुल 180 देशों में 161वें स्थान पर हो!

संविधान के साथ मौजूदा निजाम के इसी शत्रुतापूर्ण सलूक के जीते-जागते सबूत के तौर पर, देश के सर्वोच्च न्यायालय को इस बार संविधान दिवस के कर्मकांड से सिर्फ दो दिन पहले, इस निजाम के राज्यपालों की एक प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था को ही पलटने की कोशिशों के खिलाफ काफी सख्त फैसला सुनाना पड़ा था। पंजाब के राज्यपाल, बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा राज्य विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को रोक कर रखे जाने और वास्तव में विधानसभा की बैठकों को ही अमान्य ठहराने के खिलाफ, राज्य की निर्वाचित सरकार की याचिका पर 23 नवंबर को सुनाए गए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में, सुप्रीम कोर्ट को एक न्यूनतम पूर्वाधार के रूप में संवैधानिक व्यवस्था के इस बुनियादी सिद्धांत को दोहराना पड़ा है कि, ''राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गयी हैं'', लेकिन ''इस शक्ति का उपयोग राज्य विधायिका (सरकार) द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता है।'' और यह भी कि राज्यपाल, ''एक प्रतीकात्मक प्रमुख हैं और वह राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई रोक नहीं सकते हैं।''

अनिर्वाचित, प्रतीकात्मक प्रमुख के रूप में राज्यपालों के निर्वाचित विधायिका के विधान बनाने के काम को ही विफल करने की इस प्रवृत्ति पर और इसके लिए राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर लंबे समय तक बैठे रहकर, विधायी प्रक्रिया को ही रोक देने की कोशिशों को, सुप्रीम कोर्ट ने अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुख की निर्वाचित राज्य विधायिका पर वीटो हासिल करने की कोशिश करार देते हुए, ऐसी कोशिशों को दो-टूक शब्दों में संविधान के विरुद्ध के रूप में अमान्य कर दिया है। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं छोड़ते हुए, अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया है कि, निर्वाचित राज्य विधायिका द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद, राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं—विधेयक को मंजूरी देना, नामंजूर हो तो उसे संशोधन या सुझाव के साथ या पुनर्विचार के अनुरोध के साथ विधायिका को लौटाना और विधेयक राष्ट्रपति को रैफर करना। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया इनके अलावा, अनंतकाल तक विधेयक को रोके रखने जैसा कोई चौथा विकल्प, राज्यपाल को उपलब्ध नहीं है। उल्टे सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल द्वारा 'यथाशीघ्र' निर्णय लेकर, विधायिका को सूचित किए जाने की अनिवार्यता को रेखांकित करते हुए याद दिलाया कि, ''राज्यपाल को किसी विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के अनिश्चितकाल तक लंबित रखने की आजादी नहीं दी जा सकती है।''

हालांकि सुप्रीम कोर्ट का 23 नवंबर का उक्त निर्णय, पंजाब के राज्यपाल के आचरण के संबंध में निर्वाचित राज्य सरकार की याचिका के विशेष संदर्भ में आया है, लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी निजाम द्वारा बैठाए गए राज्यपालों ने विपक्ष शासित राज्यों में, शासन का काम-काज बाधित करने के जो हथकंडे विकसित किए हैं, विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों को लंबे अर्से तक रोके रखन, इन हथकंडों में से एक महत्वपूर्ण हथकंडा है। इसका सहारा लेकर, राज्यपाल इस स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था को धता बता सकता है कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयक, राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाए जाने के बाद, अगर विधानसभा उसे दोबारा पारित कर देती है, तो राज्यपाल को उसके लिए मंजूरी देनी ही होगी। ठीक उसी समय जबकि पंजाब में मामले में सुप्रीम कोर्ट उक्त सख्त और दो-टूक निर्णय दे रही थी, सुप्रीम कोर्ट में ही तमिलनाडु और केरल की विपक्षी सरकारें भी, अपने राज्यपालों के ठीक ऐसे ही विधेयकों पर दो-दो साल से बैठे रहने के खिलाफ पहुंची हुई थीं। तमिलनाडु की याचिका चंद दिनों में सुप्रीम कोर्ट लेने जा रही है, जबकि केरल की याचिका के सिलसिले में उक्त निर्णय सुनाने के अगले ही दिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के राज्यपाल को अपने इस निर्णय का अध्ययन करने और जाहिर है कि उसकी रौशनी में जरूरी सुधार करने की सलाह दे दी। शीर्ष अदालत शीघ्र ही इस मामले पर भी गौर करने जा रही है।


राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था।

मोदी राज द्वारा छांट-छांटकर जिस तरह के राज्यपाल बैठाए गए हैं, उन्होंने विपक्ष-शासित राज्यों में जैसे आम तौर पर विपक्ष की सक्रिय भूमिका ही संभाल लेने की कोशिश की है। अव्वल तो इनमें से अधिकांश संघ-भाजपा के सक्रिय नेता ही रहे हैं, जो स्वाभाविक रूप से ऐसी भूमिका अपनाने के लिए उत्सुक हैं और कुछेक अगर नहीं भी हैं तो पुरुस्कार या दंड के जरिए, उन्हें इस रास्ते पर धकेल दिया जाता है। इसका नतीजा लगभग सभी विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के कमोबेश, निर्वाचित सरकार के काम में अड़चनें खड़ी करने में लगे होने के रूप में ही सामने आ रहा है। बहरहाल, राज्यपालों और विपक्षी सरकारों के बीच के इस टकराव में, एक महत्वपूर्ण समान तत्व उच्च शिक्षा संस्थाओं पर, संघ का कब्जा कराने के लिए, अपना निरंकुश नियंत्रण कायम करने की राज्यपालों की कोशिशों का है। केरल, तमिलनाडु तथा अन्य विपक्ष शासित राज्यों में भी सरकारों ने, राज्यपालों की उच्च शिक्षा संस्थाओं के प्रतीकात्मक प्रमुख से आगे बढ़कर, निरंकुश कार्यपालक प्रमुख बनने की कोशिशों को रोकने के लिए, संबंधित कानूनों में संशोधन पारित किए हैं। लेकिन, राज्यपाल दो-दो बरस से इन संशोधनों पर बैठे हुए हैं और राज्यों की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अराजक स्थितियां पैदा कर रहे हैं।

अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुखों के, निर्वाचित सरकारों की सत्ता व अधिकार हड़पने की इस कहानी के मामले में, औपचारिक रूप से उप-राज्यपाल कहलाने वाले लैफ्टीनेंट गवर्नर तो, राज्यपालों से भी दो कदम आगे नजर आते हैं। दिल्ली में उपराज्यपाल ने तो केंद्र के प्रत्यक्ष आशीर्वाद से एक प्रकार से दुहरी शासन व्यवस्था ही थोपी हुई है, जिसका नतीजा अनेक महत्वपूर्ण मामलों में शासन-प्रशासन का काम अटके रहने से लेकर ठप्प होना तक है। यह स्थिति इसके बावजूद है कि सुप्रीम कोर्ट, कम से कम दो अलग-अलग मौकों पर, स्पष्ट रूप से यह कह चुकी है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। लेकिन, मोदी सरकार ने हर बार, दिल्ली से संबंधित कानूनों में संशोधन कर के जमीन पर यह स्थापित करने की कोशिश की है कि लैफ्टीनेंट गवर्नर और जाहिर है कि उसके माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्रालय ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। ताजातरीन संशोधन तो नौकरशाहों की नियुक्ति, तबादले आदि के मामलों के संबंध में, इसी साल कुछ ही महीने पहले किया गया है। और यह सब तब है जबकि दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस तथा जमीन के मामले पहले ही सीधे केंद्र के हाथों में हैं। दिल्ली की ही तरह, जब तक पुदुच्चेरी में विपक्षी सरकार थी, भाजपा नेता से लैफ्टीनेंट गवर्नर बनाकर बैठाई गईं किरण बेदी ने, उसका काम करना मुश्किल बनाए रखा था। यहां तक कि एक मौके पर तो खुद मुख्यमंत्री को उप-राज्यपाल के खिलाफ धरने पर भी बैठना पड़ा था।

बेशक, अनिर्वाचित राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के जरिए, निर्वाचित राज्य सरकारों की सत्ता का अपहरण करने के इस संविधानविरोधी खेल का ही और भी बड़ा रूप, हमें जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा है। वहां छः साल से ज्यादा से सीधे केंद्र तथा केंद्र के एजेंट का शासन चल रहा है, लेकिन निर्वाचित सरकार की कोई सुनगुन ही नहीं है। इसी दौरान राज्य के बांटे जाने तथा उसका दर्जा घटाकर केंद्र शासित क्षेत्र का किए जाने के बाद भी, चार साल गुजर जाने के बावजूद और विधासभाई सीटों के परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के सारे काम पूरे हो जाने और आतंकवाद पर काबू पाए जाने के सारे दावों के बावजूद, विधानसभाई चुनाव को कहीं कोई जिक्र नहीं है। हैरानी की बात नहीं होगी कि जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस का पाखंडपूर्ण कर्मकांड भी शायद ही हुआ हो।

संविधान दिवस के पाखंडपूर्ण कर्मकांड मात्र होने पर ही जैसे मोहर लगाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए याद दिलाई कि संविधान में 'पहला संशोधन वाणी की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए किया गया था।' पर इस पर अफसोस का पाखंड उस सरकार का मुखिया कर रहा था, जो ठीक उसी समय परंपरागत तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया को लगभग पूरी तरह से कांख में दबाने के बाद, सामाजिक तथा अन्य नये मीडिया व मनोरंजन प्लेटफार्मों की भी मुश्कें कसने में जुटी हुई है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची

■ **आशीष विश्वास**

पड़ोसी पश्चिम बंगाल की तरह, 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ इंडिया गठबंधन के घटकों द्वारा आमने-सामने की लड़ाई सुनिश्चित करने के प्रयास असम में भी ठीक नहीं चल रहे हैं, जो 14 सीटों के साथ पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

राष्ट्रीय स्तर पर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी पार्टियां सीटों की साझेदारी के प्रमुख मुद्दे पर तत्काल समझौते के लिए दबाव डाल रही थीं, परन्तु सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और नये इंडिया गठबंधन के स्पष्ट राजनीतिक केंद्र के रूप में, कांग्रेस जवाब नहीं दे रही थी।

उनका व्यापक तर्क था: व्यापक विपक्षी गठबंधन में इतने सारे दलों और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच स्पष्ट नीतिगत मतभेदों, और संभवत: कुछ के बदमिजाजी के कारण कोई भी सीट समायोजन अभ्यास समय साध्य होना ही था। यह संपूर्ण भाजपा-विरोधी विपक्ष को एक छतरी के नीचे लाने के बड़े महत्वाकांक्षी उद्देश्य का अब तक का सबसे कठिन हिस्सा था।

> टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है। जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी।

इसके अलावा, अधिकांश क्षेत्रीय दलों ने, अनौपचारिक रूप से सीटों की प्रारंभिक मांग रखते हुए भी, यह स्पष्ट कर दिया था कि पूरे भारत में, उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उनके हितों को समायोजित करेगी, जो राजनीतिक नेतृत्व का एक महान उदाहरण स्थापित करेगी। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी बताया, जिसका पतन हो चुका है और अगर भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर हराना पहली प्राथमिकता है, तो उसे क्षेत्रीय दलों की मदद की सख्त जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक वोट प्रतिशत, 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 20प्रतिशत, के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप मेंकांग्रेस नेताओं ने जोर देकर कहा कि कोई भी क्षेत्रीय पार्टी उनके वोट शेयर या हासिल की गई सीटों की संख्या के करीब भी नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की प्रभावशाली भारत जोड़ो यात्रा को काफी लोकप्रिय समर्थन मिला है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वे इसी कारण पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के नतीजे आने तक सीट समायोजन वार्ता के लिए इंतजार करने के लिए इंडिया गठबंधन की छोटी पार्टियों पर हावी हो गये। गैर-कांग्रेसी इंडिया गठबंधन साझेदारों को 3 दिसंबर के नतीजों के लिए अनिच्छा से इंतजार करना पड़ा।

जहां तक असम का सवाल है, टीएमसी और आप दोनों ने अनौपचारिक रूप से कम से कम 5 सीटों पर लड़ने का दावा किया है! यह, सीपीआई (एम), सीपीआई, रायसर दल, असम जातीय परिषद और मैदान में अन्य स्थानीय स्थापित पार्टियों की सीटों के लिए की जाने वाली समान मांगों के संदर्भ या चर्चा के बिना है।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है।

जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी। विवाद में 42सीटों के साथ, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम या कांग्रेस जैसे प्रमुख इंडिया सहयोगी सत्तारूढ़ टीएमसी से बात करने को भी तैयार नहीं हैं। जैसा कि सीपीआई (एम) और कांग्रेस के राज्य नेता खुले तौर पर कहते हैं, कि टीएमसी के साथ सीटें साझा करने की बात पर वे अपने केंद्रीय नेतृत्व से सहमत नहीं होंगे, क्योंकि बंगाल में सभी विपक्षों को खत्म करने के लिए टीएमसी की घोर ज्यादतियां, भ्रष्टाचार और आधिकारिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

गौरतलब है कि न तो केंद्रीय सीपीआई (एम) नेताओं और न ही कांग्रेस आलाकमान ने कोई संकेत दिया है कि वे राज्य के पार्टी नेताओं को अपने टीएमसी विरोधी रुख को नरम करने के लिए दृढ़ता से निर्देश देंगे। हालांकि, ऐसे संकेत हैं कि दिल्ली स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएमसी के साथ कुछ समायोजन करने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, अगर टीएमसी सबसे पुरानी पार्टी को कम से कम 5/6सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देती है।

इस नाजुक स्थिति में, असम कांग्रेस के नेता भूपेन बोरा और देबब्रत सैकिया ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आलाकमान ने असम के लिए सीट समायोजन प्रस्तावों की जांच करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति या पार्टी अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, अन्य दलों के साथ बातचीत के बाद सीट समायोजन और अन्य मुद्दों पर पार्टी की अंतिम स्थिति की घोषणा करेंगे।

असम से नवीनतम मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, असम कांग्रेस के अध्यक्ष श्री बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री सैकिया ने स्पष्ट किया कि सीट समायोजन पर कांग्रेस नेताओं द्वारा घोषित अंतिम निर्णय इंडिया गठबंधन के भीतर बाध्यकारी होगा।

यह अप्रत्याशित नहीं कि आप और टीएमसी दोनों ने इसका जोरदार और तुरंत विरोध किया। आप इस बात पर जोर देने की इच्छुक है कि वह नये गठबंधन के भीतर मुख्य भूमिका के रूप में क्या देखती है, खासकर पंजाब में जीत के बाद, जो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश के बाद उसकी बेल्ट के तहत दूसरा राज्य है। कांग्रेस के बाद, वह खुद को भाजपा-विरोधी समूह में पहले स्थान पर देखती है। इसके नेताओं ने कुछ मामलों में त्रिपुरा, गोवा या असम में अपनी छाप छोड़ने में टीएमसी की विफलता का जिक्र करते हुए टीएमसी पर भी कटाक्ष करना शुरू कर दिया है।

राज्य स्थित टीएमसी और आप नेताओं ने असम में मीडिया से कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राज्य में सीट बंटवारे के बारे में घोषित निर्णय को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके गैर-कांग्रेसी सहयोगियों के लिए 'बाध्यकारी' माना जाये।

स्पष्ट रूप से, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में विपक्षी नेताओं ने अपनी अलग-अलग राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भाजपा विरोधी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एकजुटता हासिल करने के लिए अपना काम बंद कर दिया है।

## पावन प्रसंग

# ध्यान कैसे करें

ध्यान क्या है? ध्यान कैसे करें, ध्यान करने की सबसे अच्छी विधि क्या है? ध्यान कितने समय तक करना चाहिए? क्या आंखें बंद कर करके ईश्वर का स्मरण करना ही ध्यान है? क्या किसी आसन विशेष में बैठकर किसी वस्तु, व्यक्ति या बिंदु पर मन को एकाग्र करना ध्यान है? आदि अनेक प्रश्न साधकों व जिज्ञासुओं के मन में उठते हैं। ध्यान ईश्वर की अनुभूति का, परमानंद की प्राप्ति का एक श्रेष्ठ साधन है। ध्यान की कई विधियां हैं और उन सबका उद्देश्य एक ही है- ईश्वर की अनुभूति व परमानंद की प्राप्ति। इसे ऐसे महसूस करें कि जैसे पूर्णिमा का चांद अपने संपूर्ण स्वरूप में चमक रहा है। वह समुद्र की सतह पर प्रतिबिंबित हो रहा है, पर समुद्र में उठ रही ऊंची-ऊंची लहरों पर चंद्रमा का प्रतिबिंब टिक नहीं पा रहा, स्थिर, नहीं हो पा रहा। फलस्वरूप हम उसके संपूर्ण स्वरूप का, सौंदर्य का दर्शन, दिग्दर्शन नहीं कर पा रहे। पर अचान जैसे ही समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची लहरें कुछ पल के लिए शांत होती हैं, वैसे ही चंद्रमा अपने पूर्ण, संपूर्ण सौंदर्य, स्वरूप में दिखने लगा और उसके इस अप्रतिम, अनुपम सौंदर्य को देखकर कोई भी हो, आनंदित, आह्लादित, प्रफुल्लित हुए बिना नहीं रह सकेगा।

इसी तरह से यह भी सत्य है कि हमारी आत्मा में भी परमपिता परमात्मा, का वास है, पर प्रश्न उठता है कि अपनी आत्मा में ही विराज रहे परमात्मा की हमें अनुभूति क्यों नहीं हो पाती? ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे मन में, हमारे चित्त में भी ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं। हमारे मन में अच्छाओं की ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं उन लहरों के कारण ही हमें अपने ही भीतर विराजमान परमात्मा के होने की अनुभूति नहीं हो रही। अत: विभिन्न पूजा पद्धतियों व ध्यान की विधियों का एक ही उद्देश्य है- मन में उठ रही उन सभी लहरों को शांत कर लेना, समाप्त कर लेना।

ध्यान मन की लहरों को शांत करता है, चित्त को स्थिर रखता है, संस्कारों से मुक्त रखता है। मन की इच्छाओं को शांत करता है,हमें हमारी आत्मा में प्रकाश स्वरूप परमात्मा के दर्शन होने लगते हैं। हमारे अंदर आनंद का अजस्र स्रोत फूट पड़ता है। हमारा अंतस ईश्वरीय आलोक से आलोकित होने लगता है। यह ऐसा आनंद है जो अवर्णनीय है, अलौकिक है, अद्वितीय है, अनुपम है। यह परम आनंद हमारी आत्मा से प्रस्फुटित होता है, क्योंकि हम स्वयं भी सत चित्त आनंद स्वरूप परमात्मा से बने हैं। हम स्वयं भी उन्हीं परमात्मा के अंश हैं जो आनंदस्वरूप हैं। यह हमारी अपनी ही चेतना है, जो ईश्वरीय चेतना से जुड़कर स्वयं भी सत चित्त आनंदस्वरूप परमात्मास्वरूप हो जाती है।

अब प्रश्न यह उठता है कि ध्यान की शुरुआत कहां से और कैसे करें? इसकी शुरुआत हम निस्संदेह एकाग्रता से कर सकते हैं। हम जो भी कार्य करें, उसे एकाग्रचित्त होकर करें। यदि हम भोजन पर बैठे हैं तो उसे पूरी एकाग्र होकर करें यदि हम खेल रहे हैं तो हमारी पूरी एकग्रता खेल में ही होनी चाहिए। यदि हम पढ़ रहे हैं तो हमारी पूरी एकाग्रता पढ़ने में ही होनी चाहिए। इससे हमारा मन अधिक एकाग्र और संवेदनशील होता जाएगा और ध्यान के अनुकूल होता जाएगा। हम भोजन की टेबल पर बैठे भोजन कर रहे होते हैं और राजनीति तथा अन्य विषय की चर्चाएं भी चल रही होती हैं। हम स्नान कर रहे होते हैं और अन्य विषयों पर विचार भी कर रहे होते हैं। यह ठीक नहीं है क्योंकि इससे मन की एकाग्रता क्षीण पड़ती है। जिस काम को करें उसमें पूर्णत: एकाग्र हो जाएं। यदि हम गुनगुनी धूप में बैठे हैं तो सूर्य की किरणों को यों महसूस करें मानो इन किरणों के माध्यम से सूरज ने अपने हाथ हम तक फैला दिए हैं, मानो सूरज हमें स्पर्श कर रहा हो। हमारे चेहरे पर पड़ती सूरज की गुनगुनाती धूप हमारे हृदय को आंदोलित करने लगे। हम चलते हुए हवा के स्पर्श को महसूस करें मानो हवा के झोंकों ने हमारे संपूर्ण अस्तित्व को छू लिया हो।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# जवाबदेह महिला ही क्यों बने ?

समाज में औरतों को हमेशा से ही बंधनों में बांधकर रखा गया है, जिससे कि अगर उसके साथ किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ने से भी डरती है क्योंकि अगर वह कुछ कहती है तो समाज ही उसे गलत ठहरा कर चुप करा देता है। ऐसे में यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो वह इसके खिलाफ आवाज़ भी नहीं उठा पाती है। यहां तक कि वह इसे किसी के सामने रखने से भी डरती है। बात चाहे शहर की हो या गांव की, सभी जगह महिलाएं स्वयं को शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं मानती हैं। शहरों में जहां महिला हिंसा का अलग रूप देखने को मिलता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मान्यताओं के नाम पर महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा होती है। कभी उसे शारीरिक तो कभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा सबसे अधिक चिंता का विषय बनती जा रही है। जिन्हें स्कूल या कॉलेज आते जाते समय कभी लड़कों तो कभी अन्य पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स का सामना करना पड़ता है।

अफ़सोस की बात यह है कि इस प्रकार का कृत्य जहां किशोरियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है वहीं दूसरी ओर यह समाज के नैतिक पतन की ओर इशारा भी करता है। शहरों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के कई अवसर मिल जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के लिए यह आज भी अपेक्षाकृत काफी मुश्किल होता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला अंतर्गत रौलियाना गांव। जहां लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की बाधाओं से गुज़रना पड़ता है। इनमें सबसे बड़ी बाधा लड़कों और पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना है। यह एक ऐसी हिंसा है जो किशोरियों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर गांव की एक किशोरी बताती है कि 10वीं पास करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए किशोरियां राजकीय इंटर कॉलेज, मेगडी स्टेट में अपना नामांकन कराती हैं, जो रौलियाना से करीब 7 किमी दूर है. यह इस गांव से सबसे करीब इंटर कॉलेज है। इतना ही नहीं यह इंटर कॉलेज अन्य गांव जैसे जोड़ा स्टेट और पिंगलो से भी सबसे नज़दीक है, जिसके कारण इन सभी गांवों की लड़कियां यहीं पढ़ने आती हैं। यहां पढ़ने वाली 90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं. जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं। न तो हम इस संबंध में अपनी शिक्षिका से कह पाती हैं और न ही हम घर में इसकी शिकायत कर पाती हैं क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इससे हमारे ही परिवार की बदनामी होगी और सकता है कि हमारी पढाई रुकवा दी जाए क्योंकि हमने देखा है कि यदि कुछ लड़कियां हिम्मत करके इसके खिलाफ आवाज़ उठाती भी हैं स्वयं परिवार भी उनका साथ देने की जगह इसका दोष उन्हीं लड़कियों पर डाल दिया जाता है। कई परिवारों ने इस प्रकार की घटना के बाद लड़की का इंटर कॉलेज जाना ही बंद करवा दिया। वह सवाल करती है कि आखिर इसमें उस लड़की का क्या दोष होता है? क्यों परिवार उसका साथ देने की जगह उसे ही शिक्षा से वंचित कर देता है?

**पूजा गोस्वामी, रौलियाना, उत्तराखंड**

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर- तुमने आने में देर कर दी।
पिंटू- क्यों डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर- मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

# अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नई दिल्ली

## इन प्रतिभागी टीमों से 24वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता, गांधीनगर के लिए किया गया टीम का चयन

### 15 टीमों के 253 सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया

### द्वितीय और तृतीय स्थान पर सिकंदराबाद व खड़गपुर





**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। 12वीं अखिल भारतीय रेलव सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता के संयोजन की जिम्मेदारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को दिये जाने पर रेलवे सुरक्षा बल, बिलासपुर मंडल द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 12 रेलवे जोन, जे.आर.आरपीएफ एकेडमी लखनउ एवं रेसुविबल सहित कुल 15 इकाईयों के 253 बल सदस्य शामिल हुए ।

24 नवंबर को एन.ई.इंस्टीट्यूट मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक–सह–प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ कर वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिह तोमर द्वारा सभी प्रतियोगियों का स्वागत एवं मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन पश्चात प्रतियोगिता के आरंभ की घोषणा की गई। 25 एवं 26 नवम्बर को 12 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता कराई गई, प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भारतीय सेना के अनुभवी अधिकारियों को सिकन्दराबाद से बुलाया गया था ।

27 नवम्बर सोमवार की शाम अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर थे। उनके साथ महानिरीक्षक–सह–प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उप–महानिरीक्षक–सह–मुख्य सुरक्षा आयुक्त, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त,बिलासपुर, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, स्थानीय पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं रायपुर तथा नागपुर रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक महोदय के स्वागत पश्चात बैंड की टीमों ने अपनी धुनों पर बेहतरीन प्रर्दशन करते हुए मार्च पास्ट कर अपनी प्रतिभा का अनुपम प्रर्दशन किया । मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के निर्णय की घोषणा करते हुए विजेता तथा उपविजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया तथा निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कड़ी में बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेलवे सुरक्षा विशेष बल 1, दया बस्ती, नई दिल्ली, द्वितीय स्थान दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद तथा तृतीय स्थान दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर ने प्राप्त किया। बिगुल प्रतियोगिता में प्रथम तथा तृतीय स्थान रेलवे सुरक्षा विशेष बल–ढ्ढ, दया बस्ती, नई दिल्ली, द्वितीय स्थान उत्तर रेलवे, नई दिल्ली ने प्राप्त किया। पाइप बैंड प्रतियोगिता मे रेलवे सुरक्षा विशेष बल–II को विजेता घोषित किया गया । विभिन्न क्षेत्रीय रेलों से आए बैंड के प्रदर्शन के साथ–साथ छत्तीसगढी राउत नाचा, गेडी नृत्य तथा पंडवानी गीत आदि कई सास्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## संपादकीय

### बच्चों की जान से खिलवाड़ करते लोग

*बड़ी संख्या में मासूमों को बड़ों की लापरवाही के चलते अपूरणीय हानि उठानी पड़ती है। इनमें उन्हें होने वाली मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक हानि से लेकर जान गंवाने तक की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती हैं। शहर हों या गांव, सभी जगह बच्चों के लिये प्रकारान्तर से एक जैसी खतरनाक परिस्थितियां हैं। कभी उन्हें घर या बाहर, खासकर स्कूलों में प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है तो कई बार वे यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। इनमें छोटी बच्चियां ज्यादा होती हैं। कभी उन्हें अकेले कहीं काम पर भेज दिया जाता है तो कभी बिना किसी की देख-रेख के घरों पर छोड़ दिया जाता है। इसके कारण कभी कोई उनसे मार-पीट कर जाता है तो कभी उनका अपहरण हो जाता है या वे खो भी जाते हैं। ऐसे हालात में उनकी हत्याएं तक होती देखी गई हैं। कभी उन्हें गहरे तालाबों या नदियों में अकेले या गिने-चुने उनके हमउम्र मित्रों या भाई-बहनों के साथ नहाने भेज दिया जाता है जिस दौरान वे डूब जाते हैं।*

*ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि उनके जीवन के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ होता नज़र आता है। मस्तूरी थाना के अंतर्गत पाराघाट में ऐसा ही वाकया हुआ है। शनिवार की सुबह अंजली यादव नामक 6 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिये निकली। वह गांव की एक दूकान के पास खड़ी थी तभी उसे वहां से ट्रेक्टर पर गुज़र रहे एक परिचित व्यक्ति ने स्कूल छोड़ने के लिये ट्रैक्टर के इंजिन पर बिठा लिया। तेजी से चलते ट्रैक्टर के झटकों में वह बच्ची खुद को स्थिर नहीं रख पाई और छिटककर गिर गई। इतना ही नहीं, वह उसी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गई जिसके कारण उसकी दुखद मौत हो गई। पिता रामनारायण यादव ने ट्रैक्टर चालक धरमपाल बघेल के खिलाफ लापरवाही बरतते हुए बच्ची की जान लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई।*

*यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है परन्तु इससे सबक लेते हुए सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि इस प्रकार बच्चों को अकेला छोड़ना उचित नहीं। यथासम्भव घर का ही कोई व्यक्ति उन्हें स्कूल तक छोड़ने और वहां से घर लाने के लिये जाये। अगर यह सम्भव न हो तो उस स्कूल में ही पढ़ने वाले किसी बड़े बच्चे के साथ छोटे बच्चों को भेजना चाहिये। अब गांवों की स्थिति पहले की तरह नहीं रह गई है। सभी तरह के वाहन अब गांवों में भरपूर संख्या में हो गये हैं। सड़कें भी अच्छी होने के कारण वे तेज गति से चलाए जाते हैं। ऐसे में तथा अन्य कई कारणों से जब बड़ों के ही जीवन सुरक्षित नहीं हैं तो यह कैसे उम्मीद की जाये कि मासूम व नासमझ बच्चों का जीवन सुरक्षित है या वे अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही कर लेंगे?*

## सार-संक्षेप

### मस्तूरी में रावत नाच का भव्य आयोजन

#### हर साल बालक स्कूल मैदान में एकादशी के बाद किया जाता है, इस वर्ष आयोजन 1 दिसम्बर को



**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। यादव समाज के द्वारा किया जाने वाला रावत नाच की परंपरा लम्बे समय से चली आ रही है । इसकी शुरुवात देउठनी एकादशी के बाद होती है ।मस्तूरी में रावत नाच का भव्य आयोजन हर साल बालक स्कूल मैदान में एकादशी के बाद दूसरे शुक्रवार को किया जाता है । इस वर्ष यह आयोजन 1 दिसम्बर को होगा । इसमें जिले के सभी रावत नाच दल पहुचेंगे और अपना शौर्य प्रदर्शन करेंगे । रावत नाच महोत्सव समिति के संयोजक दिलीप कुमार यादव ने बताया कि पूर्वजो से चली आ रही अपनी लोक परम्परा और संस्कृति को सहेजने के लिए वो हमेशा इस पर कार्य करते आ रहे है और युवा पीढ़ी को भी इस पर मार्गदर्शन देते हुए आगे ला रहे है । उन्होंने बताया कि रावत नाच में मुख्य रूप से गन्धर्व समाज द्वारा बजाया जाने वाला गड़वा बाजा का बहुत महत्व है जिसकी धुन में रावत नाच दल अपना नृत्य ,शौर्य और अपनी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत करते है । मस्तूरी में पिछले दस साल से यह आयोजन किया जा रहा है । आयोजन को सफल बनाने में कन्हैया यादव , मनोज यादव ,कृष्णा यादव , राहुल यादव ,जितेंद्र यादव , धर्मेंद्र यादव ,लाला यादव , बिजुल यादव ,शुभम यादव ,सुनील यादव एवं समाज के सभी यादव बंधु का विशेष योगदान रहता है ।

### गार्डन में गाली-गलौज, समझाने गए छात्र पर चाकू से हमला




**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। सरकंडा के नूतन कालोनी स्थित गार्डन में बदमाश गाली–गलौज कर रहे थे। कालोनी में रहने वाले छात्र ने बदमाशों को समझाईश दी तो उससे मारपीट की गई। बदमाशों ने छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल छात्र ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

नूतन कालोनी में रहने वाले विवेक मरावी बीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं। रविवार की शाम वे कालोनी के गार्डन में टहल रहे थे। इस दौरान कालोनी के पास स्थित अटल आवास में रहने वाला अतुल यादव, जितेंद्र यादव, नोबी यादव और अन्य लड़के गार्डन में गाली–गलौज कर रहे थे। विवेक ने उन्हें समझाईश देते हुए गाली–गलौज करने से मना किया। इस पर युवक विवेक से उलझते हुए मारपीट करने लगे।

इसी बीच एक युवक ने अपनी जेब में रखे चाकू को निकालकर विवेक के गर्दन पर वार कर दिया। चाकू से हमला होते देख विवेक के भाई नवीन ने बीच–बचाव की कोशिश की। इस पर अतुल ने नवीन के सिर में ईंट से वार कर दिया। हमले में विवेक और नवीन घायल हो गए। लहूलुहान दोनों भाईयों को देखकर आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच–बचाव किया। घायल विवेक ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## पार्किंग को लेकर विवाद, युवकों ने चाकू से किया जानलेवा हमला

**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। कुदुदंड के गली नंबर सात में युवकों ने पार्किंग को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में लहूलुहान युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

सिविल लाइन क्षेत्र के गली नंबर सात में रहने वाले सुमीत दास निजी कंपनी के फाइनेंस विभाग में काम करते हैं। रविवार की रात करीब 10 बजे वे मंगला चौक पर थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर काल आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनके भाई सुमित दास को मोहल्ले के लड़कों ने चाकू मार दिया है। इस पर सुमित अपने घर पहुंचे। उनका भाई घर के पास ही लहूलुहान था। पूछने पर अमित ने बताया कि उसका टल्लू मानिकपुरी से पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। इस पर टल्लू ने अपने दोस्तों को बुलाकर मारपीट की। इसी बीच टल्लू ने अपने दोस्तों को बुला लिया। मारपीट के दौरान टल्लू ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर वार कर दिया। हमले से बचाव करते समय उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटे आई है। घायल को लेकर सुमित सीधे थाने पहुंचा। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। सुमित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## 160 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को 50 प्रतिशत एरियर्स देने के हाईकोर्ट ने दिए आदेश

### नए को मिल रहा था ग्रेड पे का लाभ, पुराने को नहीं

**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 160 असिस्टेंट प्रोफेसर को ग्रेड पे का लाभ नहीं देने पर राज्य शासन को अंतरिम राहत के तौर पर 50त्न ग्रेड पे एरियर्स के रूप में देने का आदेश दिया है। साथ ही 6 सप्ताह में राज्य शासन से जवाब मांगा है। 160 असिस्टेंट प्रोफेसर्स ने याचिका दायर कर बताया था कि उनके सालों बाद भर्ती होने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर्स को ग्रेड पे का लाभ दिया जा रहा है जबकि उन्हें नहीं।



राज्य सरकार ने 30 मार्च 2010 के नियमानुसार सहायक प्राध्यापकों के लिए ग्रेड पे का प्रावधान किया था। जारी आदेश के तहत नियमित सेवा के चार वर्ष बाद पीएचडी उपाधि धारकों को 7 हजार रुपए ग्रेड पे देने का उल्लेख किया गया था। वही प्रावधानों में एमफिल वालों के लिए उक्त अवधि 5 वर्ष व अन्य के लिए 6 वर्ष रखी गई थी।

वर्ष 2012 से प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में पदस्थ करीब 160 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को राज्य शासन के प्रावधानों के नियमानुसार ग्रेड पे का लाभ नहीं दिए जा रहा था। इसके खिलाफ उन्होंने अलग–अलग अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में 16 याचिकाएं दायर की थी। याचिका में उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने साल 2010 में ग्रेड पे देने के प्रावधान नियम बनाए हैं। जिसके तहत याचिका कर्ताओं को इसका लाभ मिलना था। राज्य शासन ने उन्हें ग्रेड पे से वंचित रखा है। जबकि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से मई 2019 को 878 सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद योग्य और चयनित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रदेश भर के सरकारी कॉलेज में की गई है।

चयन के समय छत्तीसगढ़ शासन के 30 मार्च 2010 के प्रावधानों के नियमानुसार सहायक प्राध्यापकों के लिए ग्रेड पे का प्रावधान किया गया था। जबकि पुराने सहायक प्राध्यापकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। याचिकाकर्ता सहायक प्राध्यापकों ने अपनी याचिका में यह भी बताया है कि उच्च शिक्षा विभाग शासन का ऐसा विभाग है जहां दूसरे सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की तरह न तो प्रमोशन दिया जा रहा है ना ही समयमान वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। नियम की बाध्यता ना होने के कारण सैकड़ो की संख्या में सहायक प्राध्यापक इस पद पर चयनित होकर रिटायर हो रहे हैं।

उन्हें पदोन्नति तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद चंदेल की सिंगल बेंच ने राज्य शासन के अधिवक्ता से पूछा कि याचिका में जो तथ्य बताया गया उसका पालन किया जा रहा है कि नहीं। याचिकाकर्ता ग्रेड पे पाने का अधिकार रखते हैं या नहीं। जिस पर राज्य शासन के अधिवक्ता के द्वारा सहमति जताई गई। जिस पर अंतरिम राहत के तौर पर याचिकाकर्ताओं को 50त्न एरियर्स देने का आदेश अदालत ने दिया है। साथ ही राज्य शासन को नोटिस जारी कर 6 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

## नकद देने पर पेट्रोल! इस पेट्रोल पंप पर रात में 12 बजे बाद नहीं किया जाता डिजिटल ट्रांजेक्शन

### डिजिटल लेनदेन नियम का उल्लंघन

**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन पेमेंट जैसी तकनीक को देश के कोने कोने तक पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं तो वहीं बिलासपुर के एक पेट्रोल पंप संचालक ने अपनी मनमानी करते हुए,रात बारह बजे के बाद ऑनलाइन पेमेंट पर रोक लगाते हुए डीजल पेट्रोल नही देने का फरमान जारी किया है ।दरअसल बिलासपुर के व्यापार विहार रोड स्थित गुम्बर पेट्रोल में पेट्रोल पंप संचालक के द्वारा पेट्रोल पंप कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि रात के बारह बजे के बाद पंप में आने वाले ग्राहक से पेट्रोल डीजल देने से पहले उनसे भुगतान के बारे में पूछ लें, यदि वह ऑनलाइन भुगतान करने के लिए बोले तो उसको वापस लौटा देना,उसे डीजल या पेट्रोल नही देना है।




पंप संचालक खुलकर शासन की नीतियों का विरोध कर रहा है ।जब देश की सभी बड़ी कंपनी से छोटी कंपनी तक ऑनलाइन पेमेंट जैसी तकनीक को लेकर उसमे बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है ।तो इस पंप संचालक को क्या दिक्कत है रात में ऑनलाइन पेमेंट लेने में ।यह तो समझ से परे है। संचालक की मनमानी के आगे पेट्रोल पम्प में काम करने वाले कर्मचारियों को रोजाना ऑनलाइन पेमेंट को लेकर डीजल पेट्रोल लेने वाले ग्राहकों से बहस हो जाती है ।वही पंप में आने वाले ग्राहक कर्मियों को खरी खोटी सुनाने में कोई कसर भी नही छोड़ते। वही इस मामले में हिंदुस्तान पेट्रोलियम विभाग से बात करने पर उन्होंने कहा की ऑनलाइन पेमेंट के लिए मना करने का ऐसा कोई प्रावधान नहीं है,यदि ऐसा कोई करता है कंपनी उसके ऊपर कार्रवाई करेगी। कार्रवाई के लिए उस पंप संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी में संविधान दिवस का गरिमामय आयोजन

### न्यायपालिका के समक्ष मौजूद चुनौती एवं निराकरण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

### मुख्य न्यायाधीश के प्रयासों से राज्य की न्यायिक व्यवस्था में तेजी से हो रहा सुधार



**बिलासपुर**, 27 नवंबर ( देशबन्धु)। उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने समस्त न्यायाधीशों को संविधान दिवस की बधाई दी है। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल के लिए नई दिल्ली प्रवास पर है। संविधान दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास एवं विशिष्ट अतिथि जस्टिस राकेश कुमार पांडेय सहित राज्य के सभी जिलों के जिला न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय रजिस्ट्री के अधिकारी गण और बिलासपुर जिले में पदस्थ न्यायाधीश गण शामिल हुए।

कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित न्यायाधीशों द्वारा संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। इस अवसर पर जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि संविधान के पालन में न्याय व्यवस्था को सरल बनाकर जन–जन को इससे जोड़ना न्यायाधीशों का प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में नागरिकों को अनेक अधिकार प्रदान किए गए है। न्यायपालिका का यह दायित्व है कि पारदर्शी न्याय व्यवस्था बनाए रखते हुए हर व्यक्ति को न्याय मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। श्री व्यास ने इस अवसर पर न्यायपालिका के समक्ष की मौजूद चुनौती जैसे आधारभूत संरचना की कमी, न्यायाधीशों की कमी, प्रकरणों की अधिक संख्या आदि के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जस्टिस राकेश कुमार पांडेय द्वारा भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों के हितों और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। जस्टिस पाण्डेय संविधान दिवस के महत्व और उदेश्य, संविधान के निमार्ण एवं विकास में योगदान देने वाले सभा के सम्मानीय सदस्यों के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा राज्य में न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ और न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके चलते न्यायालयों की व्यवस्था एवं सुविधाओं में अपेक्षित सुधार दिखाई देने लगा है। उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना, संविधान की उद्देशिका की पट्टिका और राष्ट्र चिन्ह अशोक स्तंभ की स्थापना, मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा की विशेष प्रयासों से हुई है, जिससे उच्च न्यायालय परिसर की गरिमा और बढ़ी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी के द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के समस्त जिलों के जिला न्यायाधीश की संगोष्ठी आयेजित की गई थी। इस संगोष्ठी का उद्देश्य न्यायपालिका के समक्ष मौजूद चुनौती एवं उनके निराकरण हेतु उठाये जाने वाले कदनों के संबंध में चर्चा करना था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने बीते सात माह में राज्य के समस्त जिलो का भ्रमण कर न्यायालयों में नजर आने वाली कमियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किये हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद राज्य के जिला न्यायालयों की कार्य शैली में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा के द्वारा न केवल राज्य न्यायिक अकादमी में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूचि लेकर स्तर को बेहतर बनाया है, बल्कि संविधान की मंशा के अनुरूप राज्य के स्वास्थ सेवाओं, निर्माण कार्यों, शिक्षा हेतु बच्चों के स्कूल पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेते हुए समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पर स्वमेव संज्ञान लेकर इन समाचारो को आधार जनहित याचिका के रूप में दर्ज कर इन अव्यवस्थाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किये हैं।

## सार-संक्षेप

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कोरबा में अनेक कार्यक्रम

**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में श्री राम जन्मभूमि सेवा महोत्सव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रम करने के लिए रविवार को निजी स्कूल में बैठक रखी। बैठक में विभिन्न संगठन और समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सेवा महोत्सव के प्रयोजन के बारे में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर बुटोलिया ने बात रखी। राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को लेकर हर कोई उत्साहित है।

पंडित शिवराज शर्मा और जुडॉवन सिंह ठाकुर ने अपने गीतों के माध्यम से लोगों को श्रीराम से जोडने का प्रयास किया। विभिन्न सामाजिक धार्मिक और अन्य संगठनों प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों ने इस अवसर पर जिम्मेदारी ली। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर संकीर्तन, शोभायात्रा, प्रभात फेरी निकालने के अलावा अलग-अलग तरीके से साज सज्जा की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि सेवा महोत्सव कोरबा जिला समिति की घोषणा की गई जिसके अध्यक्ष अशोक तिवारी, सचिव योगेश जैन, कोषाध्यक्ष संतोष खरे सहित उपाध्यक्ष सहसचिव का दायित्व दिया गया। वहीं कोरबा नगर के अध्यक्ष संदीप सिंह, सचिव मृगेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा को दायित्व दिया गया। श्रीराम जन्मभूमि सेवा महोत्सव से संबंधित इस बैठक में रामपुर क्षेत्र के विधायक ननकीराम कंवर, चंद्रशेखर देवांगन, कमलेश यादव, अशोक तिवारी, शशि देशमुख, बजरंग अग्रवाल, कमलेश मिश्रा, रामबिलास पाल, राजकुमार देवांगन, रुक्मणि नायर, डॉ विशाल उपाध्याय, कैलास नाहक, डॉ राजीव गुप्ता सहित सैंकड़ों नागरिक शामिल हुए।

### इंदिरा विहार में दीपावली मिलन समारोह संपन्न

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। इंदिरा विहार विकास समिति व महिला मंडल का सयुक्त दीपावली मिलन समारोह 25 नवंबर को संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ समिति के समस्त संरक्षक पुर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल,डा राजेन्द्र साहू, राजकुमार अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, रजनीश निषाद, प्रकाश जैन, योगेश जैन, प्रवीण पटेल, दिनेश राठौर, अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षा पूजा पटेल, पार्षद रितु चौरसिया, अध्यक्षा रश्मि श्रीवास, मुक्ता अग्रवाल, भुमिका अग्रवाल द्वारा महा गणपति, महालक्ष्मी, महासरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ।

दीपावली मिलन समारोह में विविध आयोजन के साथ शानदार आतिशबाज़ी व बच्चों के द्वारा फैशन शो किया गया।

अध्यक्षीय उदबोधन मे बजरंग अग्रवाल ने पूरे समिति के अमुल्य सहयोग हेतू आभार व्यक्त करते हुवे दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि श्रीवास ने सभी सदस्यों को दीप पर्व की शुभ कामनाएं देते हुवे इंदिरा विहार परिवार के सुख स्मृद्धी की कामना की व सीढ़ी मे स्टील रेलीग महिला मंडल द्वारा लगाने की घोषणा की। बच्चों के रंगा रंग संस्कृतिक कार्यक्रम फैशन शो मे ग्रुप ए मे प्रथम धानवि अग्रवाल, दितीय गव्या, तृतीय कृत अग्रवाल ग्रुप बी मे अक्षया अग्रवाल, इस्पिता अग्रवाल, आरव सिंघल, महिला मंडल के खेल आयोजन मे लता, पिंकी ,ज्योती व सोनम, अमीषा, लता विजेता रहीं। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण पश्चात बम्फर हौजी व भाग्यशाली कुपन का ड्रा निकाला गया। सभी ने भोजन व कार्यक्रम का आनंद उठाया। आभार संचालन मुकेश गोयल द्वारा किया गया।

### कुसमुंडा में मनाया गया संविधान दिवस

**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक कुसमुंडा मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ बाबा साहब की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। रामलाल जांगडे ने अपने भाषण में कहा कि भारतीय संविधान को देश की अखंडता, सामाजिक, राजनैतिक को बढ़ाने के लिए 26 नवंबर1949 को देश को समर्पित किया गया। इस अवसर पर विरेन्द्र कुमार टंडन, अनिता टंडन, डेनी चेलक, जवाहर सिंह मार्को, राजकुमार, पूरन सतनामी, मालिकराम, भूनेश दिव्य, सुखदेव जोल्हे, नरेन्द्र अनन्त, आशीष भार्गव,दशरथ जांगड़े, एसबी भारद्वाज, एलपी टंडन, उषा मल्होत्रा, बबीता निराला, उषा वारे, अंजली भास्कर, खीर बाई, श्रद्धा, खुशी, नीलू टंडन, रिधिमा टंडन,रूपाली, पूनम आजाद, देव कुमारी कुर्रे, प्रिया बंजारे, कमला खूंटे, यशोदा जाटवर, उषा टंडन, उषा जांगड़े, मंगली पाटले, गणेशी सूर्यवंशी, ज्ञानदास मिरी, लीला निराला शामिल हुए।

### एनकेएच परिवार ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना की नवीं वर्षगांठ 25 नवंबर को धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस का केक ग्रूप डायरेक्टर डॉ. एस.चंदानी व एडीसी डायरेक्टर डॉ. वंदना चंदानी समेत पूरी हॉस्पिटल टीम के साथ मिल कर काटा गया साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

डॉ. चंदानी ने समस्त चिकित्सकों एवं स्टाफ को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके ग्रुप के सभी अस्पतालों में मरीजों की सेवा से लेकर अस्पताल के प्रत्येक कार्य में आप सबकी अहम भूमिका रही है। इन्हीं कर्मचारियों और चिकित्सकों की बदौलत एनकेएच ग्रुप ने ऊंचाइयां हासिल की है। इस तरह का सहयोग आगे भी एनकेएच ग्रुप को मिलता रहेगा, इसका पूर्ण विश्वास है। डॉ. चंदानी ने कहा कि एनकेएच ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कई आयाम स्थापित किए हैं। मरीजों की पूर्ण सेवाभाव से देखभाल करने के साथ ही उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार व लाभ देने के लिए एनकेएच ग्रुप संकल्पित है। लोगों के बढ़ते विश्वास ने एनकेएच ग्रुप आफ हॉस्पिटल्स को नई ऊंचाइयां दी है। स्थापना दिवस महोत्सव में प्रोत्साहन बढ़ाने हेतु अवार्ड सेरेमनी भी रखा गया जिसमें एनकेएच ग्रुप के समस्त स्टाफ व चिकित्सकों को प्रतिभा के आधार पर पुरस्कार वितरण किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया गया प्रकाश पर्व



**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। गुरूनानक देव का 554वां प्राकट्य पर्व को सिक्ख समाज ने आस्था व उल्लास के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गुरूद्वारे में मनाया। इस अवसर पर सिक्ख पंथ के अनुयायी के साथ ही जिले के समस्त समाज के लोगों ने भी गुरूद्वारे में मत्था टेक अखण्ड पाठ का आनंद लिया। पर्व के लिए समाज के द्वारा गुरूद्वारा परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। अखण्ड पाठ की समाप्ति के साथ ही यहां ज्ञानियों के समूह ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किया। गुरूद्वारा समिति की ओर से आयोजित किए गए आम लंगर में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कड़ा प्रसाद के साथ ही लंगर में अपनी हिस्सेदारी निभाई। गुरूद्वारे में गुरू के बानी के पाठ को सभी ने सुना और लंगर में भरपेट भोजन किया।

# कार्तिक स्नान करने पहुंचे 6 लोग बांगो बांध में फंसे

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। मिनीमाता बांगो बांध में आज सोमवार को उस समय बड़ी घटना घटित हो गई, जब बांध से पानी छोड़ा गया। इससे पहले बजे सायरन की आवाज कार्तिक स्नान करने पहुंचे परिवार को नहीं सुनाई दी। डेम के भीतर फंसे परिवार में मासूम सहित 6 सदस्य शामिल थे जिन्हें बाहर

#### रेस्क्यू कर बाहर निकाला

निकालने पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।

बताया जा रहा है कि बाँकीमोगरा क्षेत्र में रहने वाला रंजन वर्मा व एक अन्य व्यक्ति का परिवार कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने बांगो बांध गया था। दोनों परिवार



के सदस्य बांध के भीतरी हिस्से में स्थित टीले पर बैठे थे। इसी दौरान बांध के कर्मचारियों ने पानी निकासी के लिए सायरन बजाया। इस बात से अनजान परिवार के सदस्य अथाह जल समूह का आनंद लेने में मशगूल थे। उन्हें बांध से छोड़े गए पानी का पता ही नहीं चला। जब बांध का जल स्तर तेजी से बढ़ा तो परिवार के होश उड़ गए। आसपास मौजूद लोगों की सांस भी थम गई। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। बांगो थाना प्रभारी निरीक्षक मनीषचंद्र नागर के नेतृत्व में पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और डायल 112 की टीम ने स्थानीय गोताखोरों, विद्युत परियोजना के रेस्क्यू कर्मियों की मदद से दोनों परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# हसदेव महाआरती में दिखी लोगों की आस्था

#### 11 हजार दीपों से जगमगाया घाट

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। हिंदू क्रांति सेना के द्वारा सर्वमंगला मंदिर घाट पर देव दीपावली के उपलक्ष्य में 27 नवंबर की शाम को हसदेव की महाआरती की गई। बनारस के देव दीपावली की गंगा आरती की तर्ज पर यह आयोजन कराया गया। आयोजन की तैयारी में समिति के कार्यकर्ता पिछले एक महीने से लगे हुए थे। सर्वमंगला मंदिर घाट को बनारस की तर्ज पर सजाया गया है।

हसदेव महाआरती करने के लिए बनारस से आए पंडित पंडितों के द्वारा महाआरती की गई। आरती के दौरान हसदेव घाट में 11 हजार दीप प्रज्जवलित किए गए थे। 2100 दीप दान किए गए। 51 लीटर दूध से हसदेव का दुग्धाभिषेक किया गया। 51 मीटर चुनरी भेंट की गई, भव्य आतिशबाजी के बीच साऊंड सिस्टम व लाईट शो का भी आयोजन किया गया। लेजर लाईट



शो का हसदेव आरती में शामिल हुए सभी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। पुष्प वर्षा के साथ भव्य झांकी और कोरबा के पंडितों के द्वारा शंखनाद भी सर्वमंगला मंदिर घाट पर किया गया। पिछले साल भी हिंदू क्रांति सेना ने सर्वमंगला मंदिर घाट पर महाआरती का आयोजन किया था। इस साल की हसदेव महाआरती में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हसदेव महाआरती में दर्री, बालको, कुसमुंडा, कटघोरा, पाली एवं उरगा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे कोरबा एवं आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु सम्मिलित हुए। आयोजन में हसदेव नदी के दोनों तरफ श्रद्धालुओं के लिए घाट बनाकर आरती देखने की व्यवस्था की गई थी। महाआरती में लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस आरती में शामिल होने मंत्रोच्चार करने वाले पंडितों, श्रद्धालुओं, हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठन और आम लोगों को आमंत्रित किया गया था।

#### यातायात पुलिस ने संभाला मोर्चा

यातायात पुलिस ने भीड़ की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए मोर्चा संभाला और हसदेव महाआरती को लेकर रूट चार्ट जारी किया। दोपहर 3 बजे से सर्वमंगला मार्ग को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया था। सर्वमंगला मंदिर मार्ग में बिलासपुर-तरदा की ओर से आने वाले वाहन उरगा से सीतामणी रोड से आवागमन होता रहा। कोरबा रेलवे क्रासिंग की ओर से आने वाले वाहन सुनालिया चौक स्थित निगम मल्टीस्टोरी पार्किंग में व्यवस्था की गई थी।

## सियान सदन में संविधान दिवस मनाया गया

**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सियान सदन कोरबा में ओबीसी महासभा, बामसेफ व मूलनिवासी संघ के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। ओबीसी महासभा के महासचिव तरुण सिंह राठौर ने कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की किताब और भीम राव के चित्र पर माल्यापर्ण कर संविधान दिवस अमर रहे का नारा लगाया। पीपीआईडी के कोरबा प्रत्याशी मूलनिवासी योगेश साहू ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया।

जिला ओबीसी महासभा के सचिव आरएन श्रीवास ने बताया कि आज संविधान के कारण ही हम सब को पढने्-लिखने, नौकरी करने का अधिकार मिला है। इस बात को विस्तार से समझाया। बामसेफ छत्तीसगढ़ उपाध्यक्ष एसआर पैगम्बर ने संविधान के निर्माण प्रक्रिया व संविधान के प्रस्तावना को विस्तार से समझाया। सिस्टा के अध्यक्ष आरपी खांडे ने बताया कि संविधान मनुष्य के साथ-साथ पेड़ पौधे, पशु-पक्षी के हक अधिकार की सुरक्षा करता है। टीचर यूनियन के कार्यकारी प्रदेश



अध्यक्ष ओम प्रकाश बघेल ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में संविधान लागू होने की प्रक्रिया को समझाया। अब्दुल नफीस खान, संतोष कुमार कर्ष, एडी जांगड़े, मदन चंद्रा, तेरस धिरहि, ओबीसी महासभा महिला मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी राजवाड़े, सुनील सुना ने भी अपनी बात रखी। तरुण राठौर ने अध्यक्षीय भाषण के पश्चात संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया जिसमें सभी श्रोता ने दोहराकर आत्मार्पित किया। संविधान दिवस कार्यक्रम में वर्षा सहारे, मोतिमती सोनी, फूलबाई यादव, जमुना चंद्रा, सोन कुंवर, ईश्वरी यादव ,रिंकी यादव, रूखमणी सिदार, रोशनी यादव, मीनाक्षी सिदार, कमला यादव, अनिता बरेठ, ममता सिदार, प्रकाश खकसे, गौतम कुर्रे, तारेश सुरतावन, विनोद साहू, विवेक यादव उपस्थित थे।

## धान को बारिश से बचाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मौसम में हुए परिवर्तन और बारिश की सम्भावनाओं को देखते हुए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी एवं धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में बारिश की सम्भावना व्यक्त की गई है। चूँकि जिले में धान खरीदी चालू है, ऐसे में खरीदे गए धान को बारिश से बचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# रोड सेल की अनियंत्रित ट्रक बर्म को तोड़ते हुए पलटी, चालक की मौत

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। बीती मध्य रात्रि एसईसीएल गेवरा खदान के वेस्ट एमटीके के समीप एक रोड सेल की अनियंत्रित ट्रक बर्म को तोड़ते हुए पलट गई। जिससे वाहन चालक माखनपुर निवासी दिलहरण की दर्दनाक मौत मौके स्थल पर ही हो गई। ओवर टेकिंग के फेर में हादसा होने की बात सामने आ रही है।

रोड़ सेल में कोयला लोडिंग की आपाधापी में वाहन चालक एक दुसरे को ओवर टेक करने के फेर में खदान के अंदर तेजी से ट्रक चलाते है। जिस वजह से इस तरह



की घटनाएं सामने आती है। सुरक्षा के नाम से प्रबन्धन द्वारा कई अयोजन किए जा रहे है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। सूत्र बताते हैं कि एसईसीएल खदानों के रोड सेल विभाग में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारियों को लक्ष्मी पुत्र कहा गया है जिनसे रकम की प्राप्ति होती है। इनके द्वारा सुरक्षा को नजर अंदाज करते हुए गलत ढंग से खदानों में वाहनों के एंट्री की जाती है साथ ही लोडिंग के दौरान भी सुरक्षा के नियमों को अनदेखी कर कार्य किए जाते हैं, जो कि इस क्षेत्र के सभी लोगों की जानकारी में रहती है। बहरहाल करे कोई और भरे कोई वाली कहानी यहां पर साबित हो रही है। सुरक्षा के नियमों को अनदेखी करने की वजह से एक जान काल के गाल में समा गया। दीपका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई कर मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया है।

#### एसीबी वाशरी रोड सेल की वाहन

**घटना 26 नवम्बर को रात्रि पाली में लगभग 12 बजे की है। गेवरा में सूचना मिली कि एक रोड सेल ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस`392 सडक़ किनारे पलटा हुआ है। ट्रक का ड्राइवर जमीन पर पड़ा हुआ पाया गया। उसे अस्पताल भेजा गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ट्रेलर एसीबी वाशरी रोड सेल का है।**

# गुरु घासीदास जयंती की तैयारी में जुटा सतनामी समाज

**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रमुख संगठनों की संयुक्त बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष गुरु घासीदास की 267 वीं. जयंती पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लेते हुए 1 दिसंबर को अपने स्थान में मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे साज सज्जा के साथ गुरु पर्व का आगाज करेगें। सामाजिक एकजुटता व आपसी भाईचारे के साथ पर्व को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया।

अयोजन समिति के संरक्षक श्रीमती सकून डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने तय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की परंपरानुसार राजधानी में 16 दिसम्बर को आमापारा प्लाजा से पंथी



व आकर्षक झांकियों के साथ गुरु की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। 17 दिसम्बर को न्यू राजेंद्र नगर में महिलाओं ,बच्चों एवं युवतियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा प्रतियोगिता होंगी। 18 दिसम्बर को जयंती पर्व के दिन पवित्र जैतखाम में ध्वजारोहण, पंथी नृत्य, साहित्यिक संगोष्ठी व अलंकरण समारोह जैसे दिनभर कई आयोजन होंगे। बैठक में डॉ. जेआर सोनी, एमडी माहिलकर, सुंदरलाल लहरे, एसके सोनवानी, सुंदरलाल जोगी, एचएल रात्रे, चेतन चंदेल, खेदु बंजारे, सीताराम खरे, बंशीलाल कुर्रे, किरपाराम चतुर्वेदी, लाल पुरेना, प्रकाश बंदे, चंपादेवी गेंदले, अमरौतिन भतपहरी, कृष्णकुमार बरमाल, केएन भारद्वाज, संतोष महिलांग, टिकेंद्र बघेल, मानसिंह गिलहरे, नंदू मारकंडे, घासीदास कोसले, मनीष कोसरिया, अरुण मंडल, बाबा डहरिया, गुलाब महिलांग, प्रेम बघेल ,आसाराम लहरे, सी.एल. रात्रे, तुलाराम टंडन, सुखदास बंजारे, द्रौपदी जोशी, लक्ष्मी लहरे, रेनू कोसले, गोंदा बारले, ममता कुर्रे, संगीता बालकिशोर, डी. दर्शन ,महेश सोनवानी ,राजेंद्र मल्होत्रा, कमल सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन का सम्मेलन

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का सम्मेलन 23 दिसंबर को संपन्न होगा। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में 20 दिसम्बर 2023 तक डॉ. अनिता अग्रवाल द्वारा मोहनलाल अग्रवाल एम आई जी 80, मारूति विहार कालोनी मोहाबा बाजार रोड, रायपुर में फॉर्म जमा कर सकते हैं। कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन अशोक मोदी ने बताया कि सामाजिक क्षेत्रों में विशिष्टता प्राप्त अग्रवाल समाज के योग्य प्रतिभागी निर्धारित समय सीमा20 दिसम्बर तक अपना आवेदन निश्चित रूप से जमा करे ताकि समय रहते उन पर विचार किया जा सकें साथ ही उन्होने समाज के समस्त लोगों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सह-परिवार आकर कार्यक्रम का आनंद लेवे।

## मितानिन ने महिला डॉक्टर को मारा थप्पड़



**कोरबा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। बीते कुछ समय से डॉक्टर्स के साथ मारपीट की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आए दिन प्रदेश के किसी न किसी अस्पताल से विवाद की खबरे सामने आती रहती हैं। कई बार डॉक्टर्स और स्टाफ आपस में भिड़ जाते हैं, तो कई बार मरीज के परिजन और डॉक्टरों के बीच विवाद हो जाता है, लेकिन इस बार मामला कुछ और ही है। इस बार एक मितानिन ने महिला डॉक्टर को थप्पड़ मार दिया। इस घटना के होने के बाद अस्पताल परिसर में हडक़ंप मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला कोरबा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल का है। यहां मितानिन ने प्रसव रूम का वीडियो बनाने से मना करने पर महिला डॉक्टर को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद डॉक्टरों में जमकर आक्रोश दिखाई दे रहा है। महिला डॉक्टर ने सिविल लाइन थाने में मितानिन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं मामले की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंच गई और मामले की जांच कर रही है।

# सवाल? दंतैल की मौत पर किसकी तय होगी जिम्मेदारी

#### इंसानी लापरवाही बेजुबान की जिंदगी पर भारी पड़ गई

कोरबा, 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पसान रेंज सहित आसपास के रेंज के जंगलों में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। कई महीनो से उनकी मौजूदगी बने रहने के साथ-साथ उनके द्वारा घर, खेती,बाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। दल से बिछड़े दंतैल भी आक्रामक होकर जान-माल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बेजुबान हाथियों को काबू में कर पाने का ठोस जतन भी वन महकमा नहीं कर पा रहा है तो दूसरी तरफ



ग्रामीण हाथियों के खौफ में अपना जीवन व्यतीत करने मजबूर हैं।

पसान रेंज के ग्राम पनगवा में 11 केव्ही करेंट की चपेट में आकर दंतैल हाथी की मौत हो गई। तनेरा जलके रेंज के डिप्टी रेंजर अनिल कश्यप ने बताया कि पनगवा बैगापारा खंजर पहाड़ में एक हाथी की मौत हुई है। करंट लगने से हाथी की मौत की घटना से वन महकमे में हडक़ंप मची रही। वन मंडल के अधिकारी कुमार निशांत सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी व कर्मियों ने पहुंचकर वैधानिक कार्रवाई पूर्ण की। दंतैल के मौत की वजह करंट लगना है जो जंगल के रास्ते से गुजारे गए तार के कारण हुआ है। जंगल के रास्ते से होकर खंभों के सहारे बिजली के तार खींचे गए हैं। जिस रास्ते से दंतैल का जाना हुआ और वह जिस टीले पर चढक़र आगे का सफर तय करने वाला था, उसे टीले से कम ऊंचाई पर विद्युत प्रवाहित तार लटक रहा था। सम्भवतः दंतैल ने भी अपने स्वभाव के अनुसार सूंड को हवा में लहराया और सूंड के लहराते ही करंट प्रवाहित तार से उसका संपर्क हुआ और वह वहीं धराशाई हो गया। भला उस बेजुबान को क्या मालूम था कि इंसानी लापरवाही उसकी जान ले लेगी।

#### खंभा लगाकर तार ऊंचा करना था

जंगली जानवरों खासकर हाथियों के रहवास और आवागमन का क्षेत्र होने की जानकारी प्रायः इस क्षेत्र के सभी अधिकारियों को है और बिजली विभाग भी इससे अछूता हो, यह संभव नहीं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जिस किसी भी ठेकेदार अथवा अमले के माध्यम से विद्युत तार खिंचवाने का काम कराया गया हो यह उसकी भी लापरवाही हो सकती है कि उसने कम ऊंचाई में तार को खींचा। यदि टीले के कारण तार कम ऊंचाई पर था तो खम्भा लगाकर ऊंचा करना था।

#### मृत हाथी के साथ न्याय कहां हुआ

यह तार हवा में झूलता रहा और इस झूलते तार के संपर्क में आकर हाथी की मौत हो गई। मौत के लिए कारण और जिम्मेदार जो भी हो उस पर कार्रवाई होना चाहिए। ऐसा ग्रामीण भी मान रहे हैं और सीएसईबी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। यह दूसरी बात है कि एक महकमा दूसरे सरकारी महकमे पर कोई कार्रवाई करने से अपने आपको बचाने का जतन करता है। फिर भला मृत हाथी के साथ न्याय कहां हुआ, उसकी मौत के जिम्मेदार लोगों को सजा कब और कैसे मिलेगी? यह सवाल जिंदा है।

## सार-संक्षेप

### बैलेट पेपर से हुए मतदान की पेटियों की सुरक्षा बढ़ाने व स्ट्रांग रूम में संधारित करने की मांग



**सूरजपुर** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में विधानसभा चुनाव में बैलट पेपर से हुए मतदान की सुरक्षा बढ़ाये जाने की मांग की है।सोमवार को भाजपा जिला प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट परिसर पहुंचकर निर्वाचन एआरओ सत्येंद्र पैकरा को बैलट पेपर से हुए मतदान और उसकी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

विधानसभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी तथा आवश्यक सेवा में नियुक्त शासकीय कर्मचारियों के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गयी थीं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं विकलाग मतदाताओं हेतु भी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की विषेश व्यवस्था की गयी थी। उक्त बैलेट पेपर से हुए मतदान की मत-पत्र पेटियों को स्ट्रांग रूम में संधारित करने की मांग की है ज्ञापन में कहां गया है कि जिला मुख्यालय की ट्रेजरी में अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही अत्यधिक है जिस कारण इन मतपत्र में हेराफेरी की प्रबल संभावना है ऐसी स्थिति में इन मतपत्रों को ट्रेजरी के स्थान पर स्ट्रांग रूम में संघारित कर त्वरित रूप से बैलेट पेपर द्वारा हुए मतपत्रों की सुरक्षा में लगे कर्मीयो की संख्या बढ़ाकर तथा सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाई जाने एवं उक्त मतपत्रों को ट्रेजरी से हटाकर स्ट्रांग रूम में संधारित किया जाने की मांग की है।इस दौरान पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, प्रेमनगर विधायक प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी, भटगांव विधायक प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, निर्वाचन प्रभारी रितेश जायसवाल, राजेश्वर तिवारी, संत सिंह, अशोक अग्रवाल सागर सिंह, विजय राजवाड़े, संत साहू, जिला उपाध्यक्ष यशवंत प्रताप, जिला सहमिडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, तुषार ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जेसीआई की नई कार्यकारिणी का गठन सीए विकास अग्रवाल को बनाया अध्यक्ष

**रायगढ़** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी की नींव 12 वर्षों पहले रखी गई थी। इस संस्था में युवा वर्ग को बहोत अवसर मिले हैं, देश में बढ़ते युवाओं के भागीदारी के बलबूते ही बहुत कम समय में संस्था ने शहर में एक अपना अलग नया मुकाम हासिल किया है, जिसमें मुख्य रूप से मुक्तिधाम, नैवेद्यम से लेकर काइट फेस्टिवल, प्रशिक्षण के क्षेत्र में मेडिकल हेल्थ कैंप, रक्तदान, वृहद वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं अनेक प्रकार के सामाजिक कार्य संस्था के सदस्यों द्वारा पूरे समर्पित भावना से सेवा की है। इसी क्रम में संस्था के सामाजिक कार्यो को आगे बढ़ाने संस्था की ओर से नई कार्यसमिति का गठन किया गया है।

वर्ष 2023 अपने अंतिम पड़ाव पर है इस कारण आगामी वर्ष 2024 में भी संस्था को आगे ले जाने हेतु जेसी सीए विकास अग्रवाल को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। विकास अग्रवाल संस्था के सक्रिय सदस्य हैं इन्होंने अपनी सक्रियता से जेसीआई रायगढ़ सिटी को बहुत सेवाएं प्रदान की है, विगत दिनों होटल अंश इंटरनेशनल में आम सभा की बैठक रखी गई थी जिसमे जेसी सीए विकास अग्रवाल को वर्ष 2024 के अध्यक्ष पद हेतु नियुक्त किया गया संस्था के पास्ट प्रेसिडेंट जेसी सचिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, मानव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल,विक्रम अग्रवाल,दीपक अग्रवाल एवं वर्तमान अध्यक्ष सीए नितेश अग्रवाल ने निर्वाचित अध्यक्ष जेसीविकास अग्रवाल जीको पुष्प कुछ देकर उन्हें शुभकामनाएं दी साथहीविकास अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी संस्था वर्ष 2024 में एक नए जोश उत्साह के साथ सभी सदस्यों का योगदान से नई ऊंचाइयों को छुएगीऔर रायगढ़ शहर में किसी भी तरह के योगदान एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर होकर कार्य करेगी।

संस्था के प्रमुख आयोजन काइट फेस्टिवल को और भी वृहद्रूप देने की कोशिश कि जाएगीएवं सबसे महत्वाकांक्षी योजना कायाघाट मुक्तिधाम एवं नैवेद्यम को इस वर्ष एक नया स्वरूप देंगे, ऐसी हमारी योजना रहेगी।

जेसी विकास अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी कार्यकारिणी घोषणा की जिसमें सचिव पद जेसीसुमित अग्रवाल (बट्टीमार)एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु जेसीसीएगुलशन अग्रवाल जी रहेंगे नई कार्यकारिणी की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इसी आम सभा की बैठक में संस्था के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# जंगली हाथी ने एक ग्रामीण को उतारा मौत के घाट, दो लापता

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुसल्दा में रविवार की सुबह 57 जंगली हाथियों ने दस्तक दी। गांव के ग्रामीण जंगली हाथियों को खदेडने के प्रयास में लगे हुए थे इसी बीच जंगली हाथियों ने ग्रामीणों दौड़ाना शुरू कर दिया जिससे एक ग्रामीण हाथियों के चपेट में गया जिससे उसकी मौत हो गई वहीं दो अन्य ग्रामीण अभी लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के छाल रेंज में जंगली हाथियों के दल ने डेरा डाला हुआ है। इसी क्रम में रविवार की सुबह 57 की संख्या में जंगली हाथियों का एक दल पुसल्दा गांव पहुंचा। जहां विशालकाल गजराजों को देखते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पुसल्दा गांव में पिछले सोमवार से कार्तिकेश्वर मेला का आयोजन किया जा रहा है और आज मेले का अंतिम दिन होनें के कारण आसपास के कई गांव के लोगों की भीड़ पुसल्दा पहुंची थी। इसी बीच अचानक गजराजों की धमक से पूरे गांव में भय का माहौल निर्मित हो गया और ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए जंगली हाथियों को वापस भगाने के प्रयास किये। इसी दरम्यान ग्रामीणों के हो हल्ला से जंगली हाथी आक्रोशित हो गए और फिर उसने भीड़ को दौड़ाना शुरू कर दिया। तभी एक ग्रामीण आसान राठिया निवासी बरभौना हाथी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अभी भी दो ग्रामीण जंगल में लापता हैं गांव के ग्रामीण उनकी भी पतासाजी में जुटे हुए हैं।



### जिले में 88 जंगली हाथी

**रायगढ़ वन परिक्षेत्र में जहां इन दिनों 11 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है वहीं धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में 77 जंगली हाथियों का दल छाल सहित धरमजयगढ़ के अलग-अलग जंगलों में विचरण कर रहे हैं। इन दोनों वन परिक्षेत्रों में 22 नर, 35 मादा और 21 शावक शामिल हैं।**

### फसल हुआ चौपट

एक अन्य जानकारी के मुताबिक छाल रेंज के ऐडु बीट के कक्ष क्रमांक 505 में पिछले तीन दिनों से 50 जंगली हाथियों के दल ने डेरा डाला हुआ है। इन जंगली हाथियों के द्वारा बीती रात रामनगर, पुसल्दा के करीब 10 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इससे पहले भी जंगली हाथियों के द्वारा इस क्षेत्र के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता रहा है।

### छाल रेंज में ही 73 जंगली हाथी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अकेले छाल रेंज में ही इन दिनों 73 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा हैं जिसमें एडु बीट में 57, बोजिया बीट में 1, औरानारा बीट में 2, लोटान में 2 के अलावा हाटी और बेहरामार में 1-1 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं।

### केलो डेम के पास 9 हाथी

रायगढ़ वन परिक्षेत्र में वर्तमान समय में 11 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं जिसमें जुनवानी बीट में 2 जंगली हाथी के अलावा केलो डेम से लगे दनौट गांव के कक्ष क्रमांक 13पीएफ में भी 9 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं। केलो डेम से लगे हुए गांव के करीब जंगली हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग के द्वारा गांव के ग्रामीणों के अलावा इस क्षेत्र में पिकनिक मनाने आने वाले लोगों को जंगली हाथी से सावधानी बरतने की बात कही जा रही है ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटित न हो।

**पूरे गांव में मची सनसनी**

## महिला व बच्चे की हत्या कर रात के अंधेरे में शव जलाने का प्रयास

**रायगढ़**, 27 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर नेतनागर गांव में देर रात उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब पैरावट में अचानक आग की लपटें देखकर ग्रामीण उसे बुझाने पहुंचे। इस दौरान उन्हें मौके पर एक महिला और एक मासूम बच्चे का अधजली लाश मिली। गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी तत्काल जूटमिल थाने में दी, जिसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पहुंच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ ओडिसा मार्ग में स्थित ग्राम नेतनागर में धार्मिक आयोजन चल रहा था, जिसमे गांव के सभी ग्रामीण रात भर पूजा अर्चना में जूट हुए थे। इसी बीच रात 3 बजे नहाने जाने वालों ने सड़क किनारे रखे पैरावट में आग की लपटें देखकर जब उसे बुझाने पहुंचे तब उन्होंने देखा कि उक्त आग में एक महिला और मासूम बच्चे का शव जल रहा था। इस दौरान गांव के ग्रामीणों ने एक सफेद रंग की कार में कुछ लोगों को ओडिसा की तरफ भागते हुए भी देखा है।

गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी जूटमिल थाने में दी। जिसके बाद जूटमिल थाने की पुलिस टीम के अलावा, एसपी सदांनद कुमार, सीएसपी अभिनव उपध्याय के अलावा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए। घटना स्थल से दोनों शवों के शिनाख्त के अलावा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाने में लगी हुई है।



**मृतकों के शिनाख्त में जुटी पुलिस**

### सबूत मिटाने की कोशिश

इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक ने प्रारंभिक जांच के दौरान इस घटना को हत्या माना है। उनके अनुसार अज्ञात आरोपियों के द्वारा पहले दोनों की हत्या की गई है और सबूत मिटाने के उद्देश्य से दोनों शवों को यहां जलाने का प्रयास किया गया है। मृतक महिला की उम्र करीब 35 से 4 साल है और बच्चे की उम्र करीब 1 से 12 साल के करीब है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सीएसपी अभिनंद उपाध्याय ने यह भी बताया कि महिला के सिर में चोट के निशान मिले हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जा रहे हैं। आसपास के जिलों के अलावा अन्य राज्यों के पुलिस को इस घटना से अवगत कराते हुए लापता लोगो के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही ताकि सर्वप्रथम दोनों मृतकों की शिनाख्त हो सके जिससे पुलिस को जांच में अहम सुराग मिल सके।

**एक मवेशी फंसा**

## जानलेवा हो सकता है टीआरएन से निकलने वाला राख का ढेर

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में शासन-प्रशासन के तमाम कवायदों के बावजूद क्षेत्र के निजी उद्योग समूहों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कई उद्योगों के द्वारा नियम कानूनों को ताक पर रखकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। ताजा मामले में टीआरएन कंपनी से निकले फ्लाई ऐश को स्कूल के पास डंप किये जाने के कारण इसमें एक मवेशी फंस गया। जिसे ग्रामीणों के द्वारा किसी तरह बाहर निकाला गया है। किंतु फ्लाई ऐश का यह ढेर किसी के लिये भी जानलेवा साबित हो सकता है।

ऐसी गतिविधियों पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस के बाद भी उद्योगों की दबंगई सर चढ़ कर बोल रही है। जिले के छाल क्षेत्र में एक ऐसा ही ताजा मामला सामने आया है। जिसमें एक निजी उद्योग से उत्सर्जित फ्लाई एश को स्कूल के पास डंप कर दिया गया है। स्कूल के पास किए गए इस फ्लाई एश के कारण बच्चों सहित अन्य लोगों व मवेशियों पर खतरा बना हुआ है। रविवार को इस राख के ढेर में एक मवेशी के फंस जाने की घटना सामने आई। गनीमत रही कि फ्लाई एश के ढेर में धंस चुके मवेशी को सुरक्षित निकाल लिया गया। इस तरह औद्योगिक राख का यह ढेर किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। इस मामले के बारे में मिली अधिक जानकारी के मुताबिक कथित तौर पर टीआरएन मोनेट कंपनी से उत्सर्जित फ्लाईएस का अवै. निपटान छाल नवापारा के बीच न्यू विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के पास किया गया है। इस मामले में नियम को दरकिनार कर किए गए इस फ्लाईएस डंपिंग से आस पास के खेतिहर भूमि में राख के रिसाव होने से खेतों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। इसके साथ ही संबंधित कम्पनी से निकली इस राख को अवैध तरीके से डम्प कर खुला छोड़ दिये जाने का परिणाम क्षेत्र के किसानों के साथ बेजुबान जानवर झेल रहे हैं।



## 25 वारंट की हुई तामिली

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के निर्देशन पर कल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत में स्थायी वारंटियों की धरपकड़ किया गया। विशेष अभियान में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर स्थायी वारंटी- लंबोदर सतनामी पिता पंचुलाल ग्राम आरूपारा पोस्ट पंचगांव थाना रेंगली तहसील लखनपुर जिला झारसुगुड़ा को गिरफ्तार किया गया। वारंटी लंबोदर सतनामी पर धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम के तहत वर्ष 2017, 2018 और 2019 के मामलों में 03 स्थायी वारंट न्यायालय से प्राप्त हुये थे। वहीं चक्रधरनगर पुलिस द्वारा स्थायी वारंटी- सोहन थापा उर्फ मंझला उर्फ मोटू थापा पिता रतन बहादुर थापा निवासी खरसिया हमालपारा हाल मुकाम बेलादुला रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। वारंटी सोहन थापा वर्ष 2018 के मारपीट मामले का स्थायी वारंटी था। इसी प्रकार कल जिले विभिन्न थानों में 21 गिरफ्तारी तथा 04 स्थायी वारंट तामील किये गये। गिरफ्तारी वारंट तामिली में कोतवाली ने 05, कोतरारोड़, जूटमिल, भूपदेवपुर ने 3-3, चैकी खरसिया, चैकी जोबी ने 2-2 और चक्रधरनगर, पुसौर एवं थाना धरमजयगढ़ द्वारा 1-1 वारंटियों को गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में कोर्ट पेश किया गया।

## चालक को आई झपकी, 8 घायल



एमसीबी 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के बरबसपुर के पास महारापुर एन एच 43 में सड़क हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं। इनमें से तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। घटना स्थल पहुंची ने घायलों को उपचार के लिए दाखिल कराया है। चालक को झपकी आने के कारण गाड़ी पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## एट्रोसिटी मामले के तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा कल थाना जूटमिल के एट्रोसिटी एक्ट अपराध की विवेचना कर तीन फरार आरोपी गोलू साव, डमरूधर साव और टिंगू यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। न्यायालय द्वारा आरोपियों का जेल वारंट जारी किये जाने से थाना जूटमिल स्टाफ द्वारा आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों द्वारा 16 जुलाई को ग्राम कोड़ातराई में रहने वाले युवक को पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर कोड़ातराई हवाई पट्टी के पास रोड किनारे जातिगत गाली गलौज कर मारपीट कर रहे थे। उसी दौरान बीच बचाव करने युवक का बड़ा भाई आया जिसके साथ भी आरोपियों द्वारा हाथ मुक्का और लकड़ी का बत्ता से मारपीट किये। मारपीट से आहत वहीं बेहोश हो गया था जिसे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती कराया गया था। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपियों पर गाली गलौच, मारपीट की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। विवेचना दरम्यान आहत का प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट में उसका दाहिना हाथ फैक्चर होने से प्रकरण में धारा 325 आईपीसी जोडा गया तथा आहत विशेष वर्ग के सदस्य होने एवं साक्ष्य अनुरूप एट्रोसिटी एक्ट की धारा 3(1) द, 3(2)(5-क) के तहत धाराएं विस्तारित किया गया जिसकी अग्रिम विवेचना कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय द्वारा की गई।

## भारतीय संविधान की प्रस्तावना का हुआ पठन

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा भारत रत्न डॉ0 बी. आर. अंबेडकर की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। चूंकि वर्तमान में राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, इसे ध्यान में रखते हुए आज 26 नवंबर को भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पुलिस कार्यालय व विभिन्न थानों में पुलिसकर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से पठन किया गया।

पुलिस कार्यालय में डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया, जिसे उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने दोहराया। इसी प्रकार थानों में होने वाली प्रातरू गणना में पुलिसकर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया। विदित हो कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) ऑनलाइन पाठन हेतु निर्मित वेब पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्मृति टूर्नामेंट फाइनल में मिलर 11 ने जीता

**रायगढ़** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भारत माता की जय, अमर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी अमर रहे जैसे नारों से ठेंगापाली स्थित देवलास स्टेडियम गूंज उठा। एक समय लगा यह शहीद के नाम पर आयोजित कोई भव्य सभा हो जहां दस हजार के करीब लोग एकत्रित हुए थे पर आयोजन था शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल का। जहां बिलासपुर की मिलर इलेवन और तमनार की ब्लैक पैंथर टीमों के बीच मुकाबला था। एक आसान से फाइनल को मिलर इलेवन ने 7 विकेट से जीत लिया।

फाइनल मैच में मुख्य अतिथि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की माता श्रीमती आशा त्रिपाठी, पिता सुभाष त्रिपाठी रहे, विशिष्ट अतिथियों में कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजनों के अलावे भाजपा नेता रत्थू गुप्ता, एनटीपीसी के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रतिनिधि व पूर्व सैनिक कल्याण संघ के लोग शामिल रहे। टॉस जीतने के बाद मिलर इलेवन ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। ब्लैक पैंथर की शुरूआत धीमी रही जिसके कारण उसने निर्धारित 14 ओव्हर में 5 विकेट खोकर 102 रन का लक्ष्य रखा। रवि ने 22 गेंदों में 24 रन बनाये जिसमें 3 चैका व एक छक्का शामिल था। ब्लैक पैंथर टीम पर लगाम लगाया मिलर इलेवन के गेंदबाज जीसान अहमद ने उन्होंने अपने 3 ओव्हर में सिर्फ 6 रन दिए। वहीं हैदर की घातक गेंदबाजी ने एक बड़े रन स्कोर को रोक दिया। उन्होंने 3 ओव्हर में 2 विकेट झटके जिसके लिये उन्होंने 17 रन खर्च किये।



लक्ष्य उतना आसान नहीं था पर फाइनल के दबाव में ब्लैक पैंथर की टीम आ गई और खराब फिल्डिंग के कारण रन तो गंवाए ही साथ ही साथ आसान से कैच भी छोड़े जिसकी बदौलत मिलर इलेवन ने सिर्फ 9.2 ओव्हर में लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। टीम की ओर से हैदर ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों में 43 रन ठोंक डाले जिसमें 5 छक्के और 2 चैके शामिल थे। मैन ऑफ सीरीज परिवेश धर ने 17गेंदों में 41 रन बनाए। उन्होंने भी 5 छक्के और 2 चैके जड़े जिसमें से एक विजयी छक्का भी शामिल था। ब्लैक पैंथर की ओर से सिर्फ मयंक ने ही अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 ओव्हर में 19 रन देकर एक विकेट हासिल किया। परिवेश को बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट और बैटर ऑफ द टूर्नामेंट का भी खिताब गया। वहीं फाइनल मैच के हीरो हैदर अली रहे जिन्होंने 43 रन बनाए और 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। मिलर इलेवन के अनमोल सिदार बेस्ट फिल्डर रहे।

विदित हो कि शारदा सेवा समिति द्वारा बीते 2 साल से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की स्मृति में यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व सैनिक संजय पंडा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, सचिव सह कोषाध्यक्ष पंचानन निषाद समेत प्रभात मिश्रा, संजय पंडा, दीपक मिश्रा, जितेन्द्र बानी, उपेन्द्र बानी, नित्यानंद निषाद आदि शामिल रहे। स्कोरर कुश कर्ष ने पूरे टूर्नामेंट अपनी सहभागिता निभाई। वहीं ऑनलाईन स्कोरर अरूण मिरधा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ शिक्षक गोकुल पंडा ने इस पूरे टूर्नामेंट में एक संरक्षक की भूमिका निभाई जिसके कारण यह टूर्नामेंट सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ।

ठेंगापाली गांव के सरपंच राकेश साहू ने बताया कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्मृति में आयोजित होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट को आयोजित करने के लिये पूरे गांव वाले उत्साहित रहते हैं। आज फाइनल के ही दिन तीन अलग-अलग जगहों पर एक हजार से अधिक लोगों के लिये खाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे जब से यह टूर्नामेंट शुरू हुआ है तब से बाहर से आने वाली टीमों के खाने के प्रबंध से लेकर उन्हें रूकवाने तक की पूरी जिम्मेदारी गांववालों की ही है। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी, शहीद अनुजा त्रिपाठी और बाल शहीद अबीर त्रिपाठी हमारे गांव के न होकर भी हमारे अपने हैं। गांव का बच्चा-बच्चा उनकी शहादत की गाथा बड़े गर्व से सुनाता है। अब ऐसा लगता है कि ठेंगापाली शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी का ही गांव है। हम धन्य हुए कि आज उनका पूरा परिवार हमारे निमंत्रण पर हमारे गांव आया था और हम सभी ने उनका आशीष लिया।

### मेरा बेटा भी यह मैच देख रहा होगा- आशा त्रिपाठी

अपने संबोधन में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की माता श्रीमती आशा त्रिपाठी ने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है। खेल में विजेता और उपविजेता होता है। सभी खिलाडियों ने अच्छा खेला। इससे पहले मैं ठेंगापाली गांव को नहीं जानती थी लेकिन अब ऐसा लगता है कि यहां का हर बच्चा मेरा बेटा है। मुझे अपने बेटे की अक्स यहां दिखती है। श्रीमती त्रिपाठी इतना बोली ही थी कि वह भावुक हो गई उन्होंने खुद को संभालते हुए कहा कि मेरे बेटे को गांव ने इतना प्रेम दिया और उसके जयकारे के बीच एक समय मुझे ऐसा लगा कि मेरा बेटा विप्लव यहीं आसपास इस आयोजन को देख रहा है। मेरे बेटे के साथ मेरी बहू अनुजा त्रिपाठी और मेरा नाती अबीर त्रिपाठी भी शहीद हुआ था। सभी मेरे पुत्र के साथ इनका भी स्मरण करें।

### गूंज उठा देवलास मैदान

**जब शहीद के परिजन पहुंचे तब तो मैदान का नजारा देखते ही बन रहा था। हर कोई शहीद के माता-पिता से आशीष लेने पहुंच रहा था। मैच शुरू होने से पहले जब मैदान में राष्ट्रीय गीत के बाद शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के जयकारे लगे तो वहां अधिकांश लोगों की आंखें नम हो गई थी।**

## सार-संक्षेप

### जिले के दोनों विधानसभा में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**सारंगढ़** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंजूरी प्रदान किया है। इसके अनुसार अब छत्तीसगढ़ के 15



विधानसभा में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के सारंगढ़ विधानसभा 17 में कोमल प्रसाद साहू, नायब तहसीलदार सारंगढ़, रूपाली मेश्राम, नायब तहसीलदार सारंगढ़, श्री राजेश पांडेय, सीएमओ सारंगढ़ और श्रीमती संजू पटेल, सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में अर्पण कुर्रे, नायब तहसीलदार भटगांव, बंदेराम भगत, नायब तहसीलदार सरसींवा, पी.सी. कुर्रे, एसडीओ (पीडब्ल्यूडी) बिलाईगढ़, और शैलेन्द्र वर्मा, एसडीओ (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा-आरईएस) नियुक्त अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, पामगढ़, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बीजापुर और कोन्टा के लिए भी अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है।

### सिख व सिंध समाज ने धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक जयंती का पर्व



**मनेंद्रगढ़** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरु नानक जयंती सिख एवं सिंध समुदाय के लोगों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। इस साल कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को है, इसलिए 27 नवंबर को ही सिख धर्म के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी जयंती मनाई गई। गुरु नानक देव की जयंती को गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सिख एवं सिंध समाज के लोग गुरुद्वारे जाकर गुरुग्रंथ साहिब का पाठ करते हैं।गुरु पर्व पर सभी गुरुद्वारों में भजन, कीर्तन होता है और प्रभात फेरियां भी निकाली जाती हैं। सिंध समाज की मुखिया श्रीमती जमुना देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन की सुंदर प्रस्तुति गिरीश जगयासी एवं उनके सहयोगियों के द्वारा दी गई,साथ ही लंगर का आयोजन भी किया गया। जिसमें सिंध समाज के सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर लंगर का लुत्फ उठाया।

गुरु नानक जी की माता का नाम तृप्ता और पिता का नाम कल्याणचंद था। गुरु नानक जी का जन्म 1469 में पंजाब प्रांत के तलवंडी में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इस स्थान को नानकाना साहिब के नाम से जाना जाता है।सिख धर्म के लोगों के लिए यह बहुत ही पवित्र स्थल है।नानक देव जी एक संत, गुरु और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव हित में समर्पित कर दिया था।नानक जी बचपन से ही अपना ज्यादातर समय चिंतन में बिताते थे। वे सांसारिक बातों का मोह नहीं रखते थे।गुरुनानक देव ने समाज को एकता में बांधने और जाति-पाति को मिटाने के लिए कई उपदेश दिए थे। यह सिख धर्म में मनाया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजता है।श्रीमती जमुना देवी ने बताया कि गुरु नानक जयंती के पावन पर्व पर दिन में आयोजित समस्त कार्यक्रम में सिंध समाज के लोगों का विशेष सहयोग रहा,वहीं रात्रि में भी युवा सिंध समिति के द्वारा शब्द कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया गया।

### पत्रकार प्रहलाद बंसल को मातृ शोक

**खरसिया** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर की प्रतिष्ठित फर्म अग्रवाल बूट हॉउस की प्रवीणा देवी पति सुरेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन सोमवार दोपहर हो गया, जिनकी अंतिम संस्कार आज दिनाक 28/11/2023 वार मंगलवार को सुबह 10ः00 बजे वार्ड नं. 11 बुजाराम गली स्थित निवास स्थान से निकलकर स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा, स्व. प्रवीणा देवी अमृत सन्देश खरसिया के पत्रकार प्रहलाद बंसल (छैला) की माता एवं पत्रकार रमेश अग्रवाल की भाभी थी वे अपने पीछे पति, 1पुत्र, 3पुत्रियां, बहु, पोता पोती सबको रोता बिलखता छोड़ गई। नगर की सामाजिक संस्थाओं एवं प्रेस क्लब खरसिया ने पत्रकार साथी प्रहलाद बंसल की माता के दुखद निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिव्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करने एवं दु:खद घड़ी में परिवारजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

### मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**जांजगीर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन एवं स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसी टीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।



उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी,रिटर्निंग अधिकारी ज्ञानेन्द्र ठाकुर,निरनिधि नंदेहा,राज्य निर्वाचन आयोग से हार्दिक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 2 लाख वोटर्स नहीं पहुंचे मतदान केन्द्रो तक

### कई बूथ में तो 2018 से भी कम हुए मतदान



**जांजगीर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान बढ़ाने के लिए इस बार प्रदेश सहित जिले में लाखों रुपए खर्च कर स्वीप गतिविधियां की गई। पूरी ताकत झोंकने के बावजूद उम्मीद के मुताबिक मतदान प्रतिशत जिले में नहीं बढ़ पाया। जिले के 2 लाख वोटर्स मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंच पाए।

स्वीप कार्यक्रमों में लाखों खर्च करने के बाद भी जिले के सक्ती व जैजैपुर के आशिंक मतदाताओं को छोड़कर दिया जाए तो 6 लाख 54 हजार मतदाताओं तक (स्वीप) अपनी आवाज नहीं पहुंचा पाई। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने 17 नवंबर को 1 लाख 77 हजार 109 मतदाता बूथ की दहलीज तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि, आयोग की ओर से बूथों पर जरूरी इंतजाम किए गए थे। जिले में माह भर पहले से जिला प्रशासन द्वारा स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक जगह में जाकर स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें रंगोली, क्रिकेट, दिवाली, रैली सहित अन्य माध्यम कार्यक्रम आयोजित किए गए। बावजूद जिले में इसका उम्मीद के मुताबिक कोई खास फायदा नहीं मिल पाया। जिले के एक भी बूथ में 100 प्रतिशत मतदान नहीं हुआ था। साथ ही कोई विस क्षेत्र में इसका कुछ ज्यादा लाभ भी नहीं मिला। दरअसल अकलतरा विधानसभा में 2 लाख 21 हजार 964 मतदाताओं में 52 हजार हजार 814 वोटर ईवीएम का बटन दबाने के लिए बूथ तक नहीं आए। इसी तरह जांजगीर-चांपा विधानसभा सीट पर 2 लाख 12 हजार 297 मतदाताओं में 52831 वोटरों ने मतदान नहीं किया। वहीं पामगढ़ विधानसभा की बात करें तो 2 लाख 20 हजार 133 में से 71 हजार 464 वोटर वोट डालने नहीं पहुंचे। कुल मिलाकर जिले के सक्ती व जैजैपर विस के आंशिक मतदाताओं को छोड़ दिया जाए तो 6 लाख 54 हजार 394 मतदाताओं में से 4 लाख 77 हजार 285 वोटर ही वोट की चोट कर पाए। तीनों विधानसभा सीटों पर 1 लाख 77 हजार 109 वोटर्स ने मतदाता बूथों का रूख नहीं किया।

### 2018 के चुनाव में इस तरह हुई थी वोटिंग

| विस | कुल मतदान | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अकलतरा | 154899 | 76.63 |
| जांजगीर-चांपा | 146611 | 7241 |
| पामगढ़ | 137557 | 7.88 |

**2̇23 में हुई वोटिंग**

| विस | कुल मतदान | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अकलतरा | 16915 | 7621 |
| जांजगीर-चांपा | 159466 | 75.11 |
| पामगढ़ | 148669 | 67.54 |

### जांजगीर-चांपा विस ने बचाई कुछ हद तक लाज

जांजगीर-चांपा विस में पिछले 218 चुनाव के बजाय इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। 218 विस में 72.41 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार बढ़ते हुए 75.11 प्रतिशत मतदान कर इज्जत बचा ली। लेकिन जिस हिसाब स्वीप के तहत लाखों रुपए खर्च किया गया, उस उम्मीद पर खरा नहीं उतरा। अकलतरा में 218 में 76.63 तो इस बार 76.21 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां भी कम मतदान हुआ।

## शराब का अवैध परिवहन,आरोपी को एक साल की सजा



### 25 हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया गया दंडित

**जांजगीर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। 20 लीटर शराब का अवैध परिवहन करने वाला आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय अग्रवाल ने 1 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

अभियोजन के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक पामगढ़ शिव चंद्रा के पदस्थापना समय 20 अगस्त 2022 को मुखबिर से सूचना मिली की बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। मुखबिर के बताए अनुसार मौका स्थल ससहा रोड राईस मिल पहुंचकर एक सफद रंग बोलेरो वाहन सीजी 11 एयू 3826 को रोका गया। पूछताछ व छानबीन करने पर आरोपी आशीष गोड़ के बोलेरो में रखा हुआ एक काला रंग के प्लास्टिक जरीकेन में भरा 20 लीटर द्रव पदार्थ बरामद किया गया। आरोपी को शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए धारा 91 का नोटिस दिया गया। इसके बावजूद वह वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर 20 लीटर शराब को जब्त किया गया। जिसके बाद अपराध सबूत पा जाने पर छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत गिरफ्तार कर सूचना आरोपी के परिजन को दिया गया। जब्त शराब को परीक्षण के लिए आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त शिवरीनारायण भेजा गया। संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सर्व विजय अग्रवाल ने पामगढ़ थाना के गांव कमरीद निवासी आशीष गोड़ को धारा 34 (2) के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 4 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया गया।

### अब तक बिताई गई अवधि को सजा में करें समायोजन

आरोपी आशीष गोड़ 2 अगस्त 222 से 19 सितंबर 222 तक अभिरक्षा में निरूद्ध रहा है। इस संबंध में दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान के तहत निर्णय मानी जाएगी। आरोपी की अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को दी गई कारावास की अवधि में धारा 428 के तहत समायोजन करने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए।

## 29 को अघोर आश्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण व नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

जांजगीर, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। अघोरेश्वर भगवान राम के महानिर्वाण दिवस 29 नवंबर को अघोर पीठ जनसेवा अभेद आश्रम पोड़ी दल्हा में अखंड संकीर्तन, वृक्षारोपण, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा भंडारा का आयोजन रखा गया है। इसके अलावा आश्रम ट्रस्ट की ओर से गरीब व जरूरतमंद सैकड़ों लोगों को कंबल का वितरण आश्रम के संस्थापक कपालिक धर्मरक्षित राम के हाथों से किया जाएगा। भगवान राम के महानिर्वाण को लेकर आश्रम परिवार तैयारियों में जुटा हुआ है। विदित हो कि अघोर पीठ जनसेवा आश्रम आश्रम अपने स्थापना से ही क्षेत्र में अनेक समाजसेवी कार्यों में जुड़ा हुआ है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, नशा उन्मूलन, विधवा विवाह को प्रमुख रूप से शामिल है। इसी के तहत आश्रम में समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा के लिए आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में अघोर पीठ आश्रम में 29 नवंबर को भी सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जाएगा।



## चंद्रपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर महाआरती महोत्सव का भव्य आयोजन



**डभरा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मां चंद्रहासिनी देवी के पावन धरा चंद्रपुर के महानदी तट पर महानदी प्रहरी तुलसी मानस मंच सेवा समिति द्वारा 9 वां वर्ष से महानदी तट पर हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन शाम को महाआरती का आयोजन संतो एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहां महानदी तट बहुत ही खूबसूरत रोशनी एवं मनमोहक दृश्य के साथ भक्तिमय माहौल रहा।हम आपको बता दें कि इस साल भी साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी के नेतृत्व में महानदी तट किनारे भव्य रूप से महाआरती का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। इस महानदी तट किनारे आयोजित चित्रोप्पला गंगा महाआरती महोत्सव में साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी ने कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर नदियों की साफ सफाई एवं सुरक्षा के साथ नदी किनारे पेड़ लगाने का उन्होंने भक्तों से आग्रह किया ताकि नदीयो की जल स्वच्छ एवं साफ रहे। इस महाआरती महोत्सव में अंचल के कोने कोने से हजारों भक्त शामिल हुए नेताओं में नंद कुमार साय, सुनीती राठिया ,सत्यनारायण राठिया, रामकुमार यादव ,गोकुल पटनायक, श्रीमति रूपा सिंह देव डॉ राजेंद्र चौधरी नेतराम चंद्रा भूपेंद्र पटेल लाला उपाध्याय अविनाश पटेल बसंत चंद्रा दिनेश बरेठ शैलेंद्र बंजारे दीपक अग्रवाल सन्तोष पटेल अशोक कर्ष दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में अंचल के कई जनप्रतिनिधि एवं आस पास गांवो के श्रद्धालु महाआरती महोत्सव से शामिल हुए ।

## 62 वें वर्ष में भगत चौक में आयोजित अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ पूरे सबाब पर

**जांजगीर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यायल के पुरानी बस्ती स्थित भगत चौक में राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन हर्षोल्लास से किया जा रहा हैं, जो पूरे शबाब पर हैं। वर्षो से चली आ रही इस परंपरा को बुजुर्गो के साथ-साथ युवा वर्ग और बच्चे भी बड़ी उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। जहाँ भगवान रघुनाथ और श्रीराधाकृष्ण जी की आरती प्रतिदिन सुबह-शाम भव्यता के साथ की जा रही हैं। जांजगीर के पुरानी बस्ती स्थित भगत चौक में 62 साल से राम नाम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन के पीछे यहां के लोगो की कई मान्यताए है, जिसमें 1955 में आए अकाल को राम नाम सप्ताह की शुरुआत का प्रमुख कारण बताया जाता है, आचार्य पंडित राम विलास उपाध्याय ने बताया कि आकाल के दौरान लोगो हाहाकार मचा हुआ था और लोग एक-एक दाना के लिए तरस रहे थे, तभी मोहल्ले के लोगो ने राम का नाम जाप करने का मन बनाया और एक सप्ताह राम नाम का दिन रात जाप किया और राम नाम संकीर्तन समाप्त होने के बाद जम कर बारिश हुई और लोगो को फिर से जीने की नई किरण नजर आई, राम नाम सप्ताह में इकट्ठा हुए अनाज से लोगो का पेट भरने का इंतजाम किया गया और तभी से इस संकीर्तन को लगातार किया जा रहा है। आयोजन समिति के मुख्य पुजारी पंडित रामविलास उपाध्याय ने बताया कि पुरानी बस्ती स्थित भगत चौक में 100 साल से अधिक पुरानी वट वृक्ष के नीचे राम नाम संकीर्तन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, पुराने बरगद के पेड़ को मुहल्ले के लोग भगवान विष्णु का स्वरुप मानते है और उसी बरगद पेड़ को सहेज कर पेड़ में चारों ओर छत दार चबूतरा का निर्माण कराये है और वही पर मोहल्लावासियों द्वारा विगत 61 वर्षो से अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन करते आ रहे है। अखंड राम नाम सत्य यज्ञ में प्रतिदिन बाहर से कीर्तन मंडली पहुंच रहे हैं जो भगवान श्री रामचंद्र जी की महिमा का गुणगान झांकी के माध्यम से कर रहे। वही इस वर्ष 62 वें वर्ष का आयोजन किया जा रहा है जो 23 नवम्बर से प्रारम्भ हो कर एक दिसम्बर तक चलेगा।



**रोज लगता हैं भंडारा:** शुरुआत से ही भंडारा का आयोजन किया जाता है और स्थानीय लोग ही भंडारा बना कर बाहर से आने वाले कीर्तन मंडलियों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाते है। जहां सीता राम, हनुमान और राधा कृष्ण की झांकी को पालकी में उठाकर पूरे जांजगीर नगर का भ्रमण कराया जाएगा और हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जाएगा।

### महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार


**जांजगीर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। रात्रि में महिला से छेडछाड करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 354 (क) भादवि के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। मामले पर पुलिस ने बताया कि 25 नवम्बर को रात्रि में पीडिता अपने सास के साथ धान की रखवाली करते घर आंगन मे सोयी थी की रात्रि करीबन 11.30 बजे हरिराम केंवट पीछे मे गलत निगाह से आकर सो गया और छेड़छाड़ करने लगा, चिल्लाई तो भाग गया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 354, 354 (क) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान *आरोपी हरिराम केवट साकिन कल्याणपुर थाना अकलतरा को हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया तो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# खून की कमी महसूस होने पर सिकलसेल की जांच कराएं- डॉ एफ आर निराला

### सिकलसेल और एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला द्वारा सिकलसेल और एनीमिया जांच को जिले में अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। डॉ निराला ने जिले के सभी नागरिकों को कहा है कि खून की कमी महसूस होने पर सिकलसेल की जांच कराएं। जिले में सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति हमारे प्रदेश के साथ जिले में भी सिकलसेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों की संख्या है। यह एक जेनेटिक डिसऑर्डर है। आम तौर पर इसका प्रभाव दर 6 से 10 प्रतिशत होता है। लोग सिकल सेल की एएस याने वाहक (कैरियर) के रूप में मिलते है, जबकि बीमारी के रूप में 0.5 से 1 प्रतिशत लोग है। छत्तीसगढ के कई जाति में इसका प्रभाव ज्यादा है। सामान्यत: खून के आरबीसी की रंग लाल होती है, जो हीमोब्लोबिन के कारण होता है। जितना ज्यादा हीमोग्लोबिन होता है उतना ज्यादा रक्त लाल रंग हीमोग्लोबिन ही है, जो रक्त से ऑक्सीजन को ग्रहण करता है और कोशिकाओं तक पहुंचता है। आरबीसी की आकृति सामान्यत: सेव फल के आकृति का होता है। इसी कारण ऑक्सीजन छोटी - छोटी ब्लड वेसल्स के माध्यम से शरीर के विभिन्न अंगों तक आसानी से पहुंचती है, लेकिन सिकलसेल की बीमारी में इसी आरबीसी की आकृति जो सेव फल जैसी होती है, बदलाव हो जाता है और यह सिकल याने हंसिए की आकृति की हो जाती है जिससे आरबीसी की रक्त वाहिनियों में संचरण प्रभावित होता है। हंसिए के आकार होने के कारण आरबीसी संचरण नही हो पाता। परिणाम कोशिकाओं तक ऑक्सीजन कम पहुंचता है, जिस जगह पर दर्द होता है। उस जगह पर रक्त वाहिनियों में आरबीसी उलझ जाता है। ऐसे व्यक्तियों में जो सामान्य समस्या होती है दर्द होना,थकावट होना, चक्कर आना, सांस फूलना, कमजोरी महसूस करना, शरीर पीला दिखना होता है। सामान्यत: आरबीसी बनता है। लगभग 4 माह जिंदा रहता है, लेकिन सिकलसेल हो जाने पर आरबीसी की आयु कम हो जाता है। यही कारण है सिकलसेल एनीमिया के मरीज को बार बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ती है। सिकलसेल के मरीज जो एक जेनेटिक डिसऑर्डर है। पीढ़ी दर पीढ़ी ट्रांसफर होता है।आइए देखते है कैसे ट्रांसफर होता है, जिनके माध्यम से सिकलसेल इसकी 5 अवस्थाएं है। समझने के लिए मान लीजिए पति पत्नी दोनो की रक्त में आरबीसी सामान्य है याने एए और एए है। इनके होने वाले 4 संतान में चारो सामान्य होंगे। इनको सिक्लिंग नही है। दूसरी अवस्था में मान लीजिए पति पत्नी में से कोई एक एएस याने वाहक (कैरियर) होंगे। उस अवस्था में इनके होने वाले 4 संतानों में 2 सामान्य होंगे और दो संतान कैरियर होंगे। तीसरी अवस्था में मान लीजिए पति पत्नी दोनो वाहक (कैरियर) होंगे। उस अवस्था में 4 संतान में, एक संतान नार्मल होंगे, 2 संतान कैरियर होंगे और एक संतान एसएस याने डिजीज होंगे। चौथी अवस्था होती है। मान ले पति पत्नी में एक एएस याने वाहक (कैरियर) है जबकि दूसरा एसएस याने डिजीज है। उस स्थिति में 4 संतान में से 2 कैरियर और 2 डिजीज होंगे। पांचवी अवस्था होती है जब पति पत्नी दोनो एसएस याने डिजीज होंगे। उस स्थिति में उनके होने वाले 4 संतान में चारो डिजीज याने एसएस होंगे। इसे ठीक करने हो तो शादियां कैरियर या डिजीज से करने के बजाय नार्मल से करने पर इसके संतान सिकल सेल से बचेंगे।






एसएस के मरीजों को समय समय पर आरएफटी, एलएफटी, सीबीसी की जांच कराते रहना चाहिए। जब हीमोग्लोबिन अत्यधिक कम हो जाती है तब ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ती है। सिकल सेल की मरीजों को दी जाने वाले दवाइयां, सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्था उपलब्ध है। सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 40 वर्ष के सभी नागरिकों को खून की जांच कर सिकलिंग की पता लगाने की जरूरत है। इसकी पूरी तैयारी शासन स्तर पर है। सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर,सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ हाट बाजार क्लिनिक और मुख्यमंत्री मेडिकल यूनिट वाले बस (एमएमयू) में भी जांच की व्यवस्था की जा चुकी है। इसके लिए शासन स्तर से बकायदा सभी लक्ष्य दिया गया है। जांच करने के लिए जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) को 5 टेस्ट प्रति कार्य दिवस, सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को 10 टेस्ट प्रति कार्य दिवस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को 30 टेस्ट प्रति कार्य दिवस। इसी तरह से जिला अस्पताल को 60 टेस्ट प्रति कार्य दिवस किया जाना है। हाट बाजार टीम को 5 टेस्ट प्रति बाजार, साथ में एमएमयू को भी 25 टेस्ट सिकलसेल की जांच प्रति कार्य दिवस किया जाना है। हमारे जिले की इस वित्तीय वर्ष के लिए 1, 04,768 जांच किए जाने का लक्ष्य मिला हुआ है। अब तक 60,288 की जांच हो चुकी है। जन्म से 40 वर्ष के सभी नागरिकों की जांच जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच की जाएगी। इन जगहों पर पहले सोलुबिलिटी टेस्ट होगी। बाद में इसकी कंफरमेटी टेस्ट होगी, जिसे इलेक्ट्रोफोरेसिस कहते है, की जावेगी। आज कल एक नई विधि है जिसे पीओसी कहते है। इससे भी कन्फर्म करते है। टेस्ट करते समय सभी का फोटो भी लेना है। स्पेशली पॉजिटिव आने पर मरीज का फोटो लेना अनिवार्य है। यही नही बल्कि सभी टेस्ट की ऐप में इंट्री भी करना है। पॉजिटिव मरीजों को कार्ड भी बना कर देना है। इस कारण उसकी फोटो के अलावा अन्य जानकारी भी तुरंत एकत्रित किया जाना है। सभी बीएमओ को निर्देश है कि इसकी नियमित समीक्षा करे। डेली जांच की, डेली इंट्री की,पॉजिटिव मरीजों की फोटो सहित जानकारी,दवाई मिली की नही,अगर बल्ड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता हो तो इसकी व्यवस्था हो इसके लिए भी बीच बीच में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाए।

## अमेरिका में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरमोंट में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मार दी गई। सीएनएन ने पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रविवार को एक श्वेत व्यक्ति ने फिलिस्तीनी छात्रों पर गोलियां चलाईं और फरार हो गया। गोली लगने से घायल छात्रों में दो की हालत स्थिर है और एक की स्थिति गंभीर बतायी गयी है। इनका इलाज जारी है। ब्रिटेन में फिलिस्तीनी राजदूत हुसाम जोमलॉट के अनुसार तीनों छात्रों को पर उस समय निशाना बनाया गया, जब वे एक पारिवारिक रात्रिभोज के लिए जा रहे थे।



# बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल

■ मुक्त हुए नागरिकों को सुरक्षात्मक तरीके से गाजा से स्थानांतरित किया गया

और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष विराम बंधकों को रिहा किए जाने तक जारी रहने की उम्मीद जतायी है। श्री बाइडेन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम तब तक जारी रहेगा जब तक कि बंधकों को मुक्त नहीं कर दिया जाता।



उन्होंने कहा चार साल की बंधक अबीगैल एडन ने गत सात अक्टूबर को इज़रायल में हमास के लड़ाकों द्वारा किए गए हमले के दौरान अपने माता-पिता को मरते हुए देखा था। एडन को उसी समय से बंधक बनाकर रखा गया है। उसने जो सहा वह अकल्पनीय है। इस बीच हमास ने कहा है कि इजरायल फिलिस्तीनी बंदियों को मुक्त करने का प्रयास करता है तो वह बंधकों की रिहाई के क्रम में चौथे दिन सोमवार को अंतिम बंधकों को छोड़ने पर सहमत होगा।

हमास ने यह भी कहा है कि उसने 13 इजरायली, तीन थाई और रूसी नागरिकता वालों को मुक्त कर दिया है।

## दुबई में कॉप28 में शामिल नहीं होंगे बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आगामी 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप28) में भाग नहीं लेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने व्हाइट हाउस के अधिकारी के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के इस तरह के फैसले का कारण इजरायल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष हो सकता है, जिसने हाल ही में उनका काफी समय लिया है। रिपोर्ट के अनुसार सम्मेलन में लगभग 200 देशों के नेताओं के साथ-साथ पोप फ्रांसिस के भी भाग लेने की उम्मीद है।

## इजरायल-गाजा संघर्ष पर बाइडेन प्रशासन में मतभेद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन हाल ही में इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर एकमत होने में असमर्थता के कारण आंतरिक विभाजन से ग्रस्त हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले नवंबर में व्हाइट हाउस के लगभग 20 कर्मचारियों ने गाजा पट्टी में नागरिकों की मृत्यु दर को कम करने के लिए वर्तमान प्रशासन की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकारों के साथ एक बैठक का अनुरोध किया था। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ जेफ जिएंट्स, वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर के साथ एक बैठक पर टिप्पणी करते हुए, अधिकारियों में से एक को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि कर्मचारियों की बात सुनने के बावजूद सहयोगियों ने परिचित बातों का सहारा लिया।

## इजरायल ने की रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची प्राप्त होने की पुष्टि

**यरूशलेम।** इजरायल ने पुष्टि की है कि उसे रातों-रात बंधकों की एक सूची मिल गई है जिन्हें सोमवार को हमास द्वारा रिहा किया जाना है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। हमास ने अब तक कुल 58 बंधकों को रिहा किया है जबकि इजरायल ने 117 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। पिछले हफ्ते कतर ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों एवं बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के समझौते में मध्यस्थता की थी। इजरायली और विदेशी बंधकों के पहले समूह को शुक्रवार को एन्क्लेव से रिहा कर दिया गया। इससे पहले इजरायल ने हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत रविवार को 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया, जिनमें 24 महिलाएं भी शामिल हैं। हमास की ओर से महिलाओं और बच्चों सहित 13 बंधकों के समूह को मुक्त किया गया। हमास और इजरायल इस सप्ताह की शुरुआत में गाजा पट्टी में चार दिवसीय युद्धविराम पर एक समझौते पर पहुंचे। समझौते के तहत, हमास इजरायल में बंद लगभग 150 फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 15,700 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 28 नवम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय आपके लिए समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी काम आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसका ध्यान देने की जरूरत है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर समस्या रहेगी।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं। अविवाहित लोगों के लिए आज विवाह के योग हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

सिंह - आप अपने दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी बौद्धिक प्रतिभा दिखेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं।

कन्या - आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आर्थिक लाभ होगा तथा विदेश में रहनेवाले सगे- संबंधियों के समाचार मिलेंगे, इससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे। धार्मिक काम या धार्मिक यात्रा के पीछे खर्च होगा।

तुला - आज आपको किसी भी नए काम का आरंभ नहीं करने की सलाह दी जाती है। अपनी वाणी और व्यवहार को नियंत्रण में रखें। गलतफहमी के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक - आप आज के दिन पूरी तरह से आमोद-प्रमोद में बिताना पसंद करेंगे। अपने दैनिक कामों से मुक्त होकर अपने लिए थोड़ा समय निकाल सकेंगे। मित्रों के बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं।

धनु - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

मकर - आज मन में किसी बात की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का मामला कमज़ोर रहेगा। दफ्तर में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। संतान के साथ मतभेद होने की संभावना है। उनके स्वास्थ्य की भी चिंता रहेगी।

कुंभ - आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा और आप मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। सौंदर्य प्रसाधन के पीछे खर्च होगा।

मीन - अति आवश्यक काम को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी रचनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण काम सफल रहेंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1520 - फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।
1676 - बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुडुचेरी पर फ़्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।
1814 - द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।
1821 - पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
1893 - न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।
1912 - इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।
1966 - डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।
1990 - जान मेजर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
1996 - कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।
1997- प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1999 - एशिया कप हॉकी का ख़िताब दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को हराकर जीता, भारत ने कांस्य पदक मलेशिया को हराकर जीता।
2002 - कनाडा ने हरकत उज मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
2006 - नेपाली सरकार और माओवादियों के मध्य हथियारों के मैनेजमेंट पर संधि सम्पन्न।
2012 - सीरिया की राजधानी दमिश्क में दो कार बम धमाकों में 54 मरे और 120 घायल हुए।

## स्वच्छता संबंधी अपराधों के लिए भारतीय मूल के स्टोर मालिक को सामुदायिक सजा

**लंदन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में भारतीय मूल के एक स्टोर मालिक के स्टोर में पिछले साल चूहे के मल और जहर से दूषित भोजन पाए जाने के बाद सामुदायिक आदेश जारी किया गया है। बर्मिंघम लाइव समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय अवतार सिंह ने स्वच्छता संबंधी सात अपराध स्वीकार कर लिए। इसके बाद उन्हें 12 महीने के सामुदायिक आदेश की सजा सुनाई गई, जिसमें 120 घंटे के अवैतनिक कार्य को पूरा करना होगा। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें 1,430 पाउंड लागत और 114 पाउंड पीड़ित अधिभार का भुगतान करने का भी आदेश दिया। सिंह के अपराध पिछले साल 25 अक्टूबर के हैं जब नगर परिषद के अधिकारियों ने सोहो रोड पर सिंह के डायमंड ड्रिंक्स में कई उल्लंघन पाए थे। एक आरोप में कहा गया है कि परिसर में चूहों की गतिविधि थी और दूसरा आरोप संरचना में खाली जगह के बारे में था जिससे चूहे घुस सकते थे। एक अन्य आरोप में कहा गया है कि सिंह ... यह सुनिश्चित करने में विफल रहे कि भोजन को किसी भी संदूषण से बचाया जाए, जिससे भोजन मानव उपभोग के लिए वह अनुपयुक्त न हो उस अवस्था में खाने से भोजन के पैकेट चूहे के मूत्र और चूहे मारने वाले केक से दूषित हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के लिबरल डेव शर्मा

**मेलबर्न,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व सांसद डेव शर्मा न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) सीनेट पद जीतने वाले विपक्षी लिबरल पार्टी से भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बनकर ऑस्ट्रेलियाई संसद में लौट रहे हैं।

विदेश मंत्री मैरिस पायने द्वारा खाली की गई सीट के लिए रविवार को लिबरल पार्टी के सदस्यों के वोट में डेव ने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को 251-206 से हराया।



लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन ने मध्य पूर्व की स्थिति का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा, लिबरल पार्टी के हिस्से के रूप में डेव का सीनेट में प्रवेश विदेश और घरेलू कार्यक्रमों को देखते हुए एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है। सीट हासिल करने पर शर्मा को बधाई देते हुए डटन ने कहा, उनकी कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञता और अनुभव पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में अनिश्चित परिस्थितियों को देखते हुए सार्वजनिक नीति बहस को काफी वजन और ज्ञान प्रदान करेगा। डटन ने कांटे की टक्कर वाली दौड़ में कॉन्स्टेंस और पूर्व मंत्री जेड सेसेलजा दोनों का समर्थन किया था, जहां 10 उम्मीदवारों ने रिंग में अपनी टोपी फेंकी थी, लेकिन डेव सर्वसम्मति के उम्मीदवार के रूप में उभरे। डेव ने कहा, मैं (प्रधान मंत्री एंथनी) अल्बानी सरकार को उसके कई गलत कदमों और गलत निर्णयों के लिए सीनेट में जवाबदेह ठहराने और लेबर की लागत से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे एनएसडब्ल्यू के कई परिवारों के लिए लड़ने का अवसर देने के लिए पार्टी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं- जीवन-यापन का संकट। 2019 से 2022 तक वेंटवर्थ की सीट के लिए संसद के संघीय सदस्य, शर्मा ने 2013 से 2017 तक इज़राइल में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। डटन ने कहा, डेव सीनेट में तर्क की आवाज बनेंगे और ग्रीन्स और अन्य लोगों के सीनेटरों को उनकी यहूदी विरोधी भावना और शर्मनाक नैतिक समकक्षता के लिए जवाबदेह ठहराने में मदद करेंगे।

## हौथी ने अमेरिकी नौसेना विध्वंसक पर मिसाइलें दागी

**लंदन,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने मध्य पूर्व में अमेरिकी बलों के साथ महत्वपूर्ण तनाव में यमन के तट पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक पर मिसाइलें दागी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया, यूएसएस मेसन ने अदन की खाड़ी में इजरायल से जुड़े एक रासायनिक टैंकर से एक संकटपूर्ण कॉल का जवाब दिया था, जिसे सशस्त्र विद्रोहियों ने जब्त कर लिया था। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल पार्क टैंकर फॉस्फोरिक एसिड का माल ले जा रहा था, जब उसके चालक दल ने मदद के लिए पुकारते हुए कहा कि उन पर किसी अज्ञात संस्था ने हमला किया है। यूएसएस मेसन सहित अदन की खाड़ी और सोमालिया के तट पर सक्रिय समुद्री डकैती रोधी टास्क फोर्स के सहयोगी जहाजों ने मदद के लिए कॉल का जवाब दिया और टैंकर तक पहुंचने पर जहाज को छोड़ने की मांग की। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा, इसके बाद, पांच हथियारबंद व्यक्ति जहाज से उतरे और अपनी छोटी नाव के माध्यम से भागने का प्रयास किया, मेसन ने हमलावरों का पीछा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंततः उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। कुछ घंटों बाद, हौथी-नियंत्रित यमन से दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं।



## फ्रांस में तीन युवा पुत्रियों की पिता ने की हत्या

**क्रेटेइल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में अपनी तीन युवा पुत्रियों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने रविवार को पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। स्थानीय मीडिया ने अभियोजकों और पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस के दक्षिणपूर्वी उपनगर अल्फोर्टविले निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति ने उत्तरी तटीय शहर डाइपे के पुलिस थाने में जाकर कबूल किया कि उसने अपनी तीन पुत्रियों की हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मृत पाया। एक सरकारी अभियोजक ने चार, 10 और 11 वर्ष की तीन युवा पुत्रियों की मौत की पुष्टि की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के शुरुआती निष्कर्षों के अनुसार तीनों युवतियों की चाकू मारकर हत्या की गयी। आरोपी पिता को 2021 में घरेलू हिंसा का मामले में दोषी ठहराया गया था।

## सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट में सरकार समर्थक 4 लड़ाकों की मौत, 18 घायल

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-जौर में इस्लामिक स्टेट द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग के विस्फोट के कारण रविवार को सरकार समर्थक चार लड़ाके मारे गए और 18 अन्य घायल हो गए।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार यह घटना तब हुई जब राष्ट्रीय रक्षा बलों के ये सदस्य डेर अल-ज़ौर में रेगिस्तानी क्षेत्र के सरकार-नियंत्रित क्षेत्र में अल-शजेरी गांव की तलाशी ले रहे थे। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुयी है। संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया में अज्ञात बारूदी सुरंगों और अन्य विस्फोटकों के खतरे के बारे में बार-बार चेतावनी दी है।

**आयोजन** दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन

## आलोचकों ने अल जाबेर के जीवाश्म ईंधन के प्रति 'समर्थन' पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। दुबई में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित दो सप्ताह तक चलने वाले 223 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या सीओपी28 वार्ता से दो दिन पहले आलोचकों ने सीओपी के मनोनीत अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर द्वारा जीवाश्म ईंधन के प्रति समर्थन पर चिंता जताते हुए कहा कि वे इसे ग्रह को बचाने के लिए काम करने वाले शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे हैं।

जाबेर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में से एक, अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

बीबीसी की सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के मेजबान के रूप में अपनी भूमिका का उपयोग तेल और गैस सौदे करने के अवसर के रूप में करने की योजना बनाई है।

बीबीसी को लीक हुए ब्रीफिंग दस्तावेजों से पता चला है कि 15 देशों के साथ जीवाश्म ईंधन सौदों पर चर्चा करने की योजना का खुलासा हुआ है। सीओपी28 शिखर सम्मेलन के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र निकाय ने बीबीसी को बताया कि मेजबानों से पक्षपात या स्वार्थ के बिना कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। बीबीसी ने यूएई टीम का हवाला देते हुए कहा



शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे

कि उसने व्यावसायिक वार्ता के लिए सीओपी28 बैठकों का उपयोग करने से इनकार नहीं किया है और कहा है कि निजी बैठकें निजी हैं।

बैठकों में क्या चर्चा हुई, इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसका काम सार्थक जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। बीबीसी के मुताबिक, सीओपी28 = यूएई ने तेल सौदा करने के लिए जलवायु वार्ता का उपयोग करने की योजना बनाई है। बीबीसी के साथ काम करने वाले सेंटर फॉर क्लाइमेट रिपोर्टिंग के स्वतंत्र पत्रकारों द्वारा प्राप्त किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यूएई की सीओपी28 टीम ने 30 नवंबर से शुरू होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले कम से कम 27 विदेशी सरकारों के साथ बैठकों के लिए एजेंडे तैयार कर लिए हैं। दस्तावेज में प्रस्तावित बातचीत के बिंदु शामिल थे, जैसे कि चीन कहता है कि संयुक्त अरब अमीरात की राज्य तेल कंपनी एडनोक, मोजाम्बिक, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के अवसरों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। दस्तावेज कोलंबियाई मंत्री को यह बताने का सुझाव देते हैं कि एडनॉक कोलंबिया को उसके जीवाश्म ईंधन संसाधनों को विकसित करने में समर्थन देने के लिए तैयार है। जर्मनी और मिस्र सहित 13 अन्य देशों के लिए चर्चा के बिंदु हैं।

## सुडोकू 6389


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6389



**बायें से दायें:-**

१. वह स्त्री जिसने हाल ही में किसी बच्चो कैो जन्म दिया हो
४. कर्ण
६ मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को पूरे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करना
१७. धवनि, आवाज
२०. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. ऊंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. बिसारना
१४. बर्दाश्त करना
१५. पकना, मेच्योर्ड
१६. वह जगह जहां खेतों से काटकर फसल रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6388



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## दुनिया को जानें


## चीन में 'बुजुर्ग देखभाल व्यवस्था' है बेहद शानदार

**बीजिंग,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन... जगजीत सिंह के हृदयस्पर्शी सुरों से सजी इस गजल के यूं तो कई मायने हो सकते हैं, लेकिन वृद्धावस्था के संदर्भ में सुनने पर ये और मनमोहक लगती है। उम्र के सभी पड़ावों में से वृद्धावस्था भी एक है, फर्क सिर्फ इतना है कि ये जीवन का अंतिम पड़ाव है। दुनिया भर के तमाम देश वृद्धजनों का जीवन सुलभ बनाने के लिए आए दिन नई कोशिशें करते रहते हैं ताकि जीवन की सांझ सुकून भरी हो। वृद्धावस्था के मामले में चीन दूसरे देशों से ज़रा अलग है। चीन में वृद्धों का जीवन एकाकी तो है लेकिन एकांत नहीं, जीवन के रंगमंच पर अपने हिस्से का किरदार जी चुके लोग अपनी विदा से पहले जीवन के उत्सव को भरपूर तरीके से जीते हैं। चीन में वृद्धों के जीवन और इस उम्र की दुश्वारियां कमोबेश बाकी देशों जैसी ही हैं। लेकिन, सरकारी स्तर के प्रयास उनके जीवन को काफी हद तक सुलभ बना देते हैं। लेकिन, चीन में मोक्ष की अवधारणा भारत से अलग है। चीन के वृद्ध जीवन के अंतिम पड़ाव को उत्सव की तरह जीते हैं।

# खेल जगत

## विश्व कप के दौरान बाहर बैठना बुरा लगा : ईशान

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार अर्धशतक बनाने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन वर्ल्ड कप 2023 के दौरान प्लेइंग-11 से बाहर होने पर थोड़ा बुरा महसूस करने के बाद वह अपने अवसरों का ज्याद से ज्यादा लाभ उठा रहे हैं। एक बार जब शुभमन गिल डेंगू से उबर गए, तो ईशान किशन को विश्व कप के दो मैच खेलने के बाद प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया गया। टूर्नामेंट में भारत का दमदार प्रदर्शन रहा लेकिन फाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली। विशाखापत्तनम में टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में 39 गेंदों में 58 रन बनाने के बाद, किशन ने तिरुवनंतपुरम में दूसरे मैच में 32 गेंदों में 52 रन बनाए। मैच खत्म होने के बाद ईशान ने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि यह सब भूख है। विश्व कप में हम एक चैंपियन टीम की तरह खेले और मैं चूक गया। मुझे थोड़ा बुरा लग रहा था, लेकिन आप इसमें कुछ नहीं कर सकते।



# भारत ने दूसरी टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 44 रनों से हराया



## सभी खिलाड़ी काफी अच्छा खेल रहे है : सूर्यकुमार

तिरुवंनतपुरम। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के अच्छा खेलने से कप्तान के रूप में मेरे ऊपर दबाव नहीं बनने दे रहे है। सूर्यकुमार यादव ने कल टी-20 श्रृंखला का दूसरा मुकाबला जीतने के बाद कहा, सभी खिलाड़ी काफी अच्छा कर रहे हैं। साथ ही वह मेरे ऊपर एक कप्तान के तौर पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दे रहे हैं। मैंने पहले ही अपने खिलाड़ियों से कह दिया था कि पहले बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहें और उसी हिसाब से तैयार करें। पिछले मैच में भी हमने रिंकू सिंह को देखा था और इस मैच में भी उन्होंने काफी अच्छा खेला। रिंकू सिंह ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं काफ़ी समय से इस पोजि़शन पर खेल रहा हूं। मैं पूरा प्रयास करता हूं कि स्वयं को शांत रखूं। मैं ज्यादा कुछ नहीं सोचता, बसी यही चाहता हूं कि जैसा गेंद आए, वैसा शॉट खेला जाए। हमारे ड्रेसिंग रूम का माहौल काफ़ी अच्छा है। मुझे फ़िनिश करने का काम दिया गया है और मैं अपने दिमाग में भी वही रखता हूं। मैं अभ्यास भी उसी तरह से करता हूं कि मुझे अंतिम के पांच-छह ओवर में बल्लेबाज़ी करने को मिलेगा।

**तिरुवनंतपुरम** 26 नवम्बर (एजेंसियां) भारतीय खिलाड़ियों ने बल्ले के बाद गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 मुकाबले में आज 44 रनों से हरा दिया। भारत की ओर से जायसवाल,गायकवाड़ और किशन ने अर्धशतकी पारी खेल कर बड़ा स्कोर खड़ा किया। वहीं रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को कमर तोड़ दी। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही है और तीसरे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट 19 का विकेट खो दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में बिश्नोई ने जोश इंग्लिस दो रन को पवेलियन भेज दिया। अक्षर पटेल ने छठें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल 12 रन को जयसवाल के हाथों कैच आउट कराया। मार्कस स्टॉयनिस 45 रन और टिम डेविड 37 रन ने अच्छी साझेदारी करते हुए कुछ बेहतरीन शॉट लगाये। मार्कस स्टॉयनिस को मुकेश ने अक्षर के हाथों कैच आउट कराया। वहीं टिम डेविड, बिश्नाई की गेंद पर गायकवाड़ के हाथों लपके गये। शॉन ऐबट एक रन और नेथन एलिस एक रन को पी कृष्णा ने बोल्ड आउट कर ऑस्ट्रेलिया की कमर तोड़ दी। 17वें ओवर में अर्शदीप ने जम्पा को एक रन बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट गिरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड 23 गेंदों में 42 रन बनाकर तथा तनवीर संघा दो रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा के तीन-तीन विकेट लिये। वहीं अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 53 रन, ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन और उसके बाद इशान किशन 52 रनों के अर्धशतकों तथा रिंकू के नौ गेंदों में 31 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में दूसरे मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में 77 रन जोड़ कर टीम को जोरदार शुरुआत दी। एलिस ने जम्पा के हाथों कैच कराकर यशस्वी जायसवाल 53 रन को पवेलियन भेज कर भारत को पहला झटका दिया। जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 53रन बनाये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए 32 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन ठोक डाले। उन्हें स्टॉयनिस ने एलिस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्कों की मदद से 10 गेंदों में 19 रन बनाये। उन्हें एलिस की गेंद पर स्टॉयनिस ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन पर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। रिंकू सिंह नौ गेदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। तिलक वर्मा सात रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने टी-20 मुकाबले के निर्धारित 20 रनों में 235 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया है।

# भारत का बेस्ट फिनिशर बनने के लिए तैयार हैं रिंकू सिंह



**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में रिंकू सिंह धूम मचा रहे हैं। पहले मैच में 14 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाकर भारत की सफल जीत के आखिरी क्षणों में अहम भूमिका निभाने के बाद, रिंकू सिंह एक बार फिर नौ गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने में सफल रहे। इसमें 19वें ओवर में सीन एबॉट पर लगाए गए तीन चौके और दो छक्के शामिल हैं।

आईपीएल 2023 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से लाइमलाइट में आने वाले रिंकू सिंह आज टीम इंडिया के बेस्ट फिनिशर बन चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरज में वो अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीत रहे हैं। सीरीज के पहले मैच में चेज करते हुए उन्होंने अंतिम ओवरों में टीम की जीत पक्की की। फिर, दूसरे मैच में अंतिम ओवरों में तूफानी पारी खेलकर टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचटा दिया।

उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि भारत को 235/4 का स्कोर मिले, जो रविवार रात ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया पर 44 रन से जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था। रिंकू ने फिनिशर के रूप में अपनी सफलता का श्रेय शांति और अपने बल्लेबाजी स्थान के प्रति सचेत रहने को दिया।

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस नंबर पर काफी बल्लेबाजी करता हूं। इसलिए, मैं इस स्थिति को जानकर निश्चिंत हूं। मैं प्रत्येक गेंद को उस स्थान के अनुसार खेलना पसंद करता हूं जहां वह गिरती है। मैं यह देखने की कोशिश करता हूं कि यह धीमी गेंद है या तेज और मैं उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देता हूं।

रिंकू ने यह भी बताया कि वह मैचों के दौरान फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए कैसे तैयारी करते हैं।

रिंकू ने कहा, मुझे पता है कि मुझे खेल ख़त्म करने के लिए कभी-कभी 5-6 ओवर या शायद कभी-कभी 2 ओवर मिलेंगे। मैं बिल्कुल इसी तरह अभ्यास करता हूं जैसे कि मैं अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं। वीवीएस सर ने भी मुझे नेट्स में खेलने के लिए यही कहा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 के लिए भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रिंकू की फिनिशिंग क्षमताओं की प्रशंसा की।

सूर्यकुमार ने यह भी संकेत दिया कि रिंकू की फिनिशिंग क्षमताएं उन्हें किसी खास खिलाड़ी की याद दिलाती हैं जो भारत के लिए ऐसा ही करते थे। लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं करने का फैसला किया।

हालांकि, हर कोई जानता है कि भारत के लिए यह किसने किया है और सूर्या एमएस धोनी की बात कर रहे थे। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

# बंगलादेश की बदली हुई टीम न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मुकाबले को बनाएगी रोमांचक : हथुरुसिंघा



> इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे: हथुरुसिंघा

**सिलहट,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में युवाओं के समायोजन वाली बदली हुई टीम मुकाबले को रोमांचक बनायेगी।

बंगलादेश के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला युवाओं के लिए एक रोमांचक अवसर है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद न्यूजीलैंड के साथ घरेलू मैदान पर होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम प्रारूप में बदलाव करेगा।

इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे। इसके अलावा सीनियर ओपनर तमीम इकबाल भी दावेदारी से बाहर हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार हाथुरुसिंघा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि इतना अनुभव खोना बंगलादेश के लिए एक बड़ा झटका है।

उन्होंने कहा, किसी भी टीम से विशेषकर बंगलादेश के लिए इतना अनुभव खोना चुनौतीपूर्ण है। वे लोग 15 साल से अधिक समय से हर प्रारूप में टीम का हिस्सा रहे हैं इनमें से कुछ दस साल से टीम में है।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब केवल यह है कि बंगलादेश की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए अवसर खुल गए हैं। हथुरुसिंघा ने कहा, हालांकि यह आगे देखने वाली बात है कि युवा क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव का भी समय है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हमें कुछ ऐसे खिलाड़ियों से आगे बढ़ने की ज़रूरत है जो लंबे समय से खेल रहे हैं। वे हमेशा वहां नहीं रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा, चुनौती यह है कि इन लोगों ने अभी तक पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए आगे बढ़ने के लिए हमारी योजना इससे थोड़ी बेहतर होनी चाहिए और गेंदबाजी और बल्लेबाजी में हर स्थिति के लिए खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल उपलब्ध कराना होगा।

बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मंगलवार से सिलहट में खेला जायेगा।

# हम जू. महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजो के साथ पदक जीतने को बेताब : सुनीलिता टोपो



■ हम दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ओडिशा की 16 बरस की तेज तर्रार स् ट्राइकर सुनीलिता टोपो बुधवार से सांतियागो (चिली) में शुरु हो रहे एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में फुलबैक प्रीति की अगुआई में शिरकत करने जा रही भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। सुनीलिता भारत की ओर से दुनिया के सबसे बड़े मंच पर खेल कर अपने कौशल को दिखाने के लिए बेहद रोमांचित हैं। सुनीलिता टोपो भी ओडिशा की उसे हॉकी उर्वर अंचल सुंदरगढ़ से आती हैं जिसने भारत को हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष चार ओलंपिक में भारत की नुमाइंदगी कर चुके फुलबैक दिलीप टिर्की जैसे बेहतरीन फुलबैक और नमिता टोपो, दीप ग्रेस एक्का जैसी बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी दी हैं।

सुनीलिता ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए इसी साल जूनियर महिला एशिया कप में खेल कर आगाज किया। मात्र केवल 16 बरस की होने के बावजूद 2023 में सुनीलिता के शानदार खेल के कारण उन्हे भारतीय सीनियर महिला हॉकी शिविर के लिए भी बुलावा आया। सुनीलिता बताती हैं, % मैं एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व के लिए भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा बन फख्र महसूस कर रही हूं। मेरे यह जूनियर महिला हॉकी विश्व कप बड़े मंच पर अपने देश की नुमाइंदगी का मौका है। हमारी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में कई ऐसी बेहतरीन खिलाड़ी हैं,जिन्होंने बीते एक बरस में देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमें देश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट में खेल कर बेशकीमती अनुभव मिला। हमें पूरा भरोसा है कि इस अनुभव के साथ हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन कर पाएंगी। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब हैं। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजों के साथ पदक जीतने को बेताब हैं।'

सुनीलिता ने साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में हॉकी खेलने शुरू की, जहां की लड़कियों के वहीं रहकर हॉकी सहित कई खेलों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। 2018 में सुनीलिता को हॉकी खेलते हुए कंधे में चोट लग गई लेकिन तब सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद को आगे आया और उन्हें बताया कि चोट से कैसे बचा जा सकता है। ओडिशा की गुजरात 2022 के राष्ट्रीय खेलों में हॉकी में बढिया प्रदर्शन के बाद सुनीलिताा का राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए चयन हुआ।

सुनीलिता टोपो बताती हैं। %जब मैने अपने गांव के उत्सव में जब पहली बार महिलाओं को हॉकी खेलते देखा तभी उसे हॉकी की बाबत मालूम पड़ा। मैंने तब अपने पिता को हॉकी खेलने की इच्छा की बाबत बताया। मेरे पिता ने तब उन्होंने मेरा परिचय मेरे गांव के करीब के एक कोच से कराया। जब मैंने पहले पहल हॉकी खेलना शुरू किया तब मेरे पास हॉकी खेलने के लिए ढंग की हॉकी स्टिक नहीं थी। तब मुझे बांस से बनी हॉकी से हॉकी खेलनी पड़ी। तब हॉकी खेलने के मेरे जुनून को जानकर मेरे करीब के रिश्तेदार मेरी मदद को आए और हॉकी खेलने के लिए हॉकी स्टिक जैसा जरूरी सामान मुहैया कराया। '

## सार संक्षेप

### इटली ने 47 साल बाद जीता डेविस कप खिताब

**मलागा।** यानिक सिनर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इटली ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 223 का खिताब जीत लिया। स्पेन के मलागा में रविवार को टेनिस में दुनिया की चौथी वरीयता प्राप्त सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6- से हराकर इटली की 2- से जीत सुनिश्चत की। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल मुकाबले में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1- की बढ़त दिलाई थी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में पराजित किया था। डेविस कप को टेनिस का विश्वकप कहा जाता है।

### बीबीएल सीजन 13 में वापसी करेंगे स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर सिडनी सिक्सर्स की मैजेंटा जर्सी पहनकर बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपनी वापसी का खुलासा किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में 8 दिसंबर को बीबीएल सीजन 13 का पहला मैच होगा, जहां सिडनी सिक्सर्स का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से स्मिथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ वापस आना बहुत अच्छा है और वह आगामी सीज़न में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा, सिक्सर्स शर्ट में वापस आना बहुत अच्छा है। मेरे पास सिक्सर्स के लिए खेलने की कुछ बहुत अच्छी यादें हैं। इसलिए मैं फिर से वहां जाने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि, बीबीएल 13 में स्मिथ की उपस्थिति की संख्या अनिश्चित बनी हुई है। रेनेगेड्स के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित है। बहुप्रतीक्षित खेल में स्मिथ अपने विश्व कप विजेता टीम के साथी एडम ज़म्पा से भिड़ सकते हैं, जो हाल ही में स्टार्स से रेनेगेड्स में स्थानांतरित हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में होने वाले आगामी टी2 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए स्मिथ ने हाल ही में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई है, जो कि टी2 में ऑस्ट्रेलिया के लिए इस स्थिति की गारंटी देने की उनकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक सोचा-समझा कदम है।

# मुंबई ने ट्रेड विंडो के जरिए हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया



**मुंबई,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद अपनी पहली फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापस जाने के लिए तैयार हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और उनके अभियान का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीज़न में हार्दिक ने एक शानदार शुरुआत की, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। जबकि, वे दूसरे सीजन में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर खिताब से चूक गए और उपविजेता रहे। एक अन्य ट्रेड में मुंबई इंडियंस ने कैमरन ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों ट्रेड कर दिया है। मुंबई इंडियंस ने पिछली आईपीएल नीलामी के दौरान 17.50 करोड़ रुपये बोली लगाकर कैमरन ग्रीन को खरीदा था। अब मुंबई ने हार्दिक को अपने साथ जोड़ने के लिए यह बड़ा फेरबदल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आईपीएल में शानदार शुरुआत की। ग्रीन ने एक नाबाद शतक और दो अर्धशतक लगाए जबकि छह विकेट भी लिए। दोनों ट्रेड मौजूदा खिलाड़ी की फीस के अनुसार किए गए हैं।

## गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को बनाया टीम का नया कप्तान



नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 224 के लिए टीम का नया कप्तान बनाया है। गुजरात फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार शुभमन गिल आईपीएल के अगले सत्र के लिए टीम के कप्तान होंगे। गिल पहली बार आईपीएल में किसी टीम का नेतृत्व करेंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की कप्तानी मिलने पर कहा, मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास दो असाधारण सीज़न हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार को गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में चले गए थे। मुंबई ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी ट्रेड करते हुए 15 करोड़ में हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया था।

# अक्षर व बिश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रसिद्ध

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे।

प्रसिद्ध ने कहा, हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा। पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# रियल एस्टेट शेयर करीब 15 साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मजबूत बिक्री और आरबीआई की दरों में बढ़ोतरी पर रोक के बाद रियल्टी इंडेक्स मार्च 2019 के निचले स्तर से 89 फीसदी ऊपर है। जेफ़रीज़ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि सेक्टर वैल्यूएशन (पीबीएक्स) अब 2021 के पीक के करीब है, जिससे रीरेटिंग हेडरूम, विदेशी ब्रोकरेज कम हो गया है। ग्राहक प्रतिक्रिया का मतलब है कि पूर्व-बिक्री अनुमानों में अपग्रेड अभी भी संभव है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि लगभग 15 साल के उच्चतम स्तर पर प्रोपर्टी शेयरों में गड़बड़ी की गुंजाइश कम है। इसमें कहा गया है कि मार्च 2023 में आरबीआई की दर पर रोक के बाद सेक्टर का मूल्यांकन 2021 के चरम स्तर तक पहुंच गया। त्योहारी सीजन में उछाल के कारण अक्टूबर 2023 में बिक्री शीर्ष-7 शहरों में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 50,000 से अधिक यूनिट के स्तर पर पहुंच गई है। इन्वेंट्री स्तर में अभी भी गिरावट आ रही है, और मूल्य निर्धारण मजबूत है।



दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन ने हमारे 10-सूचीबद्ध डेवलपर नमूने की बिक्री को 1एच में प्लस 35 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। नवंबर 2023 में मजबूत लॉन्च के साथ, हमारा मानना है कि रिकॉर्ड तीसरी तिमाही की संभावना है। अक्टूबर 2023 के लिए प्रोपेक्विटी के आंकड़ों के हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि रिकॉर्ड दूसरी तिमाही के बाद मजबूत तीसरी तिमाही की अच्छी शुरुआत हुई है। शीर्ष-7 शहरों में वॉल्यूम (बेचा गया क्षेत्र) के हिसाब से साल-दर-साल प्रीसेल प्लस 25 प्रतिशत है, 10 प्रतिशत सालाना मिश्रित मूल्य निर्धारण लाभ के साथ।

### गुरुग्राम में 70 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं संपति के दाम

गुरुग्राम में संपत्ति की कीमतों में अभूतपूर्व 70 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि जिला प्रशासन ने वर्ष 2024 के लिए नए कलेक्टर रेट प्रस्तावित किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित दरों पर लोगों से 7 दिसम्बर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। जिला प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रस्तावित नए कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। कलेक्टर रेट पर लोग अपनी आपत्तियां और सुझाव 7 दिसंबर तक दे सकेंगे। दावे और आपत्तियों की सुनवाई के बाद प्रशासन की ओर से कलेक्टर रेट सरकार को भेजे जाएंगे। जिला राजस्व अधिकारी पूनम बब्बर ने बताया कि दर्ज आपत्तियों पर आए सुझावों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसके लिए अलग-अलग समितियां काम करेंगी। सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए नई प्रस्तावित दरें और सुझाव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे। सरकार द्वारा नियुक्त समिति अपनी प्रक्रिया पूरी करेगी और प्रशासन को जानकारी भेजेगी।' प्रशासन के सुझाव के अनुसार, बादशाहपुर में कृषि और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 40 से 80 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। फर्रुखनगर में कृषि भूमि के लिए 87 प्रतिशत और वाणिज्यिक भूमि के लिए 35 प्रतिशत तक बढ़ी हुई कीमतें प्रस्तावित की गई हैं। वजीराबाद तहसील क्षेत्र में आवासीय और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 61 से 70 प्रतिशत तक बदलाव का प्रस्ताव किया गया है।

## अगस्त से भारत के मिडकैप शेयरों में पैसे नहीं डाल रहे हैं एफआईआई

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशियों के भारत के मिडकैप फंडों में निवेश 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में चरम पर था। एलारा सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पिछले दो महीनों से मिडकैप में कोई खास निवेश नहीं किया है।

सभी निवेश लार्ज कैप फंडों में जा रहे हैं। मिड और स्मॉलकैप निवेश सपाट हैं। हालांकि, घरेलू स्मॉल कैप निवेश के चलते मिड/स्मॉल कैप मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। मिडकैप फंडों के लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद, हमने देखा है कि एफआईआई उस क्षेत्र में निवेश नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, चूंकि प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, इसलिए हमें कोई आउटफ्लो दबाव भी नहीं दिख रहा है। भारत के कुल मार्केट कैप में निफ्टी के मार्केट कैप का अनुपात अक्टूबर 2020 से नीचे गिर रहा है और ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया है। ऐसी कम रीडिंग पहले जनवरी 2004, सितंबर 2007, नवंबर 2010 और जनवरी 2018 में देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर बार, निचले स्तर से इस अनुपात में विस्तार के साथ बाजार में सुधार हुआ। निचले स्तर से उलटफेर के चरण में, निफ्टी में सुधार पूरे बाजारों की तुलना में छोटा है। मौजूदा चक्र में, हमने इस अनुपात को सितंबर 2022 में निचले स्तर पर पहुंचते देखा (जहां हमने स्मॉल कैप सुधार का एक मजबूत दौर देखा)। हालांकि घरेलू छोटे निवेश में मजबूत पुनरुद्धार ने अप्रैल 2023 के बाद से अनुपात को फिर से नीचे खींच लिया। जैसे ही अनुपात अगस्त 2023 के निचले स्तर पर पहुंचा, हमने देखा कि भारत के मिडकैप फंडों में एफआईआई का प्रवाह रुक गया है। तब से, सभी एफआईआई तरलता लार्ज कैप में जा रही है।




## इंडिगो ने पूछताछ, टिकट बुकिंग के लिए जीपीटी-4 तकनीक के साथ एआई चैटबॉट पेश किया

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडिगो ने जीपीटी-4 तकनीक द्वारा संचालित एक एआई चैटबॉट, 6ईस्काई लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य 10 अलग-अलग भाषाओं में यात्रियों के प्रश्नों के जवाब देना और संपूर्ण नेटवर्क पर देश भर में टिकट बुकिंग के लिए अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म पेश करना है।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के निकट सहयोग से इंडिगो की डिजिटल टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित, एआई चैटबॉट एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के साथ, इंडिगो यात्रियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करने वाली क्षेत्र की पहली कुछ एयरलाइनों में से एक बन गई है। प्रवक्ता ने कहा, 'सॉफ्ट लॉन्च के शुरुआती नतीजों से ग्राहक सेवा एजेंट के कार्यभार में उल्लेखनीय 75 प्रतिशत की कमी का संकेत मिलता है, जो बॉट की दक्षता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।' प्रवक्ता ने कहा, एआई बॉट प्रभावशाली 1.7 लाख करोड़ मापदंडों का दावा करता है, जो इसे आम तौर पर पूछे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का आसानी से उत्तर देने की अनुमति देता है। इंडिगो के डेटा वैज्ञानिकों की टीम ने जेनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) पर गहन शोध किया है और व्यापक प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का उपयोग करके बॉट को प्रोग्राम किया है। यह मानव व्यवहार की नकल करता है, भावनाओं पर प्रतिक्रिया देता है और यहां तक कि बातचीत में हास्य शामिल कर अपने यात्रियों के लिए अधिक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव सुनिश्चित करता है।' प्रवक्ता ने आगे कहा कि 6 ईस्काई कई प्रकार के कार्य करने में सक्षम है, जिसमें टिकट बुक करना, प्रमोशनल छूट लागू करना, ऐडऑन बुक करना, वेब चेक-इन करना, सीट चयन में मदद करना, यात्रा की योजना बनाना, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देना और ग्राहकों को एक एजेंट के साथ जोड़ना शामिल है। इसके अलावा, बॉट न केवल लिखित या टाइप की गई भाषा को समझने में सक्षम है, बल्कि स्पीच-टू-टेक्स्ट मॉडल का उपयोग करके मौखिक निर्देशों को भी समझने में सक्षम है। इंडिगो के इफ्लाई विभाग और कस्टमर एक्सपीरियंस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुम्मी शर्मा ने कहा, 'ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हमारी चल रही प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में हम अपने एआई-संचालित चैट असिस्टेंट 6ईस्काई को पेश करते हुए रोमांचित हैं।' शर्मा ने कहा, 'यह अभिनव उपकरण हमारे यात्रियों को निर्बाध सहायता प्रदान करेगा, उनकी यात्रा आवश्यकताओं के लिए त्वरित और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेगा, जो तकनीकी प्रगति और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के प्रति इंडिगो के समर्पण को दर्शाता है।'




### सार संक्षेप

### टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस ने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी की शुरू

**सैन फ्रांसिस्को।** टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस ने अपने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू कर दी है, जिसके चलते 'नुवर्स' कर्मचारियों के बीच हलचलें तेज हो गई हैं। टेकक्रंच के अनुसार, दो साल के सुस्त प्रदर्शन के बाद नुवर्स नामक गेमिंग डिपार्टमेंट अपने परिचालन को काफी हद तक कम कर रहा है। बाइटडांस के प्रवक्ता ने टेकक्रंच को बताया, 'हम नियमित रूप से बिजनेस रिव्यू करते हैं और लॉन्ग-टर्म स्ट्रैटेजी ग्रोथ एरिया पर फोकस करते हैं। हालिया रिव्यू के बाद, हमने अपने गेमिंग बिजनेस को पुनर्गठित करने का मुश्किल फैसला लिया है।' 221 में नुवर्स में लगभग 3, लोग थे और पिछले कुछ सालों में कर्मचारी संख्या उसी स्तर पर बनी हुई है। बाइटडांस ने 4 बिलियन डॉलर के डील में शंघाई-गेमिंग स्टूडियो मूनटन टेक्नोलॉजी का अधिग्रहण किया। यह जुलाई 216 में रिलीज हुए मोबाइल मल्टीप्लेयर ऑनलाइन बैटल एरेना (एमओबीए) गेम मोबाइल लीजेंड्स, बैंग बैंग के लिए जाना जाता है। ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई कि बाइटडांस मूनटन को बेचने के विकल्प तलाश रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, बाइटडांस डेवलपमेंट के तहत गेमिंग प्रोजेक्ट्स को बंद कर देगा और संभावित रूप से नुवर्स में मौजूदा गेमिंग टाइटल बेच देगा। नुवर्स का सबसे अच्छा गेम ऑनलाइन कार्ड गेम 'मार्वल स्नैप' है, जिसे यूएस स्टूडियो सेकेंड डिनर द्वारा विकसित किया गया है। अन्य टाइटल 'वन पीसः द वॉयज' और 'क्रिस्टल ऑफ एटलैंड' हैं।

### अनिल गोयल के जाने के बाद बायजू ने जिनी थाटिल को सीटीओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** एडटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजू ने अनिल गोयल के कंपनी छोड़ने के बाद सोमवार को जिनी थाटिल को अपना मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त करने की घोषणा की। गोयल तीन साल बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी ने कहा, थाटिल, जो इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, उनके पास इंजीनियरिंग टीमों के निर्माण और विस्तार, व्यवसाय और ग्राहक परिणाम देने और कई उत्पाद लाइनों तथा प्लेटफार्मों में नवाचार लाने का व्यापक अनुभव है। बायजू के भारत सीईओ अर्जुन मोहन ने एक बयान में कहा, 'हमें जिनी थाटिल को बायजू के सीटीओ के रूप में पदोन्नत करते हुए खुशी हो रही है। उनका व्यापक अनुभव और नेतृत्व कौशल उन्हें इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाता है क्योंकि हम अधिक दक्षता और स्थिरता के लिए पुनर्निर्माण जारी रखते हैं।' कंपनी के अनुसार, यह परिवर्तन परिचालन दक्षता को और बढ़ाने के लिए बायजू के चल रहे रणनीतिक पुनर्गठन और अपनी नेतृत्व टीम के पुनर्संरचना का हिस्सा है। सॉफ्टवेयर उद्योग में 25 वर्षों से अधिक के करियर वाले थाटिल ने ई-कॉमर्स, विज्ञापन, एनालिटिक्स, भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, व्यक्तिगत वित्त, बिजनेस इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर और परिवहन सहित विविध डोमेन में नेतृत्व और गहरी समझ का प्रदर्शन किया है।

## पूर्वांचल के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए गीडा में खुलेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर

**गोरखपुर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इसी अंचल के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर यह सेंटर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) द्वारा खोला और संचालित किया जाएगा।

गीडा के स्थापना दिवस समारोह 30 नवंबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए एमओयू का आदान-प्रदान किया जाएगा। समारोह में प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के साथ भी समझौता करार का हस्तांतरण होगा।




गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा कौशल विकास प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र के युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसके दृष्टिगत नाइलिट के साथ एमओयू किया जा रहा है। इस एमओयू का आदान-प्रदान गीडा दिवस पर सीएम योगी के सामने किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9,280 वर्ग मीटर स्थान में निर्मित भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में नए सेक्टर जैसे इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी), आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशिन लर्निंग आदि के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि गीडा के स्थापना दिवस पर महत्वाकांक्षी प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट को और गति मिलेगी। प्लास्टिक पार्क में लगने वाली यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न होगा। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5,000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखंड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है। इस आवंटन में लगभग 165 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

## तीसरी तिमाही में सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर फर्म बनी एनवीडिया, इंटेल, सैमसंग, टीएसएमसी को पछाड़ा

**सैन फ्रांसिस्को,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया इस साल की तीसरी तिमाही में इंटेल, सैमसंग और ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) को पछाड़कर सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली सेमीकंडक्टर कंपनी बन गई है। ताइपे स्थित वित्तीय विश्लेषक डैन निस्टेड ने 2021 की पहली तिमाही के बाद से सभी तिमाहियों के लिए इंटेल, एनवीडिया, सैमसंग सेमीकंडक्टर और टीएसएमसी से वित्तीय परिणाम संकलित किए और आंकड़ों से पता चला कि एनवीडिया दुनिया की सबसे अधिक लाभदायक चिप कंपनी बनने के लिए अन्य सभी को पीछे छोड़ चुकी है।



निस्टेड्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एनवीडिया ने टीएसएमसी, इंटेल और सैमसंग को पछाड़ते हुए तीसरी तिमाही में चिप इंडस्ट्री के राजस्व का ताज अपने नाम कर लिया, क्योंकि जेनेरिक एआई प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है।' उन्होंने कहा, एनवीडिया 2023 में इंटेल और सैमसंग को पछाड़कर पूरे साल के चिप राजस्व में दूसरा स्थान हासिल कर सकता है, जबकि टीएसएमसी खिताब लेने की राह पर है।' यह खबर सबसे पहले सैममोबाइल द्वारा रिपोर्ट की गई। इस साल की तीसरी तिमाही में एनवीडिया का राजस्व 18.12 बिलियन डॉलर था, 10.42 बिलियन डॉलर के लाभ के साथ, 206 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि, डेटा केंद्रों के लिए एआई चिप्स के साथ अधिकांश लाभ हुआ। इसकी तुलना में, दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी ने 17.28 अरब डॉलर का राजस्व और 7.21 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया। 2023 की तीसरी तिमाही में इंटेल का राजस्व 14.16 बिलियन डॉलर था, लेकिन उसे 8 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। सैमसंग सेमीकंडक्टर, सैमसंग की चिप डिजाइनिंग और विनिर्माण शाखा का राजस्व 12.52 बिलियन डॉलर था लेकिन घाटा 2.86 बिलियन डॉलर था।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3767 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 50.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## सैमसंग ने नए व्यावसायिक अवसर तलाशने के लिए नई यूनिट का किया अनावरण

**सोल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मेमोरी चिप्स और स्मार्टफोन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अपने टॉप-लेवल के अधिकारियों के वार्षिक फेरबदल के हिस्से के रूप में नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए एक यूनिट की स्थापना की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'फ्यूचर बिजनेस प्लानिंग डिवीजन' नामक यूनिट का नेतृत्व लंबे समय से सैमसंग के कार्यकारी जून यंग-ह्यून करेंगे, जो वर्तमान में सैमसंग समूह की डिस्प्ले यूनिट सैमसंग एसडीआई कंपनी के उपाध्यक्ष हैं।

वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने अपने पद बरकरार रखे, जो कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम था, चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद। चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद, वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम में अपने पदों को बरकरार रखा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बयान में कहा, यह यूनिट को उसके मौजूदा परिचालन से परे नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए बनाया गया। फेरबदल के तहत दो उपाध्यक्षों को भी पदोन्नत किया गया। योंग सेओक-वू, जिन्होंने कंपनी के डिस्प्ले डिवीजन में विभिन्न पदों पर काम किया है, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह डिस्प्ले डिवीजन के प्रभारी होंगे।




किम वोन-क्योंग, जो 2012 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में शामिल हुए थे, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह वैश्विक सार्वजनिक मामलों पर कंपनी के प्रभाग का नेतृत्व करेंगे। सैमसंग के लेटेस्ट फेरबदल का दायरा पिछले फेरबदल की तुलना में छोटा था। पिछले साल, कुल सात अधिकारियों को अध्यक्ष पद पर पदोन्नत किया गया था, जिसमें कंपनी की पहली महिला अध्यक्ष ली यंग-ही भी शामिल थीं। इस फेरबदल को एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है कि सैमसंग टॉप लेवल के कार्यकारी पदों के लिए अधिक युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए आगे बढ़ रहा है, जिसमें योंग 1970 के दशक में पैदा हुए पहले कंपनी अध्यक्ष बने हैं। यह फेरबदल ऐसे समय में हुआ है, जब लंबे समय से चली आ रही वैश्विक आर्थिक मंदी और संघर्षरत सेमीकंडक्टर उद्योग ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तिमाही प्रदर्शन पर संकट के बादल मंडरा दिए हैं। इस साल की पहली और दूसरी तिमाही में, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने क्रमशः 640.2 बिलियन वॉन (491 मिलियन डॉलर) और 668.5 बिलियन वॉन का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो 2009 की पहली तिमाही के बाद से सबसे कम तिमाही आय है।

# सौतेले भाई का अपहरण, मारकर तालाब में फेंकी लाश

## जमीन विवाद में दोस्तों के साथ लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की हत्या, 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। जमीन विवाद में युवक ने अपने साथियों के साथ सौतेले भाई को अगवा कर लिया, फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर लाश को तालाब में फेंक दिया। सोमवार को गांव वालों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चितावर में रहने वाले चमरु बिंझवार की ग्राम गिरधौना में जमीन है। उसकी पहली पत्नी के बेटे गिरधौना में रहते हैं। बेटा संतोष जमीन बंटवारे के लिए आए दिन विवाद करता था। इसके कारण चमरु अपनी दूसरी पत्नी और तीन बच्चों को लेकर चितावर में रहने लगा।

चमरु ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनका मंझला बेटा कार्तिक सामान खरीदने के लिए गिरधौना गया था। इसके बाद देर रात तक वह गांव नहीं लौटा। इस पर वे गांव में पूछताछ करने लगे। इसी दौरान गांव के बीरू जायसवाल ने बताया कि कुछ लोग कार्तिक से मारपीट कर अपनी बाइक में बिठाकर ले गए हैं। इस पर चमरु अपने छोटे बेटे चुरावन को लेकर कार्तिक को खोजने निकले। गांव के लोगों ने बताया कि उनके सौतेले बेटे संतोष, तीजराम और अन्य लोगों ने कार्तिक से मारपीट की है। उन्होंने हत्या की आशंका व्यक्त की। इस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।





सोमवार की सुबह गांव के तालाब में युवक की लाश मिल गई है। अब पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है।

### मंझला बेटा से मारपीट की गई

चमरु ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनका मंझला बेटा कार्तिक सामान खरीदने के लिए गिरधौना जाने के लिए निकल रहा था, तभी संतोष उसके घर आया। इस दौरान उसके साथ अन्य लोग भी थे, जिन्होंने कार्तिक से मारपीट की और उसे पकड़ कर अपने साथ ले गए ।

### चितावर गांव में मिली बाइक और घड़ी

चमरु के मुताबिक देर रात तक कार्तिक गांव नहीं लौटा। इस पर वे गांव में पूछताछ करने लगे। इसी दौरान गांव के बीरू जायसवाल ने बताया कि कुछ लोग कार्तिक से मारपीट कर अपनी बाइक पर बैठाकर ले गए हैं।

इस पर चमरु अपने छोटे बेटे चुरावन को लेकर कार्तिक को खोजने निकला। चितावर गांव में लोगों ने बताया कि उसकी बाइक और घड़ी मिली।

### तालाब में मिला शव, तब हरकत में आई पुलिस

गांव के लोगों ने बताया कि उनके सौतेले बेटे संतोष, तीजराम और अन्य लोगों ने कार्तिक से मारपीट की थी। उन्होंने हत्या की आशंका भी जताई। इधर सोमवार की सुबह कार्तिक की लाश तालाब में मिली, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने संतोष बिंझवार, तीजराम बिंझवार, शिव प्रसाद और ओम प्रकाश बिंझवार को गिरफ्तार की है।

# लिंक एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी

### विशाखापट्टनम से लौटते समय रायपुर में हुई वारदात

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। विशाखापट्टनम से कोरबा जा रही लिंक एक्सप्रेस के एसी कोच में एक महिला यात्री चोरी का चोरों ने पर्स गायब कर दिया। इसमें सोने की चेन, मोबाइल, आईपैड समेत महत्वपूर्ण रिकार्ड रखे हुए थे। महिला की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना रायपुर स्टेशन की बताई जा रही है।




दरअसल, तोरवा स्थित साई भूमि निवासी एस.धन. लक्ष्मी अपने परिवार के साथ विजयानगरम गई थी। शनिवार को वापस आने के लिए उन्होंने लिंक एक्सप्रेस में ही विजयानगरम से बिलासपुर तक रिजर्वेशन कराया था। वह एसी कोच के बी-6की बर्थ नंबर 49 और 50 में यात्रा कर रहीं थीं।

जब ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, तब वह नींद में थी। ट्रेन के रवाना होने के बाद उनकी नींद खुली तो पर्स गायब मिला।

### पर्स में रखे थे गहने, मोबाइल और आईपैड

पर्स गायब होने पर महिला यात्री और परिजन परेशान हो गए। पहले तो उन्हें लगा कि पर्स बर्थ के नीचे गिर गया होगा। पूरे कोच को खंगाला लेकिन, पर्स नहीं मिला। महिला ने रविवार को बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद जीआरपी को घटना की जानकारी दी। उनकी शिकायत पर जीआरपी ने शून्य पर केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामला रायपुर का है तो रायपुर जीआरपी ही केस की जांच करेगी।

### बिलासपुर जीआरपी में दर्ज की शिकायत

इस दौरान महिला यात्री और परिजनों ने इस घटना की जानकारी ट्रेन के टीटीई को दी। ट्रेन रायपुर से रवाना हो गई थी। लिहाजा, टीटीई ने उन्हें सलाह दी कि बिलासपुर स्टेशन पहुंचकर वहां शिकायत दर्ज करा दीजिए। जीआरपी इसकी जांच करेगी।

## सार-संक्षेप

### संतों का कार्य समाज और सनातन धर्म के लिए- स्वरूपादास महराज



**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में 18 जून से प्रारंभ हवनात्मक महायज्ञ की साधु संतों के सानिध्य में 40 लाख आहुतियों के साथ 27 नवंबर को पूर्णाहुति हुई। पीतांबरा पीठ के आचार्य डॉ दिनेश महराज ने बताया कि 161 दिनों तक चले इस हवनात्मक महायज्ञ का उद्देश्य सनातन धर्म का विस्तार, धर्म के प्रति विश्वास, अखंड भारत और विश्व कल्याण की कामना को पूर्ण करना था। अखिल भारतीय धर्म समाज के प्रमुख डॉ दिनेश महराज ने बताया कि परमगुरु शारदानंद सरस्वती की स्मृति में प्रारंभ महायज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत उनकी पुण्यतिथि पर संतों के समागम के साथ कन्या पूजन और भंडारा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पधारे महामंडलेश्वर स्वरूपादास महराज ने कहा कि संतों का कार्य समाज और सनातन धर्म के बचाव के लिए होता है। 500 वर्षों से सनातन की स्थापना का संघर्ष परिणाम अब राम जन्मभूमि के रूप में पूर्ण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष को विजय उत्सव के रूप में मनाने अयोध्या में महा बैठक का आयोजन किया गया। इस विजय उत्सव में सभी की सहभागिता बने इसकी तैयारी पर चर्चा की गई।

### बैलेट मतपत्रों के रखरखाव में लापराही को लेकर भाजपा का ज्ञापन



**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। आज भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर के भाजपा प्रत्याशियों एवम चुनाव संचालकों ने 2023 विधानसभा चुनाव में बैलेट मतपत्रों द्वारा हुए मतदान की मतपेटियों को असुरक्षित ढंग से जिला मुख्यालय के ट्रेजरी में संधारित किए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आपत्ति जाहिर करते हुए ज्ञापन सौंपा भाजपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पूरे छत्तीसगढ़ से इस तरह की शिकायतें मिल रही है ट्रेजरी जहां मतपत्रों को रखा गया है अनाधिकृत व्यक्तियों की आवा जाहि अत्यधिक हैं जिस कारण मतपत्रों में हेराफेरी की आशंका उत्पन्न हो रही है चुनाव कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सत्तापक्ष के प्रति संलिप्तता की शिकायतें मिली है अतः इस आशय से इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य सरकार के इशारों में नतीजों को प्रभावित करने के ध्येय से मतपत्रों से छेड़ छाड़ किया जा सकता है ज्ञापन देने आए पदाधिकारियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से अपनी बात रखते हुए कहा कि इन मतपेटियों को बकायदा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ सी सी टी वी कैमरा की निगरानी में स्ट्रॉग रूम में संधारित किया जावे। ज्ञापन सौंपने आए भाजपा नेताओं ने जिला निर्वाचन आयोग पर 80 वर्ष से अधिक एवम दिव्यांग मतदाताओं तथा चुनाव ड्यूटी में कार्यरत नगर सेना व कोटवारों को डाक मतपत्र उपलब्ध नहीं कराने के भी आरोप लगाए। जिला भाजपा नेताओं ने निर्वाचन आयोग को शिकायत की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर लोरमी से भाजपा प्रत्याशी धरम जीत सिंह मस्तूरी विधायक डा कृष्णमूर्ति बांधी बेलतरा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला जिला महामंत्री मोहित जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया रमेश लालवानी तिलक साहू यादुराम साहू प्रदीप कौशिक रामू साहू नरेंद्र शर्मा बी पी सिंह दीपक सिंह अनिल झा नरेंद्र गोस्वामी राजेंद्र अग्रहरि उपस्थित थे।

■ **उम्रदराज, दिव्यांगो व चुनाव कमियों को डाक मतपत्र उपलध नहीं कराने के भी लगाए आरोप**

# डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



### 105 लीटर डीजल बरामद

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। प्रार्थी राजेश कुमार केवट पिता स्व. धनऊराम केवट उम्र 40 साल साकिन मोहदा थाना हिर्री के द्वारा 31मई को ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीएम 3635 में अंतु पेट्रोल पंप से अपनी गाड़ी ट्रेलर में 347 लीटर डीजल भरवाकर दिपका गया था दिपका माल लोडिंग कर रात में सौरभ पेट्रोल पंप के पास गाड़ी खड़ा कर सो गया टंकी से करीबन 250 लीटर डीजल चोरी कर ले गये थे।

जिस पर अपराध कमांक 156/2023 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था विवेचना दौरान चोरी गये डीजल एवं अज्ञात आरोपी का लगातार पतासाजी किया जा रहा था। दिनांक 27.11.2023 को देहात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि कोपरा बांध के पास दो व्यक्ति खड़े हैं आने जाने वाले वाहनों को डीजल बिक्री करने हेतु पूछ रहे है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय चकरभाठा कृष्ण कुमार पटेल को अवगत कराकर उनके मार्ग दर्शन पर थाना प्रभारी हिर्री द्वारा थाना स्टॉफ के साथ कोपरा बांध के पास जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पूछने पर अपना-अपना नाम विरेन्द्र कुमार पटेल तथा परमेश्वर पटेल बताये जिन्हें थाना लाकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये आरोपियों का समक्ष गवाहान के मेमोरण्डम लिया गया जो दिनांक घटना को ट्रेलर कमांक सीजी 07 सीएम 3635 में से 250 लीटर डीजल चोरी करना बताये कुछ डीजल को आने जाने वाले अजनबी व्यक्तियों के पास बिक्री करना बताये तथा शेष डीजल जिसमें 35 लीटर वाला तीन डिब्बा में भरा हुआ दोनों आरोपियों के कब्जे से जुमला 105 लीटर डीजल कीमती 12250/-रूपये का समक्ष गवाहान के मेमोरण्डम के आधार पर जप्त किया गया।

आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना बताये अनुसार परिजन को दिया गया। आरोपियों का न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल। थाना प्रभारी हिर्री निरीक्षक हरिश्चंद्र टांडेकार, एएसआई बी.आर.साहू एचसी 1024 बृजेश मिश्रा आर. उपेंद्र सिंह सुखदेव कश्यप जितेंद्र जगत एवं ,ष्टष्ट प्रभारी कृष्णा साहू का विशेष योगदान रहा

# सीईओ ऑफिस के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने आज कोनी स्थित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चेक लिस्ट के अनुरूप की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा यहां की गई तमाम व्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराया।



श्री अग्रवाल ने मुख्य रूप से यहां कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, प्रत्याशियों को सूचना और परिसर में उनके ठहरने का इंतजाम, सीसीटीवी, लॉग बुक, बाधारहित बिजली आपूर्ति, वीडियोग्राफी, आईडी कार्ड, मतगणना की कार्ययोजना, बैरिकेडिंग, वीवीपीएटी स्लीप गिनने का इंतजाम, उम्मीदवारों को मतगणना की सूचना,मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण, स्थल पर संचार व्यवस्था,मीडिया सेंटर, पोस्टल बैलेट की गणना सहित आदि प्रस्तावित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और निर्देश दिए। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर तखतपुर के रिटर्निंग अफसर सूरज साहू, पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिकी के एसडीओ ऋषि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डायल 112 के ड्राइवर ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। शादीशुदा महिला के साथ रेप करने वाले डायल 112 के ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ड्राइवर चोरी की शिकायत पर महिला के घर गया था, तभी उसने मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत शुरू की और महिला से दोस्ती कर लिया। उसे शादी करने का वादा कर दुष्कर्म किया। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।



दरअसल, सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली 27 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गृहणी है और उसके तीन बच्चे भी हैं। तीन साल पहले उसके घर में चोरी हुई थी। तब इस घटना की जानकारी पुलिस के डायल 112 को दी। उस समय पुलिस की गाड़ी चलाने वाला ड्राइवर सुभाष खटिक भी पहुंचा था। जांच के बहाने उसने मोबाइल नंबर ले लिया और फिर उससे बातचीत होने लगी। इसी दौरान उसने उससे दोस्ती हो गई।

### दो साल पहले शादी का वादा, फिर दुष्कर्म

महिला ने पुलिस को बताया कि बातचीत बढ़ने के बाद युवक ने प्यार का इजहार किया। जबकि उसने कहा था वो शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। तब भी युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा किया। दो साल पहले वह महिला के घर पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद से वह लगातार महिला का शारीरिक शोषण करता रहा।

### शादीशुदा महिला से नहीं करूंगा शादी

फिर बाद में महिला ने युवक पर शादी करने के लिए दबाव बनाया, तब वह मुकर गया। महिला ने कहा कि उसकी बातों में आकर वह अपने पति से तलाक ले ली है। वहीं, युवक ने कहा कि वह शादीशुदा महिला से शादी नहीं कर सकता। जिससे परेशान होकर महिला ने उसके खिलाफ थाने में केस दर्ज करा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकली प्रभात फेरी

**बिलासपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। धन धन श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई एवं अखण्ड जप्जी साहिब का समापन धन गुरूनानक दरबार डेरा संत बाबा थहिरिया सिंग साहब दरबार द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी आज सातवें दिन पंज प्यारों की अगुवाई में निकाली गयी जिसमें महिलाओं एवं बच्चियों ने पूरे रास्ते झाड़ू लगाकर एवं बच्चों ने पानी छींटकर सड़क की शुद्धि की। प्रभात फेरी में उल्लासनगर से आये गुरमुख छुगारिया जी (जेठालाल ग्रुप) एवं दिल्ली से आये जितेन्दर सिंह अरोरा ने भजन कीर्तन से संगत को निहाल किया। चकरभाठा के विनोद चावला ने भी गुरू के भजन गाये। प्रभात फेरी का जगह जगह पर आतिशबाजी से स्वागत किया गया। देवकीनन्दन चौक पर पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष धनराज आहूजा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात् पुराना होकर सरकण्डा पहुंची वहां पर सरकण्डा के पंचायत अध्यक्ष श्री महेश पमनानी एवं पदाधिकारियों ने भव्य रूप से स्वागत किया।

स्वागत के पश्चात् सभी जगहों पर दरबार के प्रमुख सेवादल मूलचंद नारवानी ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। प्रभात फेरी का मुख्य आकर्षण ऊँट, बगिया थी। बगियों में गुरु के सवारी भी निकाली गयी।

# आई सर्दी की रात, पूर्वी हवाओं के आने से वातावरण ठंडा

### पश्चिमी विक्षोभ के असर से छाए रहेंगे बादल

**बिलासपुर,** 27 नवंबर ( देशबन्धु)। पूर्वी हवाओं के आगमन से वातावरण में नमी बढ़ने लगी है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रात में सर्दी बढ़ गई है। तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से अभी मौसम ऐसे ही बना रहेगा। आसमान में बादल मंडराएंगे।

रविवार को न्यायधानी में मौसम शुष्क बना रहा। आसमान में बादलों की उपस्थिति रही। पूर्वी हवाओं के आने से वातावरण ठंडा होने लगा है। रात में सर्दी अधिक महसूस हुई। जिसका परिणाम यह हुआ कि तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। दिन और रात में ठंडी सामान्य से एक डिग्री कम हो चुकी है। यही कारण है कि सुबह की धूप अच्छी लगने लगी है। शाम ढलते ही कंपकंपी महसूस हो रही है।



मौसम विशेषज्ञ सिराज खान का कहना है कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में प्रवेश कर चुका है। इसके प्रभाव से 27 और 28 को छत्तीसगढ़ में बादल छाए रह सकते हैं। इसी समय दक्षिण भारत में पूर्वी लहर का प्रभाव रहेगा। इसलिए दक्षिणी छत्तीसगढ व दक्षिणी विदर्भ में नमी के बने रहने से न्यूनतम तापमान में कुछ खास गिरावट दर्ज नहीं हो पाएगी। फिर एक दिसंबर से नमी में कमी आने के बाद न्यूनतम तापमान में कुछ गिरावट की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में 8 डिग्री गिरा तापमान

छत्तीसगढ़ में मौसम में बदलाव लगातार जारी है. मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक अभी ठंड के लिए और इंतजार करना होगा. लेकिन इस बार पिछले बार से ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक वातावरण में नमी बढ़ने के कारण कुछ जगह पर हलकी बारिश होने की संभावना है. इससे किसानों की टेंशन बढ़ गई है.

### आज हल्की वर्षा संभावित

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 27 नवंबर को प्रचुर मात्रा में, प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी आने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अनेक जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

**NECC**

| 28.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 523 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 538 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188